7



यह हफ्ता होगा फुल-ऑन...

www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत


11



मुख्यमंत्री करेंगे अंतर्राष्ट्रीय...

■ वर्ष 31 अंक 160 ■ जबलपुर सोमवार 01 दिसम्बर 2025 ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य रु. 3.00

### कुछ भारतीय अपनी भाषा भी नहीं जानते: भागवत



**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को भारतीय भाषाओं और मातृभाषाओं के घटते प्रयोग पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हालात यहां तक पहुंच गए हैं कि कुछ भारतीय लोग हमारी अपनी भाषाएं नहीं जानते हैं। नागपुर में एक पुस्तक विमोचन समारोह में बोलते हुए भागवत ने इस पर आत्मचिंतन करने की अपील की।

### खाड़ी देश भागने वाली थी डॉ. शाहीन



**फरीदाबाद।** दिल्ली ब्लास्ट के आतंकी मॉड्यूल में शामिल डॉ. शाहीन सईद ब्लास्ट के बाद खाड़ी देश में जाकर पाकिस्तानी हैंडलर से मिलने वाली थी। इसके लिए शाहीन नया पासपोर्ट बनवा रही थी। उसने दिल्ली ब्लास्ट से 7 दिन पहले पासपोर्ट वेरिफिकेशन कराया, लेकिन पुलिस पासपोर्ट से संबधित रिपोर्ट को जमा नहीं करा पाई, जिस कारण शाहीन को देश से निकलने का मौका नहीं मिला।

### नेशनल हेराल्ड केस में नई एफआईआर

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ नई एफआईआर दर्ज की है। इसमें उनके अलावा छह अन्य लोगों और तीन कंपनियों के नाम शामिल हैं। ये तीन कंपनियां हैं-एजीएल, डोटेक्स मर्चेंडाइज और यंग इंडियन। इन सभी पर एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड को धोखाधड़ी से हासिल करने का आरोप है।

### ट्रेन में आतंकी की सूचना, 35 मिनट रुकी रही

**दतिया।** हीराकुंड एक्सप्रेस के दतिया पहुंचने पर उस समय हडकंप मच गया जब उसमें आतंकवादी होने की सूचना पुलिस कंट्रोल रुम को मिली। जिसके बाद कोतवाली पुलिस दल बल सहित स्टेशन पहुंच गई। जहां ट्रेन में सवार उत्पाती तीन युवकों को पुलिस ने पकड़ लिया और अपने साथ पूछताछ को ले गई। इस पूरी जद्दोजहद में ट्रेन दतिया स्टेशन पर करीब 35 मिनट तक खड़ी रही।

### ट्रैक्टर ने अलाव ताप रहे 3 लोगों को रौंदा

**बांदा।** बबेरू कोतवाली क्षेत्र में अचानक स्टार्ट हुए ट्रैक्टर ने अलाव ताप रहे एक ही परिवार के तीन लोगों को रौंद दिया. हादसे में दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल होकर हायर सेंटर रेफर किया गया. पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे और चालक को ट्रैक्टर सहित हिरासत में लेकर मामले में कार्रवाई शुरू की है।

### दीवार कूदकर घर में घुसी एनआईए टीम

**पटना।** बिहार के खगड़िया जिले में रविवार तड़के एनआईए की टीम ने मानसी थाना क्षेत्र के सैदपुर गांव में एक रिटायर्ड पोस्टमास्टर के घर पर छापेमारी की। छापेमारी में टीम ने घर की हर जगह तलाशी ली और एक मोबाइल फोन जब्त कर लिया। रिटायर्ड पोस्टमास्टर मोहम्मद अब्दुल हादी को 1 दिसंबर को पटना में पूछताछ के लिए बुलाया गया है। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, एनआईए की टीम ने दीवार फांद कर जबरन घर का गेट खुलवाया, मेटल डिटेक्टर सहित गहन तलाशी ली गई और घर के हर कोने की जांच की गई। परिवार के सभी सदस्यों को बाहर खड़ा कर घर को चारों तरफ से घेर लिया गया था।

## सर्वदलीय बैठक में विपक्ष ने प्रमुखता से उठाया एसआईआर का मुद्दा

# एसआईआर पर हो बात...तभी देंगे साथ

नई दिल्ली (वार्ता)

संसद का शीतकालीन सत्र शुरू होने से पहले सरकार ने रविवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई जिसमें विपक्षी दलों ने एसआईआर, देश की सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा, प्रदूषण से सुरक्षा जैसे कई मुद्दे उठाये और कहा कि इन पर संसद में चर्चा होनी चाहिए। सर्वदलीय बैठक के बाद लोकसभा में कांग्रेस के सचेतक गौरव गोगोई ने कहा कि यह पहला मौका है जब संसद सत्र केवल 19 दिनों का है और इसमें सिर्फ 15 दिन ही चर्चा होनी है। उनका कहना था कि बैठक में उनकी पार्टी ने दिल्ली विस्फोट के मद्देनजर नागरिकों की सुरक्षा का मुद्दा उठाया और कहा कि इस पर चर्चा होनी चाहिए।



इसके साथ ही दिल्ली में वायु प्रदूषण के संकट को भी रखा, लोकतंत्र की सुरक्षा का मामला उठाया और कहा कि मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का गंभीर मामला है और इस पर चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार का व्यवहार संसद चलने को लेकर उत्साहजनक नहीं है। इतना छोटा सत्र बुलाकर सरकार खुद ही सन्देश दे रही है कि वह संसद चलने को लेकर बहुत गंभीर नहीं है। डीएमके के तिरुचि शिवा कहा कि एसआईआर और देश की सुरक्षा इस समय महत्वपूर्ण मुद्दा है। मनरेगा को लगातार कमजोर किया जा रहा है और सरकार हर काम में मनमानी कर रही है। संसद का अब तक का सबसे छोटा शीतकालीन सत्र बुलाया जा रहा है। इसमें बड़ी बात यह है कि 15 दिन का सत्र है और इसमें 14 विधेयक पारित होने हैं। तमिलनाडु की सरकार अनदेखी कर रही है और सरकार उनकी किसी भी मांग पर ध्यान नहीं दे रही है। उनका कहना था कि इन सब मुद्दों को उन्होंने सर्वदलीय बैठक में उठाया है।

### संसदीय परंपरा को खत्म कर रही सरकार



कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने कहा है कि सरकार संसदीय परंपरा को ध्वस्त करने का कार्य कर रही है। सरकार जिस तरह से लोकतंत्र के विरुद्ध काम कर रही है उसे देखकर विपक्ष का कहना है कि संसद को मर्यादित ढंग से चलाना चाहिए और लोकतंत्र के मंदिर में लोकतांत्रिक परंपराओं के साथ देश और जनता के मुद्दों पर चर्चा होनी चाहिए। गोगोई ने कहा कि सरकार लोकतंत्र और संसदीय परंपरा को खत्म करने पर तुली है।

### सर्वदलीय बैठक महज औपचारिकता



कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा, कल से शुरु हो रहे संसद के शीतकालीन सत्र के एजेंडे पर चर्चा के लिए मोदी सरकार की आज बुलाई गई सर्वदलीय बैठक महज एक औपचारिकता है। यह सत्र 15 दिनों का है और यह संसदीय इतिहास का सबसे छोटा सत्र होगा। मोदी सरकार ने पारित होने के लिए 13 विधेयक सूचीबद्ध किए हैं। इनमें से एक अध्यादेश का स्थान लेता है और दो लोकसभा की एक समिति के पास है।

### संसद में चर्चा कराई जानी चाहिए



कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि सर्वदलीय बैठक में एसआईआर महत्वपूर्ण मुद्दा था और सभी दलों के नेताओं ने कहा कि जनता के मतदान के अधिकार को छीना नहीं जाना चाहिए और इस पर संसद में चर्चा कराई जानी चाहिए। सर्वदलीय बैठक में विपक्ष ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण, दिल्ली में हुए विस्फोट, विदेश नीति आदि मामलों को संसद में विचार के लिए लाने की मांग रखी।



## चुनाव आयोग ने एसआईआर की समय-सीमा 7 दिन बढ़ाई

नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चल रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन की समय सीमा एक सप्ताह बढ़ा दी है। आयोग ने कहा कि अब अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरी 2026 को प्रकाशित की जाएगी। मतदाता जोड़ने-हटाने का एन्यूमरेशन पीरियड यानी वोटर वेरिफिकेशन अब 11 दिसंबर तक चलेगा, जो पहले 4 दिसंबर तक तय था। वहीं, पहले ड्राफ्ट लिस्ट 9 दिसंबर को जारी होनी थी, लेकिन अब इसे 16 दिसंबर को जारी किया जाएगा। दरअसल बिहार के बाद देश के 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में एसआईआर 28 अक्टूबर से शुरू हुआ है। इस प्रोसेस में वोटर लिस्ट का अपडेशन होगा। नए वोटरों के नाम जोड़े जाएंगे और वोटर लिस्ट में सामने आने वाली गलतियों को सुधारा जाएगा। चुनाव आयोग ने रविवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि यह संशोधन 1 जनवरी 2026 को अर्हता तिथि मानकर किया जा रहा है, ताकि आगामी चुनावों से पहले अधिकतम नागरिकों का नाम जुड़ सके और नामावली में पूर्ण शुद्धता सुनिश्चित हो सके। आयोग ने स्पष्ट किया कि यह विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान नामावली को शुद्ध एवं अद्यतन रखने की एक महत्वपूर्ण नियमित प्रक्रिया है। 1 जनवरी, 2026 को अर्हता तिथि निर्धारित करने से इस तारीख या इससे पहले 18 वर्ष पूरे करने वाले सभी नागरिक मतदाता के रूप में पंजीकरण के पात्र हो जाएंगे। एक सप्ताह की इस वृद्धि का उद्देश्य निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों और फील्ड स्टाफ को घर-घर सत्यापन तथा मतदान केंद्रों के युक्तिकरण की सभी प्रक्रियाएं पूरी करने के लिए पर्याप्त समय देना है।

# 37 नक्सलियों ने किया सरेंडर

## 26 जवानों की शहादत के जिम्मेदार भीमा ने भी डाले हथियार

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में एक साथ 37 खतरनाक माओवादियों ने हथियार डाल दिए। इनमें 12 महिला नक्सली भी शामिल हैं। इनमें शामिल 27 नक्सली इनामी हैं, जिन पर कुल 65 लाख रुपए का इनाम था। इन्हें डीआरजी कार्यालय दंतेवाड़ा में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में सरेंडर कराया गया। 8-8 लाख के इनामी कुमली उर्फ अनिता मंडावी, गीता उर्फ लख्मी, रंजन मंडावी, भीमा उर्फ जहाज जैसे कई चेहरे ऐसे हैं जो बड़ी मुठभेड़ों का हिस्सा रहे हैं। कंपनी नंबर 2 का सदस्य भीमा उर्फ जहाज साल 2020 के उस खौफनाक मिनपा हमले में शामिल था, जिसमें 26 जवान शहीद हुए थे। उन सभी के हथियार लूटे लिए गए थे। इस सूची में 5 लाख, 2 लाख



और 1 लाख इनामी नक्सलियों की लंबी कतार है, जिनके कंधों पर एरिया कमेटी, मिलिशिया, जनताना सरकार से लेकर पोस्टर, बैनर, रोड कटिंग और आईईडी लगाने तक की जिम्मेदारियां थीं। इनके अलावा कई निर्कंक यानी बिना इनाम वाले माओवादी भी हैं, जो जमीन पर संगठन की रीढ़ थे। महिला नक्सली भी इस सरेंडर के केंद्र में रही हैं। क्रांति उर्फ पोदिये, कुमली उर्फ अनिता और हुंगी उर्फ रोशनी जैसी महिला माओवादी गोबेल और थुलथुली के जंगलों में साल 2024 की पुलिस-नक्सली मुठभेड़ों में शामिल रही थीं। सुरक्षा बलों के सामने सरेंडर करने वाले नक्सलियों का अतीत बंदूक और बारूदी सुरंगों तक सीमित नहीं था। इस बड़े सरेंडर के पीछे डीआरजी, बस्तर फाइटर्स, विशेष आसूचना शाखा, 111वीं- 230वीं सीआरपीएफ वाहिनी और आरएफटी जगदलपुर की संयुक्त रणनीति रही, जिसने महीनों की निगरानी, ग्राउंड इंटेलिजेंस और लगातार दबाव बनाकर इन नक्सलियों को हथियार डालकर मुख्य धारा में लौटने पर मजबूर कर दिया।





उज्जैन में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में दांपत्य जीवन में बंधने वाले नवयुगल डॉ. अभिमन्यु यादव और डॉ. इशिता को मेहमानों ने बधाई, शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया। डॉ. अभिमन्यु यादव मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सुपुत्र हैं। (विस्तृत खबर पेज 11 पर)

# टूरिस्ट बसों में टक्कर से 12 की मौत, 20 घायल

**शिवगंगा।** तमिलनाडु के शिवगंगा जिले में दो टूरिस्ट बसें आपस में टकरा गई हैं। इस हादसे में 12 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 20 लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि रविवार को तमिलनाडु के शिवगंगा जिले में दो सरकारी बसों की आमने-सामने टक्कर में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और 20 लोग घायल हो गए। यह दुर्घटना पिल्लैयारपट्टी से लगभग पांच किलोमीटर दूर तिरुपत्तूर इलाके में हुई। मौके पर मौजूद एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि कम से कम 12 लोग मारे गए और 20 यात्री घायल हो गए। आम लोगों और साथ में सफर करने वालों की मदद से कई लोगों को बाहर निकाला गया। आपस



में टकराने वाली बसों में से एक बस तिरुपुर से कराईकुडी जा रही थी, जबकि दूसरी बस कराईकुडी से डिंडीगुल जिले की ओर जा रही थी।

# साइक्लोन दितवाह से 3 लोगों की मौत

**चेन्नई।** साइक्लोन दितवाह के चलते बारिश से जुड़ी घटनाओं में तमिलनाडु में तीन लोगों की मौत हो गई। तूतीकोरिन और तंजावुर में रविवार को दीवार गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। मयिलादुथुराई में करंट लगने से 20 साल के युवक की जान चली गई। राज्य सरकार में मंत्री के रामचंद्रन ने बताया कि तटीय इलाकों में 234 झोपड़ियों/कच्चे घरों को नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा 149 जानवरों की मौत हो गई है। खेती



**149 जानवरों की जान गई, 234 कच्चे घर टूटे**

के काम वाली करीब 57,000 हेक्टेयर जमीन पानी में डूब चुकी है। श्रीलंका में तबाही मचाने के बाद साइक्लोन दितवाह रविवार शाम को तमिलनाडु और पुडुचेरी के तटों से टकराया। मौसम विभाग ने कुड्डालोर, नागपट्टिनम, मयिलादुथुराई, विल्लुपुरम, चेंगलपट्टू समेत कई इलाकों में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश का अलर्ट जारी किया था। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ समेत 28 से ज्यादा डिजास्टर रिस्पॉन्स टीमों को तैनात किया गया है। इनके अलावा महाराष्ट्र और गुजरात के एनडीआरएफ बेस से 10 टीमें चेन्नई पहुंची हैं। तमिलनाडु में भारी बारिश के कारण शनिवार को 54 उड़ानें रद्द कर दी गईं थीं। पुडुचेरी सेंट्रल यूनिवर्सिटी ने साइक्लोन के कारण छुट्टी घोषित कर सभी परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं।

# दिल्ली पुलिस ने दबोचे 3 खूंखार आतंकी

## मध्यप्रदेश के दतिया से जुड़े तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने देश विरोधी एक बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया है। पुलिस ने पाकिस्तान से ऑपरेट हो रहे एक टेरर मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। इस मॉड्यूल का सरगना पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी है। वह पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर काम कर रहा है। स्पेशल सेल ने कार्रवाई करते हुए तीन आतंकियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में पंजाब का हरगुनप्रीत सिंह शामिल है। दूसरा आरोपी विकास प्रजापति मध्यप्रदेश के दतिया का है। वहीं तीसरा आरोपी आरिफ यूपी के बिजनौर का रहने वाला है। एडिशनल सीपी प्रमोद कुमार कुशवाहा ने बताया कि ये वही लड़के हैं जिन्होंने हमला किया था। इन्होंने 25 तारीख को गुरदासपुर सिटी पुलिस स्टेशन के सामने हैंड ग्रेनेड फेंका था। पूछताछ में पता चला है कि इनके निशाने पर कई और जगहें भी थीं। इन आतंकियों ने कई स्थानों की वीडियोग्राफी और रेकी कर ली थी। वहां भी हैंड ग्रेनेड फेंकने की योजना थी। लेकिन पुलिस ने वक्त रहते इन्हें दबोच लिया। शहजाद भट्टी पाकिस्तान में बैठकर इस ग्रुप को चला रहा था। वह सोशल मीडिया ऐप्स के जरिए युवाओं को बरगलाता था। वह उन्हें भर्ती करके आतंकी गतिविधियों के लिए तैयार करता था। भट्टी अपने साथियों के जरिए इन्हें सीधे निर्देश देता था। पुलिस का कहना है कि इस ग्रुप के एक-दो और लिंक सामने आए हैं। उनकी जानकारी पंजाब पुलिस के साथ साझा की जाएगी। जल्द ही बाकी आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# अब स्लीपर यात्री भी ले सकेंगे बेडरोल

## जनवरी 2026 से 10 प्रमुख ट्रेनों में उपलब्ध होगी सुविधा

नई दिल्ली

साउदर्न रेलवे का चेन्नई डिविजन स्लीपर क्लास यात्रियों के लिए 1 जनवरी 2026 से बेडरोल सेवा शुरू करेगा। एसी कोचों के बाद अब स्लीपर क्लास में भी यह सुविधा मिलेगी। यात्री भुगतान करके बेडरोल ले सकेंगे। रेलवे ने यात्रियों की अच्छी प्रतिक्रिया के बाद इसे स्थायी योजना बना दिया है। इस सेवा से यात्रियों को आराम मिलेगा और रेलवे को अतिरिक्त आय होगी। दक्षिण रेलवे के चेन्नई डिविजन ने पहली बार स्लीपर क्लास यात्रियों के लिए साफ और सैनिटाइज्ड बेडरोल सर्विस शुरू करने का ऐलान किया है। यह सुविधा जनवरी 2026 से शुरू होगी। अब तक बेडरोल केवल एसी कोचों में ही उपलब्ध होते थे, लेकिन अब नॉन-एसी स्लीपर में भी यात्री इसे मांग पर और भुगतान करके ले सकेंगे। यह सेवा 2023-24 के तहत शुरू किए गए सफल पायलट प्रोजेक्ट के बाद लागू की जा रही है। यात्रियों की अच्छी प्रतिक्रिया के बाद रेलवे ने इसे स्थायी गैर-किराया राजस्व योजना के रूप में मंजूर कर दिया है। रेलवे का कहना है कि इससे स्लीपर क्लास यात्रियों की यात्रा और आरामदायक और स्वच्छ होगी। लंबे सफर पर बेडरोल ना मिलने की समस्या भी खत्म होगी। इस सर्विस से रेलवे को भी अतिरिक्त आमदनी होगी। चेन्नई डिविजन को इस योजना से हर साल 28,27,653 रुपये लाइसेंस शुल्क मिलने की उम्मीद है।





### अभी इन ट्रेनों से शुरुआत

चेन्नई डिविजन ने घोषणा की है कि यह सेवा शुरुआत में 10 बड़े ट्रेनों में अगले 3 साल के लिए लागू होगी। इनमें- मैंगलोर सुपरफास्ट एक्सप्रेस (12685/12686), मन्नारगुड़ी एक्सप्रेस (16179/16180), तिरुचेंदूर सुपरफास्ट एक्सप्रेस (20605/20606), पलघाट एक्सप्रेस (22651/22652), सिलम्बू सुपरफास्ट एक्सप्रेस (20681/20682), तांबरम-नागरकोइल सुपरफास्ट एक्सप्रेस (22657/22658), तिरुवनंतपुरम सुपरफास्ट एक्सप्रेस (12695/12696), अल्लेप्पी सुपरफास्ट एक्सप्रेस (22639/22640) शामिल हैं।

### किफायती बेडरोल पैकेज

साउदर्न रेलवे ने यात्रियों के लिए तीन सस्ते और आसान पैकेज जारी किए हैं। 50 रुपये वाले पैक में एक बेडशीट, एक तकिया और एक तकिया कवर मिलेंगे। 30 रुपये वाले पैक में एक तकिया और एक तकिया कवर तथा 20 रुपये वाले पैक में एक बेडशीट दिया जाएगा। ये पैकेज इस तरह बनाए गए हैं कि हर जरूरत और बजट के यात्री इन्हें आसानी से ले सकें। सफाई और स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए सभी बेडरोल सैनिटाइज्ड होंगे।

# सुषमा भारत गैस संचालक तगावर द्वारा अवैध रुप से जगह-जगह बिकवाया जा रहा गैस सिलेंडर

## सीएसी सेंटर मे नहीं सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम फिर भी सहायक खाद्य अपूर्ति अधिकारी मौन

ब्यौहारी (स्वतंत्रमत)

इन दिनों ब्यौहारी क्षेत्र मे जगह-जगह सायकल दुकान से लेकर फॉर्चून व पान ठेले की दुकानों मे अवैध रुप से गैस सिलेंडर बेंचे जा रहे है जिन्हे सुषमा भारत गैस एजेंसी तगावर द्वारा आसानी से सिलेंडर बेचने के लिये उपलब्ध कराये जाने की बात सूत्रों द्वारा बतायी जा रही है। गैस सिलेंडर के इस अवैध करोबार की जानकारी यंहा के सहायक खाद्य अपूर्ति अधिकारी को भी है किन्तु वो भी सुषमा भारत गैस एजेंसी के सिक्के के आगे इस अवैध करोबार पर चुप्पी साधे है जिसका फायदा बाखूबी अवैध करोबारी उठा रहे है। सुषमा भारत गैस संचालक द्वारा ब्यौहारी मे कई जगह अपना सीएसी सेंटर बनाये जाने की खबर है जंहा निर्धारित मात्रा से अधिक कई सिलेंडर अवैध रुप से भंडारित किये जाते है। इन सीएसी सेंटर मे सुरक्षा के कोई पुक्ता इंतजाम नहीं है। गैस संचालक द्वारा सीएसी सेंटर




घनी बस्ती एवं बीच बजार मे बनाये गये है। खुदा न खास्ता यदि वंहा आग जनी हुई तो उससे निपटने के लिये इन सीएसी सेंटरो मे कोई पुक्ता इंतजाम नहीं है इसके बावजूद सहायक खाद्य अपूर्ति अधिकारी द्वारा कार्यवाही करना तो दूर वंहा झाकने तक नहीं जाते है। नगरीय क्षेत्र सहित ग्रामीण क्षेत्रो मे जगह-जगह नियम कानून को ताक पर रख कर बड़े गैस सिलेंडरो से छोटे गैस सिलेंडरो मे गैस रिफ्लिंग का कार्य खुलेआम बे धड़क हो रहा है साथ ही होटल और विवाह घरो मे भी कामर्शियल की जगह घरेलू सिलेंडर का उपयोग हो रहा है, इन कारोबारियों को अवैध रुप से रिफ्लिंग करने हेतु गैस सिलेंडर सुषमा भारत गैस संचालक तगवार द्वारा आसानी से सिलेंडर उपलब्ध कराये जाने की खबर है। ज्ञात हो कि तगावर ब्यौहारी से 15 से 20 किलोमीटर दूर है किन्तु वह अपने वाहन के माध्यम से ब्यौहारी सहित आस पास के क्षेत्र की दुकानों मे सिलेंडर पंहुचाया जा कर अवैध रुप से भंडारित कराकर इन कार्यों को अंजाम दिया जा रहा है। कई बार अवैध रूप से बिक रहे सिलेंडर की शिकायत खाद्यय विभाग के जिम्मेदार अधिकारियो से किये जाने की बात भी लोगों द्वारा बतायी जा रही है इसके बावजूद कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गयी है। जानकारी के बाद भी कार्यवाही न हो पाने से लोगों द्वारा जिम्मेदार अधिकारियो पर मिली भगत का आरोप लगाया जा रहा है जिससे उनकी छवि तो खराब हो ही रही है साथ मे विभाग के साख पर भी बट्टा लग रहा है। लोगों द्वारा बिना पुक्ता इतजाम के अवैध रूप से सीएससी से बेचवाये जा रहे इन सिलेंडर पर रोक लगवाये जाने एवं सुरक्षा का पुक्ता इंतजाम किये जाने मांग की है।

### इनका कहना है

मेरा ब्यौहारी मे एक जगह ओपी सायकल वाले के यंहा सीएसी सेंटर है बांकी जंहा एक दो दिये जाते है वो ग्राहक है। एक खामडांड मे भी सीएसी सेंटर है। सीएसी सेंटर मे सुरक्षा का इंतजाम किया गया है।

**शैलेन्द्र कुशवाहा, संचालक सुषमा भारत गैस एजेंसी तगावर**

उक्त संबंध मे उनके मो. नंबर पर फोन लगाकर सम्पर्क कर उनका पक्ष जानने का प्रयास किया किन्तु उनके द्वारा फोन नहीं उठाया गया।

**सहायक खाद्य आपूर्ति अधिकारी ब्यौहारी**

थोड़ा ब्यस्त होने के कारण अभी नहीं देख पाये है। 4 तारीख के बाद कार्यवाही करता हूँ।

**भागीरथ लहरे**
**एसडीएम ब्यौहारी**

# अवैध रेत सहित ट्रैक्टर-ट्रॉली को पुलिस ने किया जब्त



**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** थाना बुढ़ार पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि लालपुर सोन नदी जोड़ान घाट से एक बिना नम्बर का ट्रैक्टर-ट्रॉली अवैध रूप से रेत का उत्खनन एवं परिवहन कर रहा है। सूचना मिलते ही मामले की पुष्टि हेतु तत्काल सूचना स्थान सोन नदी जोड़ान घाट पर दबिश दी गई। मौके पर एक सिल्वर कलर का आईसर ट्रैक्टर बिना नम्बर ट्रॉली खड़ी मिली। पुलिस को देखकर चालक अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से फरार हो गया। वाहन की तलाशी एवं दस्तावेज जांच में कोई वैध दस्तावेज अथवा अनुमति पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया। ट्रॉली में पूरी तरह भरी हुई रेत पाई गई, उक्त आईसर ट्रैक्टर (बिना नंबर) की ट्रॉली मय फुल लोड रेत जिसकी कुल अनुमानित कीमत 5,50,000 है को बुढ़ार पुलिस द्वारा विधिवत् जप्त कर थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है। बुढ़ार पुलिस द्वारा अवैध उत्खनन एवं बिना अनुमति परिवहन करना गंभीर दंडनीय अपराध पाए जाने पर आरोपी अज्ञात चालक के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना बुढ़ार पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि लालपुर सोन नदी जोड़ान घाट में एक बिना नम्बर का ट्रैक्टर-ट्राली अवैध रेत भरकर परिवहन कर रहा है। सूचना की पुष्टि हेतु तत्काल बुढ़ार पुलिस बल मौके पर रवाना हुआ, मौके पर पहुंचकर देखा गया कि एक महिंद्रा मॉडल का लाल रंग का बिना नंबर का ट्रैक्टर एवं ट्रॉली रेत से भरी अवस्था में खड़ा था।

# महाकौशल प्रांत में प्रारंभ हुआ व्यापक गृह संपर्क अभियान

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में देशभर में चलाए जा रहे व्यापक गृह संपर्क अभियान की शुरुआत महाकौशल प्रांत में रविवार से कर दी गई है। यह अभियान पूरे प्रांत में चरणबद्ध तरीके से संचालित होगा। प्रांत प्रचार प्रमुख विनोद दिनेश्वर महाकौशल प्रांत द्वारा मीडिया को दी गई जानकारी के अनुसार, महाकौशल प्रांत के 10 विभाग और 34 जिलों के 23,914 ग्राम तथा नगरीय क्षेत्र की 894 बस्तियों में रह रहे 65 लाख से अधिक परिवारों तक संपर्क किया जाएगा। जिले में 6 खंड, 836 ग्राम, 6 नगर और 28 बस्ती स्तर में निवास कर रहे लगभग 2 लाख 50 हजार परिवारों से संपर्क करने का लक्ष्य निर्धारित है। संपर्क कार्य को व्यवस्थित बनाने के लिए 5-5 स्वयंसेवकों की टोलियाँ गठित की गई हैं, जिनमें विविध क्षेत्रों के कार्यकर्ताओं के साथ 2-2 मातृशक्तियों को भी शामिल किया गया है। उद्देश्य यह है कि अभियान के दौरान कोई भी घर संपर्क से वंचित न रहे। अभियान के दौरान प्रत्येक घर में भारत माता का स्टीकर लगाया जाएगा और संघ की गतिविधियों संबंधी एक




पत्रक भेंट किया जाएगा। साथ ही सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी जीवन शैली और नागरिक कर्तव्यों जैसे विषयों पर भी संवाद स्थापित किया जाएगा। दरअसल व्यापक गृह संपर्क अभियान का मूल उद्देश्य है। च्समाज की बातों को सुनना और उनसे संवाद स्थापित करना है।

# लोकतंत्र सेनानी वरिष्ठ भाजपा नेता नरेंद्र दुबे पंचतत्व में हुए विलीन

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** लोकतंत्र सेनानी वरिष्ठ भाजपा नेता नरेंद्र दुबे पंचतत्व में हुए विलीन दु:खद निधन पर भाजपा कार्यकर्ताओं में शोक की लहर भाजपा जिला अध्यक्ष ने वरिष्ठ भाजपा नेता नरेंद्र दुबे के निधन पर जताया शोक भाजपा जिला अध्यक्ष अमिता चपरा अपनी संवेदनाएं प्रकट करते हुए कहा की हम सभी के मार्गदर्शक प्रखर वक्ता वरिष्ठ भाजपा नेता लोकतंत्र सेनानी नरेंद्र दुबे आज भले ही हमारे बीच नहीं हैं, किन्तु उनके दिखाए रास्ते, उनके साथ बिताये पल हमारे जीवन की पूंजी बनकर हमें निरंतर प्रेरणा प्रदान करते रहेगी। भारतीय जनता पार्टी के सभी जनप्रतिनिधि कार्यकर्ताओं की ओर से उनके श्री चरणों मे अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए, उन्हें विनम्र श्रद्धांजली अर्पित करती हूं। मैं दुख की घड़ी में ईश्वर प्रार्थना करती हूं की दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें एवं परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना करती हूं। लोकतंत्र सेनानी वरिष्ठ नेता नरेंद्र दुबे का जिला चिकित्सालय शहडोल मे इलाजरत रहने के दौरान



शनिवार कि रात लगभग 10.00 बजे दु:खद निधन हो गया। रविवार की सुबह भाजपा की वरिष्ठ नेता लोकतंत्र सेनानी नरेंद्र दुबे के पार्थिव शरीर को उनके बुढार रोड स्थित निज निवास से अंतिम यात्रा निकल गई स्वर्ग नरेंद्र दुबे के अंतिम दर्शन के लिए हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व आम नागरिक अंतिम यात्रा में शामिल होकर बुढार रोड स्थित शांतिवन में पहुंच कर दी श्रद्धांजलि। बुढार रोड स्थित शांतिवन में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने मीसाबंदी नरेंद्र दुबे के दुखद निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। कलेक्टर ने शांतिवन शमशान, बुढार रोड शहडोल पहुँचकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित किए। नरेंद्र दुबे के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए पुलिस के जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर भी प्रदान किया गया। वही नरेंद्र दुबे के पार्थिव शरीर शव का अंतिम संस्कार पूरे विधि विधान के साथ उनके बड़े बेटे अमित दुबे गोल्डी द्वारा मुख्यअग्नि दी गई। सन 1970 के दशक मे संयुक्त जिले मे छात्र राजनीति की अलख जगाने वाले, उस दौर के तेज तर्रार, संघर्षशील छात्र नेता रहे, भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेंद्र दुबे ने संवैधानिक मूल्यों को सर्वोपरि रख कर, मातृभूमि की सेवा मे सपर्पित उनका जीवन हमेशा संघर्षप्रद रहा है। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी द्वारा जून 1974 मे देश मे लगाए गए आपातकाल का पुरजोर विरोध कर, 18 वर्ष की अल्प अवस्था मे सैकड़ों युवाओं को साथ लेकर नरेंद्र दुबे आपातकाल जैसे काले कानून के खिलाफ सड़क पर लड़ाई लड़े फलस्वरूप उन्हें गिरफ्तार कर मे जेल मे डाल दिया गया।

# मैय्या अभियान द्वारा घाटों की सफाई, लगभग एक ट्रॉली कचरा उठाया गया



**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** माँ नर्मदा की स्वच्छता सेवा के अंतर्गत लगातार तीन वर्षों से जारी मैया अभियान के सेवादारों ने इस रविवार भी प्रात: 7 बजे से पुल के समीप स्थित घाटों पर सफाई अभियान चलाया। नगर में सर्वाधिक प्रदूषण इन्हीं घाटों में पाया जाता है, जहाँ लोगों द्वारा काँच की बोतलें, प्लास्टिक पन्नियाँ, दूषित कपड़े एवं अन्य अपशिष्ट फेंके जाते हैं। सेवादारों ने पहुँचकर घाटों में फैलाए गए कचरे को अलग-अलग जुटाया और पूरे क्षेत्र में झाड़ू लगाकर सफाई की। अभियान के दौरान करीब एक ट्रॉली प्रदूषित सामग्री घाट से हटाई गई। मैया अभियान के सेवादार शाहिद खान ने बताया कि टीम हर सप्ताह घाटों की सफाई करती है, परंतु जन-जागरूकता की कमी के कारण लोग फिर से गंदगी फैला देते हैं, जो अत्यंत चिंताजनक है। उन्होंने नगरवासियों व विद्यार्थियों से अपील की कि सप्ताह में कम से कम एक दिन स्वच्छता सेवा में शामिल हों तथा घाटों में गंदगी फैलाने वालों को विनम्रतापूर्वक समझाएँ। अभियान टीम ने पुलिस विभाग से मांग की कि रात्रि समय घाटों में मदिरापान करने वालों पर जुर्माना वसूली की कड़ी कार्यवाही की जाए।

# जिला मुख्यालय में जैविक हाट बाजार की शुरुआत स्वदेशी व स्थानीय उत्पादों को मिलेगा नया बाजार

## नागरवासियों को मिलेंगी हरी-ताज़ी सब्जियाँ, छोटे किसानों को मिलेगा बाजार

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

जिला प्रशासन द्वारा मध्यप्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन और कृषि विभाग के सहयोग से रविवार को उत्कृष्ट विद्यालय मैदान में जैविक हाट बाजार का शुभारंभ किया गया। अब प्रत्येक रविवार को नगरवासियों को जैविक सब्जियाँ, शहद, मिलेट्स, स्वदेशी उत्पाद और अन्य स्थानीय जैविक सामग्री एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी। जिला पंचायत अध्यक्ष रुदेश परस्ते अपनी पत्नी के साथ हाट बाजार पहुंचे और उत्पादकों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि यह पहल छोटे और सीमांत किसानों के लिए आर्थिक रूप से बेहद लाभकारी सिद्ध होगी, जिन्हें पहले उचित बाजार नहीं मिल पाता था। उन्होंने बताया कि सामान्यत: रविवार को जबलपुर या अन्य जिलों से रासायनिक खाद से उगाई गई सब्जियाँ आती हैं, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होती हैं। अब



ग्रामीण क्षेत्रों में जैविक खाद के उपयोग से उत्पादित सब्जियों को स्थानीय बाजार उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे उपभोक्ताओं को अच्छी, हरी और ताज़ा सब्जियाँ मिल सकेंगी। कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने कहा कि इस हाट बाजार का उद्देश्य छोटे किसानों, स्व-सहायता समूहों की महिलाओं और स्थानीय कारीगरों को स्थायी और नियमित बाजार उपलब्ध कराना है, ताकि जिले के उत्पाद जिले के लोगों तक पहुँच सकें और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल सके। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष आशा धुर्वे, जिला पंचायत सदस्य हीरा परस्ते, जिला पंचायत सीईओ दिव्यांशु चौधरी, कृषि उपसंचालक सुश्री अभिलाषा चौरसिया, तथा नगर परिषद सीएमओ अमित तिवारी श्रीमती अर्पणा पांडे जेटडू सिंह पट्टा सभी विभाग के विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे ।



# गीता जयंती महोत्सव की तैयारी को लेकर प्रेस वार्ता आयोजित



**डिंडौरी (स्वतंत्र मत) ।** दिसंबर को मनाए जाने वाले गीता दिवस की तैयारी एवं व्यवस्थाओं को लेकर रविवार को कलेक्टर की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस अवसर पर विश्व गीता प्रतिष्ठान के जिला संयोजक बिहारी लाल द्विवेदी, सह-संयोजक पंडित वीरेंद्र प्रसाद शास्त्री, जिला शिक्षा अधिकारी सुमन परस्ते, नगर पालिका के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमित तिवारी, जिला जनसंपर्क अधिकारी चेतराम अहिरवार, सहित जिले के विभिन्न मीडिया संस्थानों के पत्रकार उपस्थित रहे। बैठक में गीता जयंती महोत्सव के अंतर्गत आयोजित होने वाले विविध कार्यक्रमों, व्यवस्थाओं एवं उनकी रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला मुख्यालय में महोत्सव का मुख्य आयोजन उत्कृष्ट विद्यालय प्रांगण में किया जाएगा। इसके साथ ही सभी विकासखंड, विद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर भी गीता जयंती के विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे। प्रशासन एवं आयोजक मंडल ने जिले की आम जनता से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर गीता जयंती महोत्सव में सहभागी बनें, गीता के संदेश और महत्व को समझें तथा इसे जन-जन तक पहुँचाने में सहयोग दें।

# विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए चिकित्सकीय मूल्यांकन शिविर आयोजित

## समावेशी शिक्षा मॉडल को मजबूत करने की दिशा में सार्थक पहल

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल एवं एलिमको के संयुक्त तत्वावधान में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए चिकित्सकीय परीक्षण व मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर कलेक्टर अंजू पवन भदोरिया के मार्गदर्शन, जिला पंचायत सीईओ दिव्यांशु चौधरी के निर्देश तथा जिला परियोजना समन्वयक श्वेता अग्रवाल के नेतृत्व में संपन्न हुआ। विशेष शिविर में विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों से आए 114 विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का मेडिकल व फंक्शनल मूल्यांकन किया गया। परीक्षण के आधार पर बच्चों को ऐसे सहायक उपकरणों हेतु पंजीकृत किया गया, जो उनके दैनिक जीवन और शिक्षा को अधिक सुगम बनाएंगे। आगामी



शिविर में पात्र बच्चों को व्हीलचेयर, कैलिपर, श्रवण यंत्र, वैसाखी, ट्राइसाइकिल, स्मार्ट लर्निंग किट आदि उपकरण वितरित किए जाएंगे। एलिमको जबलपुर की विशेषज्ञ टीम – राम कुमार सिंह, नरेंद्र कुमार गंगवार, अक्षय मोरे और हेमंत – ने आधुनिक तकनीकों का उपयोग करते हुए बच्चों के विभिन्न परीक्षण किए। टीम ने बताया कि यह शिविर हर तीन वर्ष में आयोजित किया जाता है, जिससे बच्चों की



बदलती जरूरतों का समय-समय पर अद्यतन मूल्यांकन हो सके और उन्हें उपयुक्त संसाधन उपलब्ध कराए जा सकें। कार्यक्रम के दौरान बीईओ एम.के. राय, बीआरसीसी जी.पी. साहू, प्रभारी आरपी झारिया, जिला शिक्षा केंद्र से सुखनंदन ठाकुर, एमआरसी हुकुमचंद झारिया, बालमुकुंद धुर्वे, बीएसी तनवीर अहमद, राजकुमार गुप्ता, केके झारिया, जनशिक्षक अश्विनी साहू, अमर उलाड़ी, दर्शन कुसराम, रामकुमार मरकाम, हरिशरण साहू, दिनेश साहू, संजय साहू, कृपाल मार्को, पुष्पकुमार मार्को, ओमकार सैयाम, उमेश वर्मा, जीवन कौशल प्रशिक्षक सतीश पाठक, राहुल पाठक सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहा। शिविर ने समावेशी शिक्षा के लक्ष्य को मजबूत दिशा प्रदान की है, जिससे विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के शैक्षिक एवं व्यक्तिगत जीवन में सकारात्मक बदलाव की उम्मीद बढ़ी है।

# मनरेगा अव्यवस्थाओं पर सरपंचों का फूटा गुस्सा समाधान नहीं तो जिला मुख्यालय में विशाल आंदोलन

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) को लेकर लंबे समय से उठ रहे सवालों और समस्याओं पर अब जिले के जनप्रतिनिधियों ने कड़ा रुख अपनाया है। 100 दिन का पूरा रोजगार न मिलना, मजदूरी भुगतान में लगातार देरी, सामग्री मद की राशि का समय पर स्वीकृत न होना और प्रत्येक वर्ष करोड़ों रुपये लेप्स हो जाना जैसी गंभीर समस्याओं को लेकर सोमवार को रेस्ट हाउस डिण्डौरी में विधायक ओमकार मरकाम के नेतृत्व में जिलेभर के सरपंचों ने एक बड़ी बैठक आयोजित की। बैठक में सरपंचों ने कहा कि मनरेगा योजना ग्रामीण मजदूरों की आर्थिक जीवनरेखा है, लेकिन जिले में इसके क्रियान्वयन की स्थिति बेहद चिंताजनक है। मजदूरों को समय पर काम और भुगतान न मिल पाने से उनकी आर्थिक स्थिति लगातार कमजोर हो रही है। इस अव्यवस्था का सीधा असर यह है कि जिले के हजारों मजदूर रोजगार की तलाश में अन्य जिलों और राज्यों की ओर पलायन करने को मजबूर हो रहे हैं। बैठक के दौरान यह भी बताया गया कि हर वर्ष जिले को मनरेगा कार्यों के लिए आवंटित करोड़ों रुपये समय पर खर्च



न होने की वजह से लेप्स हो जाते हैं। इससे न केवल मजदूर हित प्रभावित होते हैं, बल्कि ग्राम पंचायतों के आधारभूत विकास कार्य भी बाधित हो रहे हैं। सरपंचों ने इसे प्रशासनिक लापरवाही का गंभीर उदाहरण करार दिया। लगभग दो घंटे चली इस बैठक में गहन चर्चा के बाद सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि यदि समस्याओं का त्वरित निराकरण शासन और प्रशासन स्तर पर नहीं किया जाता है, तो जिले के जनप्रतिनिधि और मनरेगा से जुड़े मजदूर जिला मुख्यालय में विशाल आंदोलन करेंगे। इसके लिए जल्द ही एक संयुक्त मांग-पत्र तैयार कर जिला प्रशासन को सौंपा जाएगा। विधायक ओमकार मरकाम ने कहा कि मनरेगा योजना केंद्र और राज्य सरकार की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजना है, लेकिन इसके संचालन में हो रही अनियमितताएं गरीब मजदूरों के हक पर सीधा प्रहार हैं। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द सुधार नहीं किए गए, तो आंदोलन को व्यापक स्वरूप दिया जाएगा। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि अब धैर्य की सीमा समाप्त हो चुकी है। मजदूरों के हक का पैसा उन्हें समय पर मिले, उन्हें 100 दिन का रोजगार मिले, और लेप्स की समस्या पर स्थायी समाधान हो-इन सभी मांगों को लेकर संघर्ष किया जाएगा।

# हुस्न के जाल में फंसाकर करते थे ब्लैकमेल

## हनी ट्रैप मामले में लाईगंज थाने में तीन अरोपी हुए गिरफ्तार, दो पुलिसकर्मी भी हटाए गए






जबलपुर (स्वतंत्रमत)।

सोशल मीडिया साइट्स के जरिये युवकों को बहला-फुसलाकर हनी ट्रैप में फंसाने और फिर ब्लैकमेल कर मोटी रकम की मांग करने वाले गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। इस हाईप्रोफाइल प्रकरण ने यादव कॉलोनी चौकी की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। संदेह गहराने के बाद पुलिस कप्तान ने दो कपुलिसकर्मियों को चौकी से हटाते हुए तत्काल प्रभाव से कार्रवाई की है। अब यह प्रकरण सिर्फ ब्लैकमेल नहीं, बल्कि थाने-चौकी स्तर की संभावित मिलीभगत की जांच में तब्दील हो चुका है। जिसकी जानकारी लगने के बाद पुलिस कप्तान द्वारा मामले की बारीकी से जांच कराई जा रही है। वहीं पुलिसकर्मियों की संलिप्तता की भी बारीकी से जांच की जा रही है।

### कैसे बुना गया हनी ट्रैप का जाल

जानकारी अनुसार बेलखेड़ा निवासी एक पीड़ित युवक ने बताया कि बीते दिनों उसके बड़े पापा के लड़के से इंस्टाग्राम पर 'रागिनी शर्मा' नामक युवती ने चैटिंग शुरू की। बातचीत इतनी तेज़ी से बढ़ी कि युवती ने खुद मिलने का प्रस्ताव रख दिया। शुक्रवार दोपहर युवती ने मैसेज किया कि आज मिल लो, नहीं तो मैं करेली नरसिंहपुर लौट जाऊंगी। युवक अपने भाई के साथ मिलने तैयार हो गया। युवती ने उन्हें बताया कि उसका दोस्त ईडब्ल्यूएस क्वार्टर, शताब्दीपुरम में रहता है। जिसके बाद युवती ने उनको वहा मिलने के लिए बुलाया।

### ब्लैकमेलिंग की पूरी स्क्रिप्ट पहले से थी तैयार

पीड़ित युवक ने शिकायत में पुलिस को बताया कि मुलाकात के शुरुआती चरण में युवती ने 500 रुपये नकद ले लिए। इसके बाद चाइनीज़ खाना, बीयर की बोतल भी मंगवाई। इसके कुछ देर बाद युवती ने फोन कर अपने दो साथियों विवेक तिवारी और साहिल बर्मन को मौके पर बुला लिया। उन दोनों ने वहां आते ही वीडियो बनाना शुरू किया और भाइयों पर मारपीट शुरु कर दी। इसके बाद तीनों आरोपियों ने धमकी दी के एक लाख रुपये दो, नहीं तो तुम्हें दुष्कर्म के केस में फंसा देंगे। युवक डर गया और परिजनों को इसकी जानकारी देकर बुला लिया। जिसके बाद पीड़ित युवक ने लार्डगंज थाने पहुंचकर आरोपियों के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई।

### संदेह के घेरे में चौकी पुलिस की भूमिका

पीड़ित ने बताया कि युवती द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर मारपीट करने और धमकी देने के बाद तत्काल ही यादव कॉलोनी चौकी के दो पुलिसकर्मी मौके पर पहुंच गए थे। बताया जा रहा है कि उक्त पुलिसकर्मी भी पीड़ितों को झूठी शिकायत दर्ज करने की धमकी देकर रुपयों की मांग कर रहे थे। मामले का सबसे बड़ा सवाल यह है चौकी पुलिस घटनास्थल पर इतनी जल्दी कैसे पहुंच गई? इससे यह भी शंका जाहिर होती है कि पुलिस क्या पुलिसकर्मी भी इस हनी ट्रैप में शामिल थे? यह बड़ा सवाल है।

### पुलिस कर्मियों पर हुई कार्यवाही

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यादव कॉलोनी चौकी में पदस्थ दो पुलिसकर्मियों सचिन जैन और सिद्धार्थ दुबे का व्यवहार संदिग्ध पाया गया, जिसके बाद दोनों को चौकी से तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। यह वही बिंदु है जिसने इस केस को हनी-ट्रैप से बढ़ाकर प्रणालीगत भ्रष्टाचार की संभावित कड़ी बना दिया है। बताया जा रहा है कि हनी ट्रैप की घटना उजागर होने के बाद चौकी प्रभारी पर भी कार्यवाही की गाज गिर सकती है। पुलिस आरोपियों के मोबाईल फोन, चैट्स आदि की भी जांच कर रही है।

### सोशल मीडिया से अपराध का नया अध्याय

हनी ट्रैप की यह घटना बताती है कि हनी-ट्रैप अब केवल फिल्मों का सीन नहीं बल्कि वास्तविकता में युवाओं को फंसाने का आधुनिक, डिजिटल और संगठित हथकंडा बन चुका है। जिस आसानी से सोशल मीडिया पर प्रेम-विश्वास का भ्रम पैदा किया जा रहा है, वही कुछ ही मिनटों में उगाही, झूठे मुकदमों और प्रतिष्ठा नष्ट करने का हथियार बन रहा है। पुलिस की जांच में यह उजागर हो सकेगा की यह मामला सिर्फ तीन आरोपियों तक सीमित है या इसमें अन्य कोई भी शामिल हैं।

### इन्होंने कहा

पीड़ित युवक की शिकायत पर युवती समेत दो अरोपियों को गिरफ्तार कर मामला दर्ज कर लिया है। चौकी में पदस्थ दो पुलिसकर्मियों को भी कार्यवाही कर तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। जिसके बाद आगे की कार्यवाही सुनिश्चित की जा सकेगी।

**रीतेश कुमार शिव, सीएसपी कोतवाली**

# रसायनमुक्त सब्जियां और मिलेट्स खरीद सकेंगे शहरवासी



**शहर में शुरू हुआ साप्ताहिक जैविक बाजार, प्रत्येक रविवार को मंडी प्रांगण में लगेगा जैविक हाट**

**जबलपुर (स्वतंत्रमत)।** जैविक उत्पादों के प्रति लोगों में बढ़ते हुए रुझान को देखते हुए एक अनूठी पहल के तहत जिला प्रशासन एवं किसान कल्याण तथा कृषि विभाग के सहयोग से कृषि उपज मंडी जबलपुर के प्रांगण में साप्ताहिक जैविक हाट का शुभारंभ रविवार को जिला पंचायत के सीईओ अभिषेक सिंह गहलोत ने किया। जैविक हाट में आम लोगों ने खासी रुचि दिखाई एवं सैकड़ो की संख्या में आकर साग-भाजी, फल-फूल और अनाज खरीदें। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार जैविक हाट प्रत्येक रविवार को मंडी प्रांगण में लगेगा। जैविक हाट के शुभारंभ के अवसर पर श्री गहलोत ने किसानों से बातचीत कर यह जाना कि बिना रासायनिक आदान सामग्री के सब्जी को कैसे उगाते हैं। उन्होंने हाट में लगे जैविक उत्पादों के स्टॉलों का अवलोकन भी किया। किसानों ने श्री गहलोत को जीवामृत, घन जीवामृत, ब्रह्मास्त्र, पंचपरनी काढ़ा एवं अन्य जैविक आदान सामग्री के उपयोग के तरीके बताये। इस अवसर पर उप संचालक कृषि डॉ एस के निगम, सहायक संचालक कृषि रवि आम्रवंशी, कीर्ति वर्मा एवं इंदिरा त्रिपाठी भी जिला पंचायत के सीईओ के साथ थे। जैविक हाट में शहपुरा के फल उत्पादक कृषक केपी सिंह के बाग के अमरुद अपने स्वाद एवं मिठास के कारण चर्चा का विषय रहे। अर्चना प्राकृतिक खेती केन्द्र ने खाद्य सामग्री प्रस्तुत की। टमाटर, लौकी, मूली एवं गाजर, विभिन्न प्रकार की पत्तेदार भाजी व अनाज भी जैविक हाट पर उपलब्ध रहे। जैविक हाट आयोजन में आत्मा परियोजना की नमिता उरकुड़े, मंडी सचिव राजेश सैयाम, रजनीश दुबे, रोहित गुप्ता, रश्मि परसाई, एवं विभागीय अधिकारियों की सहभागिता भी रही। जैविक हाट के आयोजन से जबलपुर जिले में प्राकृतिक खेती करने वाले कृषकों के लिए एक बड़ा मंच मिल रहा है। साथ ही आम नागरिकों को उत्तम गुणवत्ता की साग-सब्जी, फल-फूल और अनाज मिलने की भी सुनिश्चितता रहेगी।

# सेवा दल का मासिक ध्वज वंदन कार्यक्रम संपन्न

जबलपुर (स्वतंत्रमत)

सेवादल कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालाजी भाई देसाई के निर्देश एवं मप्र सेवादल के मुख्य संगठक अवनीश भार्गव के मार्गदर्शन में शहर कांग्रेस सेवादल द्वारा माह के अंतिम रविवार को होने वाला ध्वज वंदन का कार्यक्रम अमरीश मिश्रा नेता प्रतिपक्ष नगर निगम जबलपुर के संयोजन में राजीव आवास परिसर, एमएलबी स्कूल के समीप संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में म. प्र. कांग्रेस कमेटी खेल प्रकोष्ठ के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट प्रशांत मिश्रा द्वारा ध्वजारोहण किया गया ।



कार्यक्रम में सेवादल शहर अध्यक्ष सतीश तिवारी, एडवोकेट मीनाक्षी स्वामी ( महिला विंग नगर अध्यक्ष) शिव कुमार चौबे (ब्लॉक अध्यक्ष), पंकज पांडे (पूर्व पार्षद), जितेंद्र यादव (प्रवक्ता) राकेश चक्रवर्ती, उमेश पटेल, मनोज बैरागी, रीना विश्वकर्मा, राहुल कोरी , घनश्याम गुप्ता ,सूरज महावर, संदीप सोनी, मेश्राम सिंह ,बिट्टी सिंह, भोलू सेन, कमल सेन,सूरज गिलानिया ,आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# श्री पंचकल्याणक एवं गजरथ महोत्सव का शुभारंभ


## आचार्य श्री समयसागर महाराज के सानिध्य में निकाली गई भव्य शोभा एवं घटयात्रा

जबलपुर (स्वतंत्रमत)

आचार्य श्री समय सागर संघ सानिध्य में गजरथ महोत्सव का ध्वजारोहण, शोभा यात्रा के साथ शुभारंभ दयोदय तीर्थ (गौशाला) में नवनिर्मित जिनालय का बड्डा दद्दा ग्राउंड में हुआ। आयोजित श्री पंचकल्याणक एवं गजरथ महोत्सव का शुभारंभ अवसर पर आचार्य श्री समयसागर महाराज के ससंघ सानिध्य में पिसनहारी तीर्थ से भव्य शोभा यात्रा एवं घटयात्रा निकाली गई। घट यात्रा में तहलका धमाल एवं प्रगति महिला मंडल शिवनगर की महिलायें चल रही थी। उनके पीछे आचार्यश्री समय सागर महाराज ससंघ चल रहे थे। उनके पीछे रजत रथ पर श्री जी विराजमान थे। हजारों महिलायें केशरिया वस्त्र पहने सिर पर कलश लेकर चल रही थी। गजरथ महोत्सव के प्रमुख पात्र भगवान के माता पिता,सौधर्म इंद्र, कुबेर,महायज्ञ नायक, राजा श्रेयांस, भरत चक्र वर्ती, बाहुबली, माहेन्द्र, सौधर्म इशान, सनत



कुमार, शुक्र महाशुक्र एवं अन्य पात्र बग्घी में सवार थे। घट यात्रा त्रिपुरी चौक तक जाकर वापिस गजरथ स्थल पहुंची, उसके पश्चात् पंचायत सभा के अध्यक्ष कैलाशचंद जैन, सौरभ अनिल बड्कुल, अशोक अनिल ने गजरथ स्थल पर ध्वजारोहण किया। प्रातः काल आचार्य श्री ने पिसनहारी तीथ में आयोजित धर्म सभा में उपदेश देते हुआ कहा निराकुल भाव के साथ ही आप शांति का अनुभव कर सकते हैं। लेकिन ये जीव सदा आकुलित होता रहता है। साता के उदय की भी भयंकर आकुलता होती है। इच्छा के रोकने को अनशन कहा है । पदार्थ अच्छा या बुरा नहीं, मन में जो अच्छे बुरे की भावना पल रही है उससे अपने को दूर रखना है। विकास और विनाश ये दोनों ही आत्मा के



परिणाम है। गजरथ महोत्सव में अध्यक्ष अरविंद चॉवल, कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश चौधरी, सुनील मंगलाहाट, महामंत्री संजय अरिहंत, कोषाध्यक्ष संदेश जैन (एडवोकेट), अध्यक्ष नीलेश जैन,जैन नवयुवक सभा के अध्यक्ष नितिन बेंटिया प्रधानमंत्री शुभम जैन उपस्थित थे।

# डॉ. प्रशांत मिश्रा बने कांग्रेस खेल विभाग के प्रदेश अध्यक्ष

**जबलपुर (स्वतंत्रमत)।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी खेल प्रकोष्ठ विभाग के प्रदेश अध्यक्ष पद पर नियुक्त डॉ. प्रशांत मिश्रा का कांग्रेसजनों द्वारा



फूल मालाओं से स्वागत किया गया। स्वागत सभा समारोह में नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉ,प्रशांत मिश्रा उपस्थित जनों को संबोधित किया प्रमुख लक्ष्य खेल प्रकोष्ठ विभाग में खेल गतिविधियों को व्यापक रूप से बढ़ावा देना और मध्यप्रदेश में खेल विकास के लिए नए अवसर पैदा करना हैं। वे खेल क्षेत्र में युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने, खेलकूद के लिए बेहतर संसाधन उपलब्ध कराने और खेल संगठन को मजबूत बनाने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। गांधीवादी विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए खेल के माध्यम से सामाजिक समरसता और युवाओं में राष्ट्रवाद की भावना विकसित करने का भी प्रयास करेंगे।

# सीधी कलेक्टर पर 10 हजार रुपए का जुर्माना

## भूमि अधिग्रहण मामले पर हाईकोर्ट में नहीं दिया था जवाब

**जबलपुर (स्वतंत्रमत)।** हाईकोर्ट ने सीधी कलेक्टर पर 10 हजार रुपए का जुर्माना (कॉस्ट) लगाया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यह राशि कलेक्टर को व्यक्तिगत रूप से जमा करनी होगी। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी पर यह कार्रवाई अदालत में जवाब प्रस्तुत न करने के कारण की गई है। दरअसल, सीधी निवासी सीता सिंह की ओर से दायर याचिका में बताया गया कि शासन की ओर से भूमि अधिग्रहण किया गया था, जिसमें मुआवजा राशि 1 करोड़ 10 लाख 52 हजार रुपए आंकी गई थी। बाद में इसे घटाकर 5 लाख 40 हजार रुपए कर दिया गया। इस कटौती को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई। याचिका में कहा गया था कि भूमि अधिग्रहण की पूरी प्रक्रिया समाप्त होने के बाद दूसरा आदेश जारी कर अवॉर्ड राशि में कटौती की गई, जो विधि सम्मत नहीं है। जस्टिस विशाल मिश्रा की अदालत ने सुनवाई के दौरान कहा कि प्रक्रिया समाप्त होने के बाद दूसरा आदेश क्यों पारित किया गया, इस संबंध में जवाब मांगा गया था, लेकिन सीधी कलेक्टर की ओर से कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। सुनवाई में यह भी सामने आया कि कलेक्टर के हस्ताक्षर से प्रस्तुत हलफनामा पहले से सरकार द्वारा दाखिल की गई स्टेटस रिपोर्ट की हूबहू कॉपी है। हाईकोर्ट ने जिस मुद्दे पर स्पष्ट जानकारी मांगी थी, उसका इसमें कोई उल्लेख नहीं था। इसे अदालत ने गंभीरता से लिया और कलेक्टर को व्यक्तिगत रूप से तलब किया। हाईकोर्ट के आदेश पर सीधी कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी एकलपीठ के समक्ष उपस्थित हुईं। उन्होंने अपनी गलती स्वीकार करते हुए माफीनामा प्रस्तुत किया।

# नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा भेड़ाघाट में 4 दिसंबर को

**जबलपुर (स्वतंत्रमत)।** हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से निकाली जाने वाली 469 वी नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा आगाहन पुर्णिमा पर 4 दिसंबर गुरुवार को प्रातः 8:30 बजे पूज्य संत महात्माओं के सानिध्य में संकीर्तन करते हुए निकाली जाएगी। पंचकोशी आश्रम से होते हुए पंचवटी 64 योगिनी धुआंधार कल्याण तपोवन से लमेटा घाट में नाव द्वारा पार करके शनि मंदिर डुडुवारा इमलिया न्यू भेड़ाघाट होते हुए सिद्धन माताजी के आश्रम के सामने से सरस्वती घाट में नाव पार करके आश्रम में विशाल भंडारे के साथ समापन होगा। हरे कृष्णा आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्र दास जी महाराज के सानिध्य में बद्रीनाथ धाम से पूजित गोमती चक्र का वितरण प्रसाद स्वरूप किया जाएगा। उपस्थिति की अपील नर्मदा महाआरती ग्वारीघाट के संस्थापक एवं परिक्रमा के अध्यक्ष डॉ सुधीर अग्रवाल, संरक्षक श्रीमती सुषमा शंकर पटेल, मनमोहन दुबे, विनोद दीवान, श्याम मनोहर पटेल, नर्मदा चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मंडल के सचिव मनोज गुलाबबानी शिवम शहपुरा कैलाश विश्वकर्मा आदि ने की है।

# इंजीनियरों को दिया जा रहा एडवांस तकनीकी प्रोटेक्शन सिस्टम का प्रशिक्षण

## एमपी ट्रांसको में टेस्टिंग इंजीनियरों के लिए दो दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला

जबलपुर (स्वतंत्रमत)

प्रदेश में बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता और ट्रांसमिशन नेटवर्क की विश्वसनीयता बढ़ाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी(एम पी ट्रांसको) द्वारा रिले टेस्टिंग सिम्युलेटर पैनल पर आधारित दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न हुई। कार्यशाला में प्रदेशभर के एक्स्ट्रा हाई टेंशन सबस्टेशनों से आए टेस्टिंग इंजीनियरों ने सहभागिता की। एम पी ट्रांसको के मुख्य अभियंता अमर कीर्ति सक्सेना ने बताया कि परीक्षण संभाग, टीकमगढ़ में इनहाउस विकसित अत्याधुनिक ट्रेनिंग सेंटर में टेस्टिंग इंजीनियरों को एडवांस तकनीकी प्रोटेक्शन सिस्टम का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस पहल से जहां इंजीनियरों की दक्षता में वृद्धि



होगी, वहीं उपभोक्ताओं को अधिक सुरक्षित, स्थिर और निर्बाध बिजली आपूर्ति का प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। उल्लेखनीय है कि इस केंद्र में अब तक तीन बैचों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया जा चुका है। राज्य स्तरीय कार्यशाला का संचालन कार्यपालन अभियंता आर.पी. कान्यकुब्ज के निर्देशन में सहायक यंत्री जी.पी. राय द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के दौरान ट्रांसफार्मर डिफरेंशियल प्रोटेक्शन रिले और लाइन डिस्टेंस प्रोटेक्शन रिले की वायरिंग, कॉन्फ़िगिरेशन, सेटिंग तथा टेस्टिंग के विभिन्न जटिल पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई।



### ट्रांसमिशन सिस्टम होगा अधिक मजबूत


इंजीनियरों की तकनीकी दक्षता में सुधार से ट्रांसमिशन नेटवर्क में किसी बड़ी गड़बड़ी की स्थिति में नेटवर्क की सुरक्षा और स्थिरता बनाये रखने मे सहायता मिलती है। आधुनिक प्रोटेक्शन रिले की सटीक सेटिंग से ओवरलोडिंग, ब्रेकडाउन और ग्रिड फेल्यूर जैसी स्थितियों को नियंत्रित किया जा सकता है। उन्नत टेस्टिंग तकनीक का उपयोग ट्रांसमिशन उपकरणों की आयु बढ़ाने, रखरखाव लागत घटाने और पूरे नेटवर्क को अधिक कुशल बनाने में सहायक होगा। एमपी ट्रांसको की यह पहल न केवल तकनीकी उन्नयन की दिशा में सार्थक कदम है, बल्कि प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं के लिए भरोसेमंद और गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# ग्वारीघाट से तिलहरी तक 64 करोड़ की लागत से होगा आरओबी और 2 लेन सड़क का निर्माण

## 5.5 किमी लम्बी बनेगी 2 लेन सड़क, ट्रैफिक जाम से मिलेगा निजात

जबलपुर (स्वतंत्रमत)।

मां नर्मदा तट ग्वारीघाट में होने वाले ट्रैफिक जाम से अब जल्दी ही निजात मिलेगी, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने ग्वारीघाट मुक्तिधाम से तिलहरी तक बनने वाली 2 लेन सड़क को स्वीकृति दी है। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने बताया माँ नर्मदा का गौरीघाट तट न केवल आस्था का केंद्र है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक विरासत और अध्यात्मिक पर्यटन का भी गौरव है, बड़ी संख्या में श्रद्धालु ग्वारीघाट जाते है परन्तु परवो एवं माँ नर्मदा प्रकाट्योत्सव के अवसर पर ग्वारीघाट जाने में एक ही मार्ग होने के कारण कठिनाई और ट्रैफिक जाम की समस्या का सामना करना होता है इसके लिए तय किया था कि तिलहरी से ग्वारीघाट तक के मार्ग को चौड़ा एवं व्यवस्थित बनाया जाये और इसके लिए ग्वारीघाट मुक्तिधाम से तिलहरी तक 2 लेन सड़क को स्वीकृति दी गई है, लगभग 64 करोड़ की लागत से बनने वाली यह 2 लेन सड़क लगभग 5.5 किमी लम्बी होंगी जिसके बीच में रेलवे ओवर ब्रिज भी बनाया जायेगा, यह बेहतर वैकल्पिक मार्ग होगा।



श्री सिंह ने बताया झंडा चौक से ग्वारीघाट मुक्तिधाम तक की सड़क पहले ही स्वीकृत हो चुकी है और इसका निर्माण भी चल रहा है, इस मार्ग को आगे बढ़ाते हुये तिलहरी तक की 2 लेन सड़क का निर्माण कार्य आगे किया जायेगा। श्री सिंह ने बताया तिलहरी से ग्वारीघाट का मार्ग अत्यंत महत्वपूर्ण मार्ग है यह मार्ग ग्वारीघाट मुक्तिधाम से प्रारम्भ होकर भटोली से होता हुआ तिलहरी में एनएच 12 जबलपुर मंडला मार्ग को जोड़ेगा, जबलपुर के पेंटीनाका, बिलहरी, तिलहरी, गौर एवं बरेला जो विकसित क्षेत्र है यहाँ से ग्वारीघाट आने वाले श्रद्धांलुओं को एक पूर्ण विकसित मार्ग इस सड़क बनने के बाद उपलब्ध होगा, इस सड़क के बनने के बाद ग्वारीघाट में मिलने वाले जाम से मुक्ति मिलेगी और यह मार्ग जबलपुर में बन रही देश की दूसरी सबसे बड़ी रिंग रोड से जोड़ने का कार्य भी करेगा। श्री सिंह ने बताया जबलपुर में घाटों का विकास सरयू की तर्ज पर करने का कार्य प्रारम्भ होने वाला है, जिलहरी घाट से खारीघाट तक के घाट विकसित होने वाले माँ नर्मदा के इन सुंदर और व्यवस्थित घाटों पर पहुंचने के लिए यह सड़क जबलपुर वासियो और बाहर से आने वाले श्रद्धालु भक्तो के लिए एक सुलभ मार्ग के रूप में मिलेगी।

## प्रेम प्रसंग का मामला

# जेठ-बहू की तालाब में लाश

बालाघाट (स्वतंत्र मत)



रामपायली थाना अंतर्गत ग्राम सालेबड़ी में सनसनी फैली गई जब जेठ-बहू की लाश डेम में पाई गई हैं। जैसे जैसे जानकारी लोगों को मिलते गई वहां लोगों का हुजूम लग गया। रामपायली पुलिस मौके पर पहुंची। शनिवार की शाम से ही घर से लापता थे, और आज सुबह एरवटोला के डेम से उनका शव पुलिस ने बरामद किया है।

बताया जा रहा हैं कि उन दोनों के बीच प्रेम प्रसंग था। यह हत्या है या फिर आत्महत्या यह पुलिस जांच उपरांत ही कहा जा सकता है। मृतिका का नाम सीमा पति अजय राहंगडाले उम्र करीब 40 वर्ष और प्रकाश पिता रोशन लाल राहंगडाले उम्र करीब 45 वर्षीय ग्राम सालेबर्डी निवासी बताया गया है। जानकारी अनुसार, प्रकाश राहंगडाले नल जल मिशन के कार्य में ठेकेदार के पास सुपरवाइजर का काम करता रहता था।

शनिवार को प्रकाश और सीमा दोनों घर से लापता थे। बताया जा रहा हैं कि देर रात को एरवटोला में देखा गया था। ग्रामीणों ने रविवार सुबह एरवटोला के डेम किनारे में बाईक, चप्पल दिखाई दिए। डेम में देखा गया तो महिला और पुरुष की शव डूबा हुआ दिखाई दिया। जिसके बाद ग्रामीणों का हुजूम लग गया पुलिस को जानकारी दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने डेम में डूबी लाश को बरामद किया। जहां पहचान प्रकाश राहंगडाले और सीमा राहंगडाले के रूप में हुई, जहां शव डूबा हुआ था वहां अधिक पानी नहीं था। ग्रामीणों ने कहा कि दोनों शनिवार से लापता थे, दोनों एक ही परिवार के हैं और आपस में जेठ और बहु का रिश्ता हैं। एरवटोला रोड़ में डेम में दोनों का शव पाया गया हैं।

रामपायली थाना प्रभारी दिलीप मौर्य ने बताया कि जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे हैं जांच जारी हैं, महिला और पुरुष में जेठ-बहु का रिश्ता बताया जा रहा हैं। मौके से कीटनाशक दवा की बोतल मिली है, दोनों के शरीर में कोई चोट के निशान नहीं हैं। प्रथम दृष्टया प्रेम प्रसंग के चलते कदम उठाए हैं, जांच में ही पता चलेगा कि कीटनाशक दवा से या पानी में डूबने से मौत हुई हैं।

# सिरका एवं अलीटोला के जंगल में मिला नक्सली डम्प

### आधुनिक विस्फोटक व नक्सल साहित्य बरामद

**बालाघाट।** भारत सरकार द्वारा मार्च 2026 तक नक्सलवाद के पूर्ण उन्मूलन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी दिशा में बालाघाट पुलिस ने नक्सल विरोधी अभियान को और अधिक गतिशील व प्रभावी बनाया है। जिले के नक्सल प्रभावित इलाको में बड़े पैमाने पर संयुक्त सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। हॉकफोर्स, सीआरपीएफ, कोबरा, जिला पुलिस बल तथा बीडीडीएस टीम द्वारा पिछले कई दिनों से लगातार सघन सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस बल न केवल नक्सलियों की तलाश कर रहा है, बल्कि बीडीडीएस टीम एवं डॉग स्क्वॉड की सहायता से जंगल में छिपाए गए नक्सल डम्प, विस्फोटक सामग्री और खतरनाक उपकरणों की भी विधिवत सर्चिंग की जा रही है।

इसी क्रम में थाना किरनापुर क्षेत्र के सिरका मोजाडेरा एवं अलीटोला जंगलों में की गई तलाशी के दौरान पुलिस सर्चिंग पार्टी ने दो अलग अलग स्थानों में जमीन में गाड़कर छिपाया गया भारी मात्रा में



नक्सल डम्प बरामद किया है। बरामद सामग्री में विस्फोटक पदार्थ, कारतूस, कम्युनिकेशन डिवाइस, दर्द निवारक इंजेक्शन, बुखार, ओआरएस, विटामिन सप्लीमेंट, अनाज तथा दैनिक उपयोग की कई अन्य वस्तुएँ शामिल हैं। नक्सली ऐसे डम्प जंगल में गाड़कर रखते हैं ताकि आवश्यकता पड़ने पर उनका उपयोग किया जा सके। सुरक्षा बलों द्वारा लगातार चला रहे सर्चिंग अभियान ने नक्सलियों पर उल्लेखनीय दबाव बनाया है, जिसके चलते वे अपने ठिकानों को छोड़कर भागने को मजबूर हैं। बालाघाट सहित सीमावर्ती राज्यों के संयुक्त अभियान की प्रभावशीलता का परिणाम यह है कि हाल ही में एमएमसी जोन के कई नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। नक्सलियों में आत्मसमर्पण का दबाव लगातार बढ़ रहा है और सुरक्षा बलों की कार्यवाही से नक्सली भयग्रस्त हैं। इधर, सरकार ने भी स्पष्ट संदेश दिया है कि नक्सली या तो आत्मसमर्पण करें अथवा सुरक्षा बलों की कठोर कार्रवाई के लिए तैयार रहें। बालाघाट पुलिस जिले को शीघ्र ही नक्सल मुक्त बनाने हेतु पूरी तरह प्रतिबद्ध है और निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए इसी कड़ाई और गतिशीलता के साथ नक्सल विरोधी अभियान जारी रखेगी। पूरी कार्यवाही के दौरान सिरका-मोजाडेरा जंगल क्षेत्र से बरामद डम्प में भारी मात्रा में महत्वपूर्ण दवायें, उपचार सामाग्री, अनाज व नक्सल साहित्य बरामद की गई है। वही अलीटोला के जंगल क्षेत्र से बरामद नक्सल डम्प में हस्तलिखित चिट्ठी, विस्फोटक/बीजीएल सेल के 6 पैकेट, लांचर राउंड 11 नग, 303 बोर रायफल के राउंड 9 नग, 12 बोर रायफल के जिंदा राउंड 3 नग, 12 बोर के खाली राउंड 9 नग, मोटरोला वायरलेस 3 नग, रेडियो, एंड्रॉयड फोन 4 नग, कीपैड मोबाइल 4 नग, मोबाइल चार्जर 2 नग, बैटरी चेक डिवाइस 1 नग, ट्रिमर मशीन, रांगा/सोल्डर 3 नग बरामद हुए।

## पारिवारिक विवाद में छोटे भाई ने की बड़े भाई की कुल्हाड़ी मारकर हत्या




बालाघाट (स्वतंत्र मत)

जिले के लालबर्रा थानांतर्गत अंतर्गत ग्राम पंचायत साल्हे लालबर्रा से सनसनीखेज वारदात सामने आई, जहां पारिवारिक विवाद के दौरान छोटे भाई ने अपने ही बड़े भाई की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी। जहां सुचना पर मौके पर पहुची पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही कर आरोपी भाई को गिरफ्तार किया है।दरअसल मृतक अनिल कुमरकर उम्र 32 वर्ष ग्राम साल्हे निवासी है जो अपने परिवार के साथ में नागपुर में मजदूरी कार्य करता था।

शासन से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास स्वीकृत होने के बाद वह विगत दिनो परिवार समेत नागपुर से गांव लौट आया हुआ था। साथ ही उनका छोटा भाई अजेश कुमरकर भी मजदूरी कार्य करता है, वह भी नागपुर से अपने घर आया हुआ था। इस दौरान शनिवार की रात करीब 08 बजे दोनों भाईयों में पारिवारिक विवाद हो गया और यह विवाद इतना बढ़ गया कि छोटे भाई ने बिस्तर में सोये अपने बड़े भाई पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। जहां भाई के सिर एवं गले में धनाधन वार करके उसकी हत्या कर दी। घटना की जानकारी लगते ही लोगों की घटना स्थल में भीड़ लग गई और लोगो को अनिल को बचाने के लिये तत्काल उसे लालबर्रा अस्पताल पहुंचाया, परंतु चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद ग्रामीणो ने पुलिस को भी घटना की जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी भाई को गिरफ्तार किया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

इस घटना से पूरा गांव सहम गया है। वही मृतक के ससुराल पक्ष के लोगो एवं परिजनों ने आरोपी पर कठोर कार्यवाही करने की मांग की है।

### 4 दिसंबर को पीएमईजीपी योजना अंतर्गत शिविर का आयोजन

बालाघाट (स्वतंत्र मत)

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम,पीएमईजीपी के तहत आगामी 04 दिसंबर को एक दिवसीय जागरुकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, वार्ड नं. 01, बुढी बालाघाट में 04 दिसंबर को दोपहर 2 बजे इस इस शिविर का आयोजन होगा। यह शिविर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, म.प्र. खादी बोर्ड एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया जायेगा। यह शिविर बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती एवं 05 वें जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर में बेरोजगार युवक-युवतियों को स्वरोजगार के अवसर, ऋण योजनाओं और आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी जाएगी।

## कान्हा घूमने आये ब्रिटेन के फिन और विल ने हॉकी खिलाड़ियों के साथ खेला चैरिटी मैच

### बहन की स्मृति में खिलाड़ियों को डोनेट की स्टिक और स्पोर्ट्स किट

### कहा इंडिया मोहब्बत वाला देश, स्टेडियम की भी करी सराहना

बालाघाट (स्वतंत्र मत)



यूनाईटेड किंगडम से राष्ट्रीय कान्हा उद्यान में घूमने आए, विदेशी मेहमान फिन और विल ने रविवार को बालाघाट के हॉकी मैदान पहुंचकर खिलाड़ियो के साथ चैरिटी मैच खेला। दरअसल, फिन और विल, सिस्टर स्व. राचेल की ब्रेन ट्यूमर से हुई मौत के बाद वह ना केवल घूमकर, लोगों को इससे जागरूक कर रहे है बल्कि सिस्टर की स्मृति में चैरिटी भी कर रहे है। इसी के तहत दोनो विदेशी मेहमान रविवार को बालाघाट के एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान पहुंचे। यहां फिन ने बालक टीम और विल ने बालिका टीम में बांटकर चैरिटी मैच खेला। यही नहीं बल्कि विदेशी मेहमानो ने, खिलाड़ियो को हॉकी स्टिक और स्पोर्ट्स किट भी डोनेट की। मैदान पहुंचे विदेशी मेहमानो फिन और विल का हॉकी मध्यप्रदेश उपाध्यक्ष विजय वर्मा, नेहरू स्पोर्टिंग क्लब के सीनियर्स खिलाड़ी राजकुमार शांडिल्य, रमेश ऊके, सुशील वर्मा राधेलाल दवने,गगन वर्मा ने उनका स्वागत किया। यहां नेहरू स्पोर्टिंग क्लब और जिले के हॉकी खिलाड़ियों ने सिस्टर राचेल के निधन पर मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

विदेशी मेहमान, विल ने बालाघाट के हॉकी स्टेडियम की सराहना करने के साथ ही खिलाड़ियो की भी प्रशंसा की और पुनः यहां आने की इच्छा जताई। उन्होंने बताया कि बालाघाट में हॉकी का अच्छा मैदान है, क्योंकि हमें हॉकी से लगाव है। आज लंदन में, बहन की स्मृति में एक चैरिटी हॉकी मैच करवा रहे हैं, जिसमें हम शामिल नहीं हो सकते थे, हमने सोचा कि क्यों ना बालाघाट के हॉकी मैदान में चला जाए और आज एक चैरिटी मैच खेला। उन्होंने बताया कि इंडिया, मोहब्बत वाला देश है और कान्हा में वन्यजीवों को देखने का रोमांच अद्भुत है। वह मौका मिले तो दोबारा यहां आएंगे।

## पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा योजना के क्रियान्वयन हेतु हेलीपैड निर्माण स्थल काकलेक्टर,पुलिस अधीक्षक ने किया मुआयना



**उमरिया।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। इसी उद्देश्य से पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा योजना प्रारंभ की गई है । योजना के क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक विजय कुमार भागवानी ने मानपुर विकासखंड अंतर्गत हेलीपैड निर्माण हेतु विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान सुनिश्चित किया गया कि हेलीपैड स्थल की दूरी बीटीआर के कोर जोन से 1 किमी. से अधिक हो।निरीक्षण के दौरान ग्राम सरमनिया में दो स्थलों का अवलोकन किया गया।इनमें से किसी एक स्थल का चयन कर आयुक्त शहडोल संभाग की अध्यक्षता में इको सेंसटिव जोन मानीटरिंग समिति की बैठक आयोजित कर योजना के क्रियान्वयन संबंधी निर्णय लिया जाएगा तथा समिति के निर्णय उपरांत अनुमति मिलने पर पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा योजना के क्रियान्वयन हेतु हेलीपैड निर्माण कार्य चयनित स्थल पर शुरू किया जाएगा । निरीक्षण के दौरान उप संचालक बांधवगढ टाइगर रिजर्व पी के वर्मा,एसडीएम मानपुर हरनीत कौर कलसी,एसडीओ फॉरेस्ट मानपुर,तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जेल का किया अवलोकन

**उमरिया-** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जेल का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान जेल में साफ-सफाई ठीक पाई गई। जेल में बंदियों के स्वास्थ्य चर्चा में पाया कि प्रतिदिन योगा-व्यायाम कराया जाता है। उनकी व्यक्तिगत हाइजीन व्यवस्था संतुष्टीपूर्वक पाई गया। इस अवसर पर उनके द्वारा मानसिक उपचार ले रहे 5 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया गया।

जेल अधीक्षक डी.के.सारस, जेल चिकित्सक डा. एस0 के0 जैन तथा जेलर / उप अधीक्षक मखन सिंह मार्को एवं मेलनर्स कनिका रामपाल तथा ड्यूटीरत प्रमुख मुख्य प्रहरी एवं मो0 शारिब, प्रहरी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर की उपस्थिति में कृषकों के खेत में सुपर सीडर के माध्यम से की गई सरसो की बोवनी




उमरिया (स्वतंत्र मत)

प्रधानमंत्री धन धान्य योजना के तहत कृषक राजकुमार द्विवेदी तथा जानकी प्रसाद मिश्रा के खेत में सुपर सीडर के माध्यम से सरसों की बोवनी कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, सीईओ जिला पंचायत कि उपस्थिति में की गई। इस अवसर पर राज कुमार व्दिवेदी पिता नरेंद्र व्दिवेदी ग्राम चंदिया के खेत में 2.50 एकड़ में से 2 एकड में सुपर सीडर मशीन से सरसो कि बोवनी तथा जानकी प्रसाद मिश्रा पिता बृजमोहन प्रसाद मिश्रा ग्राम बड़वारा छोटी पाली विकासखंड करकेली के पास धारित 2.50 एकड़ मे से 2 एकड मे सरसो की बोनी जीरो टिलेज के माध्याम से कराई गई । इस अवसर पर उप संचालक कृषि संग्राम सिंह,आसुतोष अग्रवाल,कृषि विस्तार अधिकारी सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ।

## बाबा जी के जन्मदिन के अवसर पर अंतरराष्ट्रीय कव्वाल जुनैद सुल्तानी देंगे अपनी शानदार प्रस्तुति

उमरिया (स्वतंत्र मत)

विदित हो की एक दिसम्बर को उमरिया वाले बाबा सुशील सिंह जी का जन्मदिवस उनके चाहने वालों के द्वारा प्रतिवर्ष बड़ी मुहब्बत के साथ ब्रह्द रूप से मनाया जाता है इसी तारतम्य में इमामबाड़ा कमेटी उमरिया दूरा पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी बड़े ही धूमधाम से बाबा जी का जन्मदिवस मनाया जा रहा है बीते वर्ष की तरह इस वर्ष भी कव्वाली का शानदार प्रोग्राम शहर के मंगल भवन परिसर में रखा गया है जिसमें ख्याति प्राप्त अंतरराष्ट्रीय कव्वाल जुनैद सुल्तानी तमाम रात अपनी आवाज की खुशबू बिखेरते हुए कव्वाली की प्रस्तुति सोमवार को रात्रि 08 बजे से देंगे । बताते चलें कि बाबा जी के जन्मदिन के अवसर पर पूर्व में भी देश के जाने-माने कव्वाल अनीस साबरी जैसे कव्वाली के फनकार अपनी प्रस्तुति दे चुके हैं इस वर्ष भी अंतरराष्ट्रीय कव्वाल जुनैद सुल्तानी की आवाज में कव्वाली सुनने का मौका मिलेगा इस बात को लेकर उमरिया सहित आसपास के जिलों के नागरिकों और बाबा जी के चाहने वालों वा कव्वाली के शौकीन नागरिकों में उत्सुकता का समाचार प्राप्त हो रहा है इस कार्यक्रम की सारी तैयारियां आयोजन समिति द्वारा पूरी कर ली गई है ।

### कबीर मेला 4 को, कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**उमरिया।** कबीर मेला के अवसर पर 4 दिसंबर को बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व ताला स्थित कबीर गुफा में भव्य मेले का आयोजन किया गया है। कलेक्टर ने मेले की समस्त तैयारियां समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक विजय कुमार भागवानी ने संयुक्त रूप से श्रध्दालुओ के लिए कबीर गुफा तक पहुंचने वाले मार्गो का अवलोकन किया। इसके साथ ही अन्य व्यवस्थाओ के संबंध में जानकारी प्राप्त की । निरीक्षण के दौरान उन्होने पार्किंग व्यवस्था,प्रवेश का समय,वापसी का समय,साफ सफाई व्यवस्था,पुलिस व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था,स्वास्थ्य व्यवस्था आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।



# गीता जयंती पर उमरिया जिला जेल में गीता पाठ का हुआ आयोजन

**उमरिया।** गीता जयंती के अवसर पर मध्यप्रदेश शासन जेल विभाग के निर्देश पर उमरिया जिला जेल में एक विशेष आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बंदियों में आध्यात्मिक चिंतन, नैतिक मूल्यों और सकारात्मक सोच को प्रोत्साहित करना था। इसी कड़ी में जेल प्रशासन ने बंदियों के लिए गीता पाठ का आयोजन कराया जो आगामी 3 दिसंबर तक जारी रहेगा, जिसमें बड़ी संख्या में बंदियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया गीता पाठ के दौरान बंदियों को श्रीमद्भगवद्गीता के विभिन्न अध्यायों एवं श्लोकों का पाठ कराया गया। कई बंदियों ने मन लगाकर अध्ययन किया और श्लोकों के अर्थ को समझने का प्रयास किया।



पाठ के समापन के बाद उनकी 100 प्रश्नों की एक परीक्षा भी ली गई, जिसमें बंदियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यह साबित किया कि यदि अवसर और सही दिशा मिले तो बदलाव हमेशा संभव है। परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बंदियों को जेल प्रशासन द्वारा प्रोत्साहित किया गया।गीता पाठ के बाद जेल परिसर में कवि सम्मेलन का आयोजन भी किया गया, जिसने कार्यक्रम की छटा को और भी आकर्षक बना दिया। कवि सम्मेलन में जेल आरक्षक शारिब पूर्वांचली ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया।वातायन सांस्कृतिक एवं साहित्यिक संस्था की अतुलनीय भूमिका रही। शंभू सोनी , करन सिंह , संपत नामदेव , आशीष तोमर द्वारा विशेष रूप से प्रस्तुति दी गई। उनके द्वारा प्रस्तुत की गई कविताओं ने वहां मौजूद बंदियों और अधिकारी-कर्मचारियों को भावुक और प्रेरित किया।जेल अधीक्षक डी के सारस ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बंदियों के मानसिक विकास और आत्म-सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इससे न केवल उनमें सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, बल्कि जीवन के प्रति नई सोच और उम्मीद भी जगती है।

गीता जयंती के इस विशेष कार्यक्रम ने बंदियों को आध्यात्मिक मार्ग से जोड़ते हुए उनके मन में नई रोशनी जगाने का कार्य किया और जेल परिसर में एक सकारात्मक व प्रेरणादायक वातावरण का निर्माण किया।

### गीता महोत्ससव का शुभारंभ कॉलरी स्कूल गाउंड उमरिया में आज

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि गीता महोत्सव का शुभारंभ कॉलरी स्कूल ग्राउंड उमरिया में बांधवगढ विधानसभा क्षेत्र के विधायक शिवनारायण सिंह के मुख्य आतिथ्य में होगा ।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष अनुजा पटेल करेंगी। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10 बजे होगा ।

# सिकल सेल जनजागरण कैम्प में मरीजों ने कराई जाँच नि:शुल्क दवा का हुआ वितरण डॉक्टरों ने दी सलाह





मण्डला (स्वतंत्र मत)।

सिकल सेल जनजागरण कैम्प का आयोजन रविवार को किया गया। रानी दुर्गावती महाविद्यालय परिसर में आयोजित इस शिविर में सिकल सेल पीड़ित मरीज और उनके परिजन मुख्य रूप से उपस्थित रहे। यह शिविर महिष्मति गौ सेवा रक्तदान संगठन मंडला थैलेसीमिया जन जागरण समिति मप्र नोवो नॉर्डिस्क इंडिया प्राईवेट लिमिटेड पराग सागर फाउंडेशन नॉलेज पार्टनर के तत्वाधान में आयोजित किया गया। इस शिविर में पूर्व विधायक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. अशोक मर्सकोले, जबलपुर से आए स्वास्थ्य विशेषज्ञों एवं समाजसेवी विकास शुक्ला, पंकज सिंघई, पराग सागर एवं बैसाखू नंदा, नीरज अग्रवाल, श्रीमती प्रिया धुर्वे, श्रीमती संजूलता सिंगौर, श्रीमती रिंकी अरोरा, डॉ. सुरेश चौधरी की सहभागिता रही। शिविर में जिले के विभिन्न ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से पहुंचें सिकल सेल से ग्रसित मरीजों एवं वाहक व्यक्तियों की स्वास्थ्य जांच रोग की गंभीरता का परीक्षण और उपचार संबंधी परामर्श प्रदान किया गया।

विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा 120 महिला एवं पुरुषों की सिकल सेल एनीमिया की स्क्रीनिंग की गई और रोगानुसार आवश्यक दवाइयां नि:शुल्क वितरित की गईं। साथ ही उपस्थित मरीजों एवं परिवारजनों को रोग की रोकथाम पहचान और समय पर उपचार के महत्व की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर डॉ अशोक मर्सकोले ने कहा कि सिकल सेल एक गंभीर अनुवांशिक बीमारी है जिसमें मरीज को समय पर रक्त उपलब्ध होना जीवन रक्षक साबित होता है।

इस संबंध में लोगों को बीमारी के लक्षण बचाव एवं उपचार के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। रक्तदान शिविर में चिकित्सकों की टीम द्वारा रक्त जांच एवं स्वास्थ्य परीक्षण भी किए गए। वहीं युवाओं को रक्तदान के महत्व से अवगत कराते हुए लगातार ऐसे सामाजिक अभियानों से जुड़ने का आह्वान किया गया। वहीं महिष्मति गौ सेवा रक्तदान संगठन के जिला अध्यक्ष दिलीप चंद्रौल ने बताया कि सिकिल सेल एनीमिया खून की कमी से जुड़ी एक बीमारी है। इस अनुवांशिक डिस्ऑर्डर में ब्लड सेल्स टूट जाते हैं। उनका साइज बदलने लगता है जो खून की नसों को ब्लॉकेज कर देती है। वही पराग सागर ने कहा कि सिकिल सेल एनीमिया में लाल रक्त कण मर जाते हैं और शरीर में खून की कमी हो जाती है। जेनेटिक बीमारी के चलते शरीर में खून बनना बंद हो जाता है।

वहीं पंकज सिंघई ने कहा कि शरीर में खून की कमी हो जाने के कारण यह रोग किडनी, तिल्ली, लीवर जैसे कई जरूरी अंगों को डेमेज होने का कारण बनता है। पर्याप्त लाल रक्त कोशिकाएं न होने से एनीमिया विकसित करते हैं, वह स्थिति जो है सिकिल सेल एनीमिया का नाम देती है। सिकिल कोशिकाएं, लाल रक्त कोशिकाओं को अपना काम करने के लिए रोकती है। सिकल सेल एनीमिया की बीमारी आनुवांशिक है। इसके उन्मूलन के लिए व्यापक जनजागरूकता आवश्यक है। इस मौके पर सिकल सेल जिला नोडल अधिकारी डॉ. कोरी ने शासन द्वारा संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं का विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि सिकल सेल एनीमिया गंभीर आनुवंशिक रोग है जिसका प्रभाव पीड़ित परिवार की कई पीढ़ियों तक देखने को मिलता है। इसलिए गर्भावस्था के दौरान जाँच और विवाह पूर्व स्क्रीनिंग सबसे महत्वपूर्ण कदम है।

डॉ. कोरी ने कहा कि जिला स्वास्थ्य विभाग पूर्व से ही निरंतर इस दिशा में पहल कर रहा है तथा आगे भी सिकल सेल उन्मूलन के लक्ष्य को पूरा करने के लिए हर स्तर पर प्रयास जारी रहेंगे। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी व्यक्ति में अत्यधिक थकान, कमजोरी, हड्डियों में दर्द, पीलिया जैसे लक्षण दिखाई दें तो तुरंत सिकल सेल की जाँच कराएं। समय पर उपचार से रोग की जटिलताओं को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। शिविर में उपस्थित स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने भी सिकल सेल रोग की पहचान, रोकथाम और पोषण के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉक्टर सुरेश चौधरी ने बताया कि संतुलित आहार, पर्याप्त पानी का सेवन और नियमित चिकित्सकीय परीक्षण इस रोग के प्रबंधन में मुख्य भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा कर्मियों और सामाजिक संगठनों की सक्रिय भूमिका उल्लेखनीय रही।

इस अवसर पर सुरक्षित रक्तदान, जन स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और ग्रामीण क्षेत्रों तक उपचार संसाधन पहुंचाने को लेकर भी चर्चा की गई। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जानकारी बूथ, परामर्श केंद्र, दवा वितरण केंद्र और रक्त जांच काउंटर स्थापित किए गए थे। मरीजों और परिजनों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए नीरज अग्रवाल ने कहा कि ऐसे शिविर नियमित रूप से आयोजित होने चाहिए ताकि अधिक से अधिक लोगों को इससे लाभ मिले।

समापन सिकल सेल उन्मूलन का यह प्रयास मंडला जिले के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा आगे भी ऐसे शिविरों को व्यापक स्तर पर आयोजित करने की योजना बनाई जा रही है, ताकि जिले को सिकल सेल मुक्त बनाना संभव हो सके। यह शिविर जिलास्तर पर स्वास्थ्य जागरूकता के लिहाज से अत्यंत उपयोगी और सफल सिद्ध हुआ। इस दौरान उपस्थिति अतिथियों का पुष्पमाला से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में गौसेवा रक्तदान संगठन के सक्रिय कार्यकर्ता पंकज मलिक सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने सहभागिता दर्ज कराई।

# स्कूल से घर जाते समय कभी गिनती तो कभी पहाड़ा

मण्डला/नारायणगंज(स्वतंत्रमत)।



राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार प्रत्येक माह जन शिक्षा केंद्र स्तर पर शैक्षिक संवाद के आयोजन किए जाते हैं। इसी क्रम में 29 नवंबर को जिले के समस्त विकासखंडों में शैक्षिक संवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए लेकिन विकासखण्ड नारायणगंज में बीईओ डीके सिंगौर और बीआरसी कमलेश भवेदी के संयुक्त प्रयास से विकासखण्ड के समस्त जन शिक्षा केंद्रों में कक्षा पहली व दूसरी में अध्यापन कार्य करने वाले शिक्षकों लिए शैक्षिक संवाद का आयोजन विशिष्ट नवाचार के साथ संपन्न हुआ। इसके पूर्व गत सप्ताह में माड़ोगढ़ जन शिक्षा केंद्र से इसकी शानदार शुरुआत की गई थी ज्ञात हो कि विकासखण्ड नारायणगंज में विद्यार्थियों को शिक्षानुकूल वातावरण प्रदान करने एवं एवं उनके सर्वांगीण विकास हेतु बीईओ द्वारा हमारा विद्यालय सुंदर विद्यालय कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसमें सतत नवाचार किए जा रहें हैं।

इसी कड़ी में विगत दिवस आयोजित शैक्षिक संवाद में बीईओ द्वारा प्राथमिक कक्षाओं में अध्यापन कराने वाले शिक्षकों को शिक्षण कार्य में टीएलएम के महत्व को समझाते हुए एक विशिष्ट नवाचार किया गया जिसमें शैक्षिक संवाद कार्यक्रम के पूर्व और पश्चात सभी शिक्षकों ने संवाद स्थल पर विद्यार्थियों को विभिन्न विषय वस्तुओं को सरलता से समझाने हेतु सामूहिक रूप से सहायक शिक्षण सामग्री का निर्माण किए कुछ शिक्षक सामग्री घर से तैयार करके भी लाए जिसको देखकर अन्य शिक्षकों ने भी अपने अपने विद्यालय के लिए सहायक शिक्षण सामग्री तैयार की।

शिक्षक एक दूसरे के सुझावों को लेकर भी बच्चों के लिए सरल तरीके से समझने के लिए एक से बढ़कर एक टीएलएम तैयार किए। इस टी एल एम तैयार करने की मॉनिटरिंग बीईओ, बीआरसी और बीएसी द्वारा की गई और उनके प्रयासों को सराहा और मार्गदर्शन किया बीईओ डी के सिंगौर ने बताया कि सहायक शिक्षण सामग्री के उपयोग से जहां बच्चों का विषय वस्तु पर जल्दी ध्यान आकर्षित होता है वहीं बच्चे विषय वस्तु को जल्दी सीखते हैं। जब बच्चे जल्दी सीखेंगे तो बच्चों की विद्यालय में उपस्थिति बढ़ेगी और शाला त्यागी बच्चों की संख्या भी घटेगी डीके सिंगौर ने बताया कि स्कूल में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने विद्यालय में पठन पाठन का माहौल सहज और उत्साह पूर्ण बनाने बच्चे स्कूल से घर जाते समय एक लाइन से निकलते हुए कभी गिनती कभी पहाड़ा कभी कहानी आदि का जोर जोर से वाचन कर रहे हैं। पूरे विकासखंड के प्राथमिक विद्यालयों में ऐसी गतिविधियों को चलाने अभियान चलाया जा रहा है।

बच्चों के एक दिन भी अनुपस्थित रहने को नोटिस किया जा रहा है और पालकों से संपर्क किया जा रहा है। विकास खंड शिक्षा अधिकारी डीके सिंगौर ने बताया कि प्राथमिक शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए लगातार अच्छे प्रयास किए जाएंगे चूंकि विकास खंड नारायणगंज भारत सरकार की आकांक्षी विकासखंड योजना में शामिल है इसलिए शिक्षा के लिए निर्धारित किए गए सभी 11 संकेतकों को शत प्रतिशत संतृप्त कर विकास खंड को अग्रणी श्रेणी में खड़ा करने का हमारा प्रयास है।

## सेवकों को पीपीओ वितरण

मण्डला(स्वतंत्रमत)।

अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह ने माह अक्टूबर में अलग-अलग कार्यालयों से सेवानिवृत्त हुए शासकीय कर्मचारियों का सम्मान और पीपीओ वितरण किया। अपर कलेक्टर ने पीपीओ वितरण के साथ सेवानिवृत्त शासकीय कर्मचारियों को उनके भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं दी।

# आरोपी को आजीवन कारावास व जुर्माना

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट न्यायालय द्वारा आरोपी संतोष कुमार यादव पिता बुद्धलाल यादव उम्र 23 वर्ष निवासी बनियातारा थाना मोहगांव जिला मंडला को धारा 376 (2) (एन) सहपठित एससी एसटी एक्ट एक्ट की धारा 3 (2) (व्ही) में आजीवन कारावास एवं कुल 2000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। 30 मई 2022 को दोपहर करीब 3-4 बजे शादी का प्रलोभन देकर खेत के बाजू में नाला के पास ले जाकर उससे शारीरिक संबंध बनाकर गलत काम बलात्कार किया। उसके बाद अभियुक्त उससे लगातार बातचीत करता रहा और 7 अप्रैल 2023 को उसे घर से घूमने चलने के लिये बुलाया और स्कूटी में बिठाकर उमरडीह और उसके गांव के बीच जंगल में स्कूटी खड़ी करके जंगल के अंदर ले जाकर दोबारा शारीरिक संबंध बनाकर गलत काम किया। उसके बाद उसे गांव के बाहर छोड़ दिया और बोला कि मैं तेरे से शादी नहीं करता, तुझे जो लगे सो कर लेना कहकर चला गया। विवेचना के दौरान अभियोक्त्री के पुलिस कथन लेखबद्ध किये गये। अभियोक्त्री का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया। अभियोक्त्री नमूना प्रदर्श मय सील नमूना के जप्त किये गये। तत्पश्चात घटनास्थल का नक्शा मौका तैयार किया गया। साक्षियों के पुलिस कथन लेखबद्ध किये गये। अभियोक्त्री के धारा 164 दप्रस के कथन कराये गये।

# एसआईआर में प्रदेश में चौथे स्थान पर मंडला

मण्डला (स्वतंत्रमत)।



भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक संचालित मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत जिले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त किया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोमेश मिश्रा के मार्गदर्शन में जिले में चल रहे पुनरीक्षण कार्य को विशेष प्राथमिकता दी गई। यह उपलब्धि उनके निर्देशन में टीम की तकनीकी दक्षता बेहतर समन्वय समयबद्ध कार्य प्रणाली और निरंतर प्रगति समीक्षा का प्रत्यक्ष परिणाम है। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में मंडला जिले ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट कार्यशैली का परिचय देते हुए प्रदेश का पहला आदिवासी जिला बनने का गौरव प्राप्त किया है जिसने इस कार्य में शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल की है। 29 नवंबर की शाम 6 बजे तक जारी रिपोर्ट के अनुसार, जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों-105 बिछिया, 106 निवास और 107 मंडला ने गणना पत्रकों के डिजिटलाइजेशन कार्य में 100त्न लक्ष्य प्राप्त कर लिया है घने वन क्षेत्रों, दुर्गम भौगोलिक स्थिति और सीमित नेटवर्क सुविधाओं वाला जिला है, वहाँ यह सफलता कोई सामान्य उपलब्धि नहीं है नेटवर्क समस्या, कठिन भू-भाग, दूरदराज़ के गांव और लगातार फील्ड में कार्यरत टीमों के सामने अनेक बाधाएं थीं लेकिन इसके बावजूद जिला प्रशासन की टीम ने दिन-रात मेहनत कर यह मुकाम हासिल किया।टीम ने अदम्य जज़्बे के साथ क्षेत्रीय कठिनाइयों को पीछे छोड़ते हुए काम किया।

यहाँ तक की रात के समय में भी ऑनलाइन डेटा फीडिंग और दस्तावेज़ अपलोड का कार्य जारी रहा जिससे जिले ने डिजिटाइजेशन कर शत प्रतिशत उपलब्धि दर्ज की एसआईआर कार्य में मिली इस शानदार सफलता पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोमेश मिश्रा ने सभी ईआरओ, एईआरओ, बीएलओ, सुपरवाइजर सहित इस कार्य में जुटे सभी कर्मचारियों और टीमों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

# केडीवी मिशन का स्वच्छता अभियान

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** कबीर धर्मदास वंशावली केडीवी मिशन के संस्थापक सदगुरु कबीर धर्मदास वंशावली के 16 वें वंशाचर्य पंथ श्री हुजूर उदित मुनिनाम साहेब के दिशा-निर्देशन में मिशन के द्वारा देवगांव संगम के नर्मदा घाटों में स्वच्छता कार्यक्रम चलाकर साफ-सफाई की गई। बुढ़नेर और नर्मदा संगम स्थल पर स्थित मंदिर प्रांगण में पुराण सुनने पहुंचे श्रृद्धालुओं को फल वितरण किया गया। कबीर पंथ समुदाय से पीडी खैरवार ने बताया है कि वंशाचार्य पंथ श्री उदित मुनि नाम साहब के कर कमलों से आयोजित होने वाले दो दिवसीय मेले में सेवा कार्य करने के लिए मण्डला केडीवी मिशन से 300 वॉलेंटियर जाएंगे। इस स्वच्छता कार्यक्रम में मुख्य रूप से महंत सोनादास, तुलसीराम पड़वार, सुखदास बघेल, फूलबती मानिकपुरी, जेठू दास बैरागी, रमेश मानिकपुरी, प्रतीम दास, रिंकी सोनवानी, गौतम दास, ऊषा सोनवानी, सुनील सोनवानी, सतीष मोंगरे, महंत भल्लू दास, फूलदास, गयावती, जगदीश, ऋतु , खेदी बाई, गोंडू दास, अनीता बाई, श्यामा, सावित्री बघेल, राजकुमार, अशोक दास, पामेश, अनारकली, अंजली,मंजू ने सहभागिता देते हुए सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता कार्यक्रम चलाकर समाज और देश को स्वच्छ बनाए रखने प्रेरित किया है।

# हरे माधव समिति ने किया वृक्षारोपण

मण्डला (स्वतंत्र मत)।




सदगुरू बाबा ईश्वरशाह का प्राकट्य दिवस को यादगार बनाने हेतु हरे माधव परमार्थ सत्संग समिति कटनी शाखा मंडला द्वारा वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम रखा गया। जिसमें शहर की प्रबुद्ध वर्ग महिलाएं पुरुष बच्चे सभी ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। हरे माधव ध्यान वाटिका में हरे माधव अरदास, कीर्तन, वृक्षारोपण, भंडारा का आयोजन किया गया। वृक्षों से ही वसुंधरा मनोरम वा सुहानी होगी यही नेक संदेश प्रभु सदगुरू बाबा ईश्वर शाह प्रेरणा से प्राप्त हुआ है। जिसे हम शिरोधार्य करते है। बताया जाता है कि मानव सभ्यता वा संस्कृति के विकास राष्ट्र की प्रगति एवं खुशहाली में वनों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

सृष्टि की रचना जल अग्नि, वायु, आकाश, पृथ्वी इन पांच तत्वों से हुई है ये सब प्रकृति के अनमोल उपहार है इनका संतुलन भी आवश्यक है बढ़ते हुए प्रदूषण से इनका संतुलन बिगड़ गया है जिससे खुशहाली बदहाली की ओर जा रही है। यदि हम प्राकृतिक संसाधनों सरंक्षण के लिए समुचित कदम उठाएं तो अपने बच्चों को बेहतर भविष्य दे सकते है।

# छात्रों ने समझा विजन एक देश एक चुनाव

मण्डला/निवास(स्वतंत्रमत)।



वन नेशन वन इलेक्शन विषय को लेकर स्टूडेंट्स फॉर वन नेशन वन इलेक्शन के बैनर तले निवास विधानसभा के शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई निवास में सैकड़ों छात्रों की उपस्थिति में एक सशक्त छात्र संवाद सत्र संपन्न हुआ जिसमें एक देश एक चुनाव की अवधारणा के दूरगामी सकारात्मक परिणामों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ अभियान के जिला टोली सदस्य आनंद मरावी द्वारा प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती हेमलता परस्ते की उपस्थिति में व भाजपा के निवास मंडल के मंडल अध्यक्ष आकाश पांडे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जन भागीदारी अध्यक्ष व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य वेद प्रकाश कुलस्ते ने वन नेशन वन इलेक्शन अभियान को राजनीतिक स्थिरता और विकास की नई युग की शुरुआत करने वाला कहा साथ ही इसका सकारात्मक प्रचार प्रसार करने का आग्रह किया गया आकाश पांडे द्वारा उपस्थित छात्रों से कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन क्या है इसके क्या फायदे हैं यह कैसे संभव हो पाएगा संविधान में क्या संशोधन करने पड़ेगें और इसमें छात्रों और युवाओं की क्या भूमिका हो सकती है इन बिंदुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। अभियान के जिला संयोजक व मुख्य वक्ता मंगलेश चक्रवर्ती ने छात्रों से संवाद करते हुए कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन आने वाले समय में भारत के लोकतांत्रिक ढांचे को नया रूप देने की क्षमता रखता है। एक देश एक चुनाव यानी हर दो चार महीने में होने वाले चुनावों के झंझट से मुक्ति और एक संगठित ऊर्जा से भरा चुनाव प्रबंधन है। एक देश एक चुनाव केवल एक नीति या विचार मात्र नहीं यह नए भारत का नया संकल्प है कि प्रधानमंत्री मोदी का यह विजन एक सुरक्षित और सशक्त भारत के निर्माण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम में नगर पंचायत उपाध्यक्ष बसंत चौधरी पूर्व युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्याम परस्ते जिला सह संयोजक रहीस ठाकुर जिला टोली सदस्य अश्वनी सोनी युवा मोर्चा अध्यक्ष अभिषेक ठाकुर, सचिन खमरिया, चंद्रभानु रेती, अमन चंद्रोल, आकाश उपाध्याय रोहित चौकसे, दिनेश प्रजापति सहित संस्था के समस्त छात्र-छात्राएं व शिक्षकगण उपस्थित रहे ।

# ज्ञान ज्योति हायर सेकेण्डरी स्कूल में मनाया गया 42वाँ आनंद मेला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम

**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** नैनपुर विकास समिति द्वारा संचालित ज्ञान ज्योति हायर सेकेण्डरी स्कूल नैनपुर में तीन दिवसीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता के समापन के बाद अपना च्आनंद मेला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमज्ज शनिवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एस.डी.एम.श्री आशुतोष महादेव ठाकुर, विशिष्ट अतिथि डॉ. ओ.पी. सिसोदिया, संस्था संस्थापक एवं अध्यक्ष बेनीश्याम खण्डेलवाल, उपाध्यक्ष सत्यनारायण खण्डेलवाल, सचिव जीवन लाल साहू, सह-सचिव डॉ. राजेन्द्र पाठक, कोषाध्यक्ष बंशीधर अग्रवाल एवं सदस्य गण विवके शर्मा, जिनेन्द्र साहू, महेन्द्र सोनी, प्रांचल खण्डेलवाल, सत्यम खण्डेलवाल, आयुष अग्रवाल सहित महिला विकास समिति के सभी सदस्य गणों की उपस्थिति रही। आनंद मेला 11ः30 बजे से प्रारंभ हुआ जिसमें स्कूल के छात्र-छात्राओं के द्वारा तरह-तरह के व्यंजनों के स्टॉल लगाये गये। सांस्कृतिक कार्यक्रम 3ः30 बजे से प्रारंभ होकर रात्रि 8 बजे तक संचालित रहा। जिसमें कक्षा नर्सरी से बारहवीं तक के बच्चों ने बढ़ चढ़ कर अपने उत्कृष्ट कला का प्रदर्शन कर भारत की संस्कृति-सभ्यता एवं देश भक्ति का रंग दिखाया। उपस्थित अभिभावकों व अतिथियों ने भूरी भूरी प्रशंसा किया।





सत्र 2024-25 में कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के छात्र-छात्राओं ने मध्य प्रदेश प्रावीण्य सूची में 07 बच्चे एवं जिला प्रावीण्य सूची में आये 06 बच्चो को नैनपुर विकास समिति द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं सील्ड से सम्मानित किया गया। साथ ही कक्षा पाँचवीं एवं आठवीं में विद्यालय में आये प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को भी सम्मानित किया। साथ ही बोर्ड कक्षाओं में प्रतिवर्ष विषयवार विशेष योग्यता दिलाने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं को कक्षा दसवीं एवं बारहवीं में प्रति छात्र 300-300 रूपये और कक्षा पाँचवी एवं आठवीं में प्रति छात्र 200-200 रूपये की राशि प्रदान किया। पुरूस्कार वितरण कार्यक्रम मे अतिथियों सदस्यों एंव संस्था प्राचार्य प्रवीण नायडू मंच पर उपस्थित रहे और 3,50,700 रूपये पुरुस्कार राशि प्रदान की गई।

सत्र 2024-25 के लिए विद्यालय का सर्वश्रेष्ठ छात्र जिशान कुरैशी को समिति अध्यक्ष बेनीश्याम खण्डेलवाल द्वारा घोषित कर सील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।

नैनपुर विकास समिति द्वारा कक्षा पाँचवीं, आठवीं, दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड कक्षाओं में अध्यापन कार्य कराने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं में संस्था प्राचार्य प्रवीण नायडू, हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल प्रभारी एस. एन. अय्यर, माध्यमिक स्तर प्रभारी एम. एम. जायसवाल, बी. एल. देशमुख, पूर्व प्राथमिक प्रभारी श्रीमति रेखा रजक, श्रीमति संजू सिंह द्विवेदी, दुर्गाप्रसाद साहू, राजेश कुमार मिश्रा, कु. जुई रानी शील, शशीकांत दुबे, प्रदीप यादव, श्रीमति शिल्पी पीपरे, श्रीमति प्रीति ठाकुर, रंजीत नागवंशी आदि, कक्षा आठवीं में अध्यापन कार्य कराने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं में श्रीमति ममता चंद्रोल, श्रीमति नेहा पीपरे, श्रीमति स्मृति डे. नीरज झारिया, अजीत कुजुर, संदीप कुमार भावरे इसी प्रकार कक्षा पाँचवीं में अध्यापन कार्य कराने वाले प्रभारी शिक्षिका श्रीमति अनिता यादव, श्रीमति कांती देशमुख, श्रीमति पूनम मेहरा, श्रीमति अनिता गाजरानी, श्रीमति वर्षा नायक को विशेष योग्यता एवं शत् प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने के लिए शिक्षक-शिक्षिकाओं को सम्मानित कर पुरूस्कृत किया और निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया गया।

संपादकीय

# आतंक के खिलाफ लड़ाई

वॉशिंगटन डीसी में व्हाइट हाउस के पास दो अमेरिकी नेशनल गार्ड पर गोलियों की वर्षा बहुत दुखद और चिंताजनक है। अमेरिकी प्रशासन ने इसे आतंकी हमला करार दिया है। इस हमले से अमेरिका में चिंता की लहर है। राष्ट्रपति ट्रंप ने इसके लिए अफगानिस्तान की तालिबान सरकार को घेरा है, तो तालिबान सरकार ने इसके लिए पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई को जिम्मेदार ठहरा दिया है। मतलब, दोष या जिम्मेदारी टालने की कवायद तेज हो गई है। सुरक्षा गार्डों पर गोली चलाने वाले अफगानी नागरिक को गिरफ्तार कर लिया गया है। अब पूछताछ से ही यह स्पष्ट होगा कि इस हमले के पीछे केवल एक आतंकी का हाथ है या कोई पूरा संगठन है।

पहली नजर में यह बहुत बड़ी घटना नहीं लगती, पर अमेरिका ने इसे बहुत गंभीरता से लिया है, तो यह अच्छी बात है। अब अमेरिकी सुरक्षा एजेंसियों को इस मामले की तह में जाना चाहिए। पूरी ईमानदारी से देखना चाहिए कि आतंक की नई आग कहां से सुलग रही है और इसे कैसे शांत किया जाए? हालांकि, यह वाकई चिंतन का विषय है कि अमेरिका में अफगानी नागरिक क्या कर रहे हैं? यह अफगानी हमलावर भी अमेरिकियों की मदद से ही अफगानिस्तान से बाहर निकला है। यह हमलावर पूर्व में सीआईए या अमेरिकी सेना का सहयोगी था। अमेरिकी फौज जब अफगानिस्तान से आनन-फानन में भागी, तब अमेरिका के सहयोगी रहे अफगानिस्तानियों पर शामत आ गई। इस हमलावर पर भी शामत आई थी और वह साल 2021 में अमेरिका आ गया। अमेरिकी प्रशासन उसे लेकर आया, पर उसे अभी तक अमेरिकी नागरिकता नहीं मिली है। अब अमेरिका में मौजूद तमाम अफगानियों के साथ कड़ाई शुरू हो जाएगी। अमेरिका का आतंकवाद के खिलाफ लड़ना जरूरी है, लेकिन उसे सोलह आना ईमानदार होना पड़ेगा। ऐसा हो नहीं सकता कि दुनिया में अनेक देशों में आतंकवाद हो और अमेरिका अछूता रह जाए। कोई संदेह नहीं, अमेरिका को आतंकवाद के खिलाफ चल रही लड़ाई का नेतृत्व करना चाहिए। अमेरिका क्या ऐसा कर रहा है? अफसोस की बात है, अमेरिका ने अफगानिस्तान में हस्तक्षेप तो किया, पर समस्या का समाधान नहीं कर पाया।

दूसरी ओर, पाकिस्तान के साथ अमेरिकी प्रशासन की जो इन दिनों करीबी बढ़ी है, उससे खुद पाकिस्तान को आतंकवाद के स्तर पर कोई लाभ नहीं हुआ है। वहां भी आतंकी हमले हो रहे हैं। ऐसा इसलिए हो रहा है, क्योंकि ये देश आतंकवाद के खिलाफ ईमानदार नहीं हैं। नतीजा यह कि हाल के वर्षों में अमेरिका में आतंकी हमलों व साजिशों में वृद्धि हुई है। बीते 10 सितंबर को 'टर्निंग पॉइंट यूएसए' के सह-संस्थापक चार्ली किर्क की हत्या एक दुखद मिसाल है। क्या अमेरिका में राजनीतिक हत्याओं की वापसी हो रही है? बेशक, आतंकी समूह-अल कायदा और इस्लामिक स्टेट को अमेरिका ने कमजोर कर दिया है, लेकिन आतंकी संगठनों के समूल विनाश का काम अभी बाकी है। अमेरिका में किसी एक हमले को 'हम सब पर हमला' बताने की आदत अच्छी है, पर काश, अमेरिका अपनी वैश्विक जिम्मेदारियों को भी समझे। अगर वह ऐसा करेगा, तो दुनिया में सच्चे अर्थों में आतंक के खिलाफ लड़ाई शुरू होगी।

# एसआईआर का विरोध: चिन्ता लोकतंत्र की या वोट बैंक की



ललित गर्ग

लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

भारत का लोकतंत्र आज जिस निर्णायक मोड़ पर खड़ा है, वहां उसकी विश्वसनीयता और मजबूती का सवाल पहले से कहीं अधिक गंभीर हो गया है। चुनावों की पारदर्शिता, मतदाता सूची की शुचिता और राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से मतदाता पहचान की सत्यता को बनाए रखना केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा को सुरक्षित रखने का मूल तत्व है। विशेष गहन पुनरीक्षण अर्थात एसआईआर इसी उद्देश्य से प्रारंभ की गई वह अनिवार्य प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से मतदाता सूची में मौजूद संदिग्ध, दोहरे या अवैध प्रविष्टियों की पहचान और सत्यापन किया जा सके। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिस कार्य को लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक कदम माना जाना चाहिए, उसे कुछ विपक्षी दल अपने राजनीतिक हितों के चश्मे से देख रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट में जिस प्रकार के उतावले, भावनात्मक और अक्सर तथ्यहीन तर्क प्रस्तुत किए गए, उससे यही प्रतीत होता है कि यह विरोध किसी तर्क या सिद्धांत का नहीं, बल्कि वोट-बैंक की चिंता का परिणाम है। सुप्रीम कोर्ट ने यह कहकर बेतूका राष्ट्र-विरोधही अड़ंगा लगाने वालों को आईना ही दिखाया कि बिहार में तो एक भी व्यक्ति यह शिकायत करने नहीं आया कि उसका नाम वोटर लिस्ट से हटा दिया गया है। यह भी उल्लेखनीय है कि बिहार में एसआईआर के समय कुछ खास लोगों के वोट काटे जाने का आरोप उछालने वाले भी ऐसे कथित पीड़ित लोगों के उदाहरण का साक्ष्य नहीं दे सके थे। हालांकि बिहार में एसआईआर पर विपक्षी दलों को मुंह की खानी पड़ी, लेकिन वे बाज नहीं आ रहे हैं और अब 12 राज्यों में जारी एसआईआर की प्रक्रिया को रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट के समक्ष खड़े हैं।

यह तब है, जब एसआईआर वाले राज्यों में करीब 65 प्रतिशत फार्म भरे जा चुके हैं। इसका मतलब है कि लोग इस प्रक्रिया में बढ़-चढ़ कर भाग ले रहे हैं। एसआईआर होना इसलिए आवश्यक है, क्योंकि मतदाता सूचियों में भारी त्रुटियां एवं विसंगतियां है, बड़ी संख्या में ऐसे लोगों के नाम दर्ज हैं, जिनकी मृत्यु हो गई है या फिर जो अन्यत्र चले गए हैं। इसके अलावा ऐसे भी लोग हैं, जिनके पास दोहरे मतदाता पहचान पत्र हैं। चुनाव आयोग एसआईआर के जरिये इन्हीं विसंगतियों को दूर कर रहा है, लेकिन विपक्षी दलों को पता नहीं क्यों यह रास नहीं आ रहा है। वे मतदाता सूचियों में गड़बड़ी की शिकायत भी कर रहे हैं और एसआईआर भी नहीं होने देना चाहते है। लोकतंत्र की जड़ों में सबसे बड़ा विष तब घुलता है जब मतदाता सूची अवैध हस्तक्षेपों, बाहरी घुसपैठियों और राजनीतिक संरक्षण के सहारे खड़ी प्रविष्टियों से दूषित होने लगती है। भारत लंबे समय से विदेशी घुसपैठ की समस्या से जूझ रहा है। राज्यों के बीच असंतुलित प्रवासन, सीमावर्ती क्षेत्रों में बेतरतीब आबादी का फैलाव, राजनीतिक शरण और संरक्षण के नाम पर अवैध बसेरों का निर्माण-ये सब ऐसी वास्तविकताएं हैं जिन्हें अनदेखा करना राष्ट्रहित से खिलवाड़ है।




एसआईआर की प्रक्रिया इसीलिए आरंभ की गई कि मतदाता सूची को अद्यतन, शुद्ध, विश्वसनीय, पारदर्शी और तथ्यों पर आधारित बनाया जा सके। यह प्रक्रिया किसी समुदाय, क्षेत्र या वर्ग के खिलाफ नहीं, बल्कि व्यक्तिगत पहचान के सत्यापन पर आधारित है। यह समान रूप से हर उस मतदाता की जांच करती है जो कानूनन इस प्रक्रिया का हिस्सा है। इसके बावजूद विपक्ष द्वारा इसे अधिकारों पर हमला, राजनीतिक भेदभाव या अविश्वास की राजनीति से जोड़ना केवल दुष्प्रचार एवं भोलेभाले लोगों को गुमराह करना है। यह सवाल इसलिए उठता है कि जब प्रक्रिया सबके लिए समान है, सभी क्षेत्रों पर लागू है और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशन में संचालित हो रही है, तो किस आधार पर इसे लोकतंत्र विरोधी कहा जा सकता है? वास्तव में विपक्ष इस प्रश्न का ठोस, तथ्यपूर्ण उत्तर देने में असफल रहा है। यह आशंका निराधार नहीं कि बंगाल जैसे राज्यों में बड़ी संख्या में बांग्लादेशी घुसपैठिए मतदाता बन बैठे हैं। उनके बांग्लादेश लौटने से इसकी पुष्टि भी होती है। यह ठीक है कि पहचान पत्र के रूप में आधार भी मान्य है, लेकिन उसे भी फर्जी तरीके से बनवाया गया हो सकता है। ऐसे में चुनाव आयोग को दस्तावेजों के सत्यापन का अधिकार मिलना ही चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट में प्रस्तुत विपक्षी तर्कों का विश्लेषण करें, तो उनमें वास्तविक तथ्यों एवं आंकड़ों का अभाव है। भावनात्मक अपीलें, आशंकाओं का जानबूझकर सृजन, प्रशासनिक प्रक्रिया को अविश्वसनीय बताने का प्रयास, और तथ्यों से अधिक आरोपों का शोर-ये सब इस बात की ओर संकेत करते हैं कि उद्देश्य लोकतंत्र की रक्षा नहीं बल्कि अपनी राजनीतिक जमीन को बचाना है। यदि मतदाता सूची वास्तव में त्रुटिरहित है, यदि घुसपैठियों का प्रश्न बिना आधार का है, यदि किसी वर्ग की वैधता पर कोई प्रश्नचिन्ह नहीं, तो फिर सत्यापन से भय क्यों? सत्यापन तो वही व्यक्ति या समूह टालेगा, जो स्वयं को संदेह के घेरे में पाता हो। जो स्वच्छ, वैध और तथ्यपूर्ण हैं उन्हें कभी डर नहीं होता कि जांच उनके लिए समस्या बन जाएगी। इसलिए यह विरोध लोकतंत्र की चिंता नहीं बल्कि लोकतंत्र का उपयोग करके अपने हित साधने की कोशिश प्रतीत होता है। भारत की चुनाव प्रणाली में वर्षों से यह शिकायत उठती रही है कि मतदाता सूची में दोहरी प्रविष्टियां, मृत व्यक्तियों के नाम, काल्पनिक मतदाता और बाहरी लोगों की अवैध प्रविष्टियां बढ़ती जा रही हैं। इनमें से अधिकांश समस्याएं प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम हैं, लेकिन एक बड़ा हिस्सा ऐसे राजनीतिक हितों का भी है जो ऐसी प्रविष्टियों को बनाए रखने में खुद को लाभान्वित देखते हैं।

यह तथ्य किसी से छिपा नहीं कि भारत के अनेक राज्यों में स्थानीय राजनीतिक तंत्र विदेशी घुसपैठियों के लिए न केवल छत्रछाया प्रदान करता रहा है, बल्कि उन्हें वोट-आधारित पहचान और सुविधाओं तक पहुंच भी दिलाता रहा है। इन परिस्थितियों में एसआईआर जैसी प्रक्रिया न केवल उचित है, बल्कि अत्यंत आवश्यक है। यह प्रक्रिया जितनी देर से लागू होगी, लोकतंत्र पर उतना ही खतरा बढ़ेगा। एसआईआर के विरोध का एक और पक्ष भी है, और वह है विपक्ष का यह डर कि यदि मतदाता सूची शुद्ध कर दी गई, तो उनका चुनावी गणित प्रभावित होगा। यह राजनीति का वह पक्ष है जिसमें आदर्शवाद के लिए बहुत कम जगह है। राजनीतिक दल अक्सर यह मानकर चलते हैं कि जहां संख्या उनके पक्ष में है, वहां सुधार का कोई हस्तक्षेप उनकी स्थिति को कमजोर कर सकता है। यह प्रवृत्ति लोकतंत्र की आत्मा के विरुद्ध है, क्योंकि लोकतंत्र केवल सत्ता प्राप्त करने का माध्यम नहीं बल्कि नागरिक विश्वास और संवैधानिक मूल्यों का संरक्षक है।

एसआईआर का उद्देश्य किसी को मताधिकार से वंचित करना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि मताधिकार का उपयोग वही करे जो इसके योग्य है, जो देश का वैध नागरिक है, और जिसका नाम सही तरीके से मतदाता सूची में दर्ज है। भारत का भविष्य उन सुधारों पर निर्भर करता है जो चुनावों को अधिक पारदर्शी और विश्वसनीय बनाएं। जब तक मतदाता सूची शुद्ध नहीं होगी, तब तक चुनाव परिणामों पर संदेह रहेगा और लोकतंत्र की साख कमजोर होती जाएगी। एसआईआर इस दिशा में उठाया गया साहसिक कदम है, जिसे किसी भी प्रकार के राजनीतिक दबाव या भ्रम फैलाने वाले अभियानों से प्रभावित नहीं होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में यह प्रक्रिया और अधिक निष्पक्ष और संरक्षित होती है, इसलिए विरोध के ये प्रयास और भी आधारहीन प्रतीत होते हैं।

लोकतंत्र की मरम्मत और मजबूती का यह अवसर खोना राष्ट्रहित के विरुद्ध होगा। जो दल इस प्रक्रिया को रोकने की कोशिश कर रहे हैं, वे भले ही इसे जनता के हित का मुद्दा बताने का प्रयास करें, परंतु वस्तुत: वे अपने संकीर्ण हितों की रक्षा कर रहे हैं। भारत को ऐसी राजनीति की नहीं, बल्कि ऐसी व्यवस्था की आवश्यकता है जो सत्य को प्राथमिकता दे, सत्ता से अधिक संविधान को महत्व दे, और मतदाता सूची को राजनीतिक हथियार नहीं बल्कि लोकतंत्र की पवित्र सूची माने। एसआईआर की गति और दायरा इसलिए न केवल बनाए रखना चाहिए, बल्कि उसे और भी तेज, निर्णायक और प्रभावी बनाना चाहिए, ताकि भारत का लोकतंत्र अवैध प्रभावों से मुक्त होकर एक मजबूत, पारदर्शी और विश्वसनीय भविष्य की ओर अग्रसर हो सके।

# अश्लीलता पर कैसे लगे अंकुश



आदित्य नारायण चौपड़ा

लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

अश्लीलता एक ऐसा विषय है जो समाज में नैतिक कानूनी और सामाजिक सिद्धांतों को छूता है। इसके अन्तर्गत ऐसी सामग्रियां परोसी जा रही हैं जो सार्वजनिक शालीनता को ठेस पहुंचा रही हैं। जब भी अश्लीलता परोसे जाने पर प्रतिबंध लगाने की बात उठती है तो तरह-तरह की आवाजें उठने लगती हैं। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर बहस होने लगती है। क्या नैतिक और क्या अनैतिक है इस पर तर्क-वितर्क शुरू हो जाते हैं। इस पहलू को नजरअंदाज कर दिया जाता है कि इसका समाज पर कितना विकृत प्रभाव पड़ रहा है। समाज में मासूम लोग और बच्चों के भी अधिकार हैं। ऐसा भी नहीं होना चाहिए कि कोई भी कुछ भी बोलता रहे। अश्लील कंटेंट के लिए किसी न किसी को तो जवाबदेह बनाना ही होगा। जो कुछ समाज के सामने परोसा जा रहा है उस पर कवि सौरभ मिश्र की पंक्तियां पूरी तरह से चोट करती नजर आती हैं।

सभ्य समाज की दर घटती, मन्दता हाय सताती है।  
पवित्र रिश्तों के बीच भी अब, असभ्यता की दुर्गंध आती है  
शर्म भी बेशर्म बना, सभ्यता संस्कृत का नाश हुआ ।  
अशिष्टता के धंधे बढ़ते, सुकर्मों का अवकाश हुआ।।  
मनोरंजन के नाम पर जब, अश्लील प्रदर्शन होता है।  
देख रूह कांपती है, हृदय ठिठुर के रोता है।।  
पढ़ो-बढ़ो करो कुछ ऐसा, स्वजन स्वराष्ट्र का ध्यान रखो।  
पर जो संस्कृत आदर्श धरोहर है, थोड़ा तो उसका मान रखो

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को साफ निर्देश दे दिया है कि यूजर-जनरेटेड कंटेंट के लिए चार हफ्ते में नए दिशा-निर्देश बनाओ। सुप्रीम कोर्ट ने सलाह दी है कि पहले जनता और विशेषज्ञों से राय ली जाए, फिर दिशा-निर्देश तैयार किए जाएं। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद अब यू-ट्यूब, पॉडकास्ट, रील्स के लिए नए नियम तैयार किए जा सकते हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने ऑनलाइन अश्लीलता से निपटने के लिए तटस्थ, स्वतंत्र नियामक निकाय की आवश्यकता पर बल दिया है क्योंकि मौजूदा उपाय कोई काम नहीं कर पा रहे हैं। इस केस की शुरूआत चर्चित पॉड कास्टर रणवीर इलाहाबादिया की याचिका से हुईथी। यू ट्यूबर समय रैना के शो इंडियाज गॉट लेटेंट में कुछ प्रतिभागियों ने बहुत अश्लील और अपमानजनक बातें की थीं। जिसके बाद देशभर में कई एफआईआर दर्ज हो गई थीं। उसी मामले में कोर्ट ने सरकार से कहा था कि इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। सुप्रीम कोर्ट पहले भी सरकार को सुझाव दे चुकी है कि उसे हास्य के नाम पर भोंडापन या विकृति रोकने के लिए नियामक उपाय लेकर आने चाहिएं। अदालत की मंशा ऐसे नियमों से है जो बोलने और अभिव्यक्ति की आजादी पर अतिक्रमण नहीं करेंगे और संविधान में अनुमति प्राप्त वाजिब पाबंदियों की रूपरेखा के भीतर होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय से कहा है कि यूजर जैनेरेटर कंटेंट को अपलोड होने से पहले प्री-स्क्रीन करने के लिए एक ड्राफ्ट मैकेनिजम तैयार किया जाए ताकि ऐसे वीडियो, फोटो या पोस्ट जो समाज को नुक्सान पहुंचाने की क्षमता रखते हों, उन्हें वायरल होने से पहले ही रोका जाए।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, ''नियम बनाने का मकसद किसी की बोलती बंद करना नहीं है, बल्कि एक फिल्टर लगाना है, जिससे गंदगी अपने आप बाहर रह जाए। आज कोई अपना चैनल बनाता है, मनमर्जी की बातें बोलता है, लेकिन जिम्मेदारी कोई नहीं है। यह बहुत अजीब बात है।'' चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा, ''यह बहुत अजीब बात है कि मैंने अपना खुद का प्लेटफॉर्म और चैनल बनाया लेकिन कोई अकाउंटेबिलिटी नहीं है। ऐसे कंटेंट के साथ जिम्मेदारी की भावना जुड़ी होनी चाहिए।'' अदालत ने सोशल मीडिया पर हानिकारक कंटेंट हटाए जाने की मौजूदा प्रक्रिया को नाकाफी बताया। पीठ ने कहा,अगर कोई राष्ट्र-विरोधी या उकसाने वाला कंटेंट सोशल मीडिया पर पोस्ट होता है, सरकार को नोटिस लेकर उसे हटाने तक एक-दो दिन लग जाते हैं। इस बीच वह वायरल होकर समाज में नुकसान पहुंचा चुका होता है। इसलिए एक प्रिवेंटिव मैकेनिजम ज़रूरी है। न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि यह कदम अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को दबाने के लिए नहीं बल्कि समाज को बड़े पैमाने पर होने वाले नुकसान से बचाने के लिए है। सीजेआई ने कहा, हम ऐसा सिस्टम मंजूर नहीं करेंगे जो विचारों की अभिव्यक्ति पर अंकुश लगाए। जरूरत सिर्फ ऐसी उचित और संतुलित व्यवस्था की है जो अपलोड से पहले कंटेंट को फिल्टर कर पाए न कि आवाज़ को दबाए।

ब्रॉडकार्स्ट्स, ओटीटी प्लेटफार्म और डिजिटल चैनलों के संगठनों ने जब प्रीसैंसरशिप का विरोध किया तो अदालत ने स्पष्ट किया कि सरकार को पूर्ण सैंसरशिप की शक्ति देना उचित नहीं होगा लेकिन प्लेटफार्म को पूर्ण स्वतंत्रता देना भी सुरक्षित नहीं। सरकार के खिलाफ बोलना राष्ट्र विरोधी नहीं है। यह लोकतंत्र का मूल अधिकार है लेकिन कुछ सोशल मीडिया पोस्ट ऐसे होते हैं जो समाज में जहर घोल देते हैं। असली समस्या यही है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद ऐसी कई पोस्ट देखने को मिलीं, जिसने समाज में विष घोल दिया।

इससे पहले सरकार ने अश्लीलता फैलाने वाली कई वेबसाइटों को बंद किया। एक के बाद एक कई कदम उठाए गए। इस विषय का एक पहलू यह भी है कि सरकार का काम लोगों के शयन कक्षों में ताकझांक करना नहीं है। हर शयन कक्ष की अपनी निजता होती है। इसके विपरीत कई समाज शास्त्रियों का कहना है कि अगर अश्लीलता की यही धारा विस्तार पाती गई तो लोगों का चेतन और अचेतन इतने गहरे में प्रभावित होगा कि वह कमरों की दीवारें तोड़कर सर्वत्र फैल जाएगा। यह अश्लीलता मनोरंजन नहीं मनोभंजक है। यही कारण है कि हमारे देश में दुष्कर्म और व्यभिचार बढ़ रहा है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद सरकार नए नियमों में अश्लीलता, डीप फेक, एआई कंटेंट पर अलग-अलग गाइडलाइन्स जारी कर सकती है और जवाबदेही तय कर सकती है। देखना होगा कि कैसा तंत्र व्यवस्थित होता है।

# इस पार न सही

सुरेंद्र कुमार अरोड़ा


लघुकथा

आज फिर वहाँ क्या कर रहे थे?

नदी का बहना मुझे अपनी ओर खींचता है, इसलिए आज भी वहाँ था।

नदी का बहना...? ये क्या बात हुई।

तुम्हीं तो कहा करती थीं कि तुम्हारा प्यार नदी के उस बहाव की तरह है जो ऊर्जा से कभी रिक्त नहीं होता। उसने कहा।



वो तो ठीक है पर कभी उस बहाव का हिस्सा मत बन जाना।

उसके लिए हिम्मत चाहिए जो मुझमें है या नहीं, मैं नहीं जानता। उसने चाहा कि वह कह दे पर कह नहीं पाया।

कुछ बोलते क्यों नहीं? मैने कहा है कि कभी उसके साथ बह मत जाना।

ऐसा कुछ हो गया तो तुम्हें अब क्या फर्क पड़ेगा? वह यह भी नहीं कह पाया।

मौनव्रत ले लिया है क्या? वो झल्लायी।

हाँ! यही समझ लो। अब मौन हो जाना चाहता हूँ। जिंदगी इतनी कठोर सतह है, इसकी तपिश अब सही नहीं जाती। नदी का प्रवाह शायद इस तपिश को समेट ले।

या तो बोल नहीं रहे थे और अब बोले हो तो मौन में लिपटी बातें? किसे सज़ा दे रहे हो इन बातों से?

ईश्वर कुछ रिश्ते सज़ा देने के लिए ही बनाता है। सज़ा भी उन अपराधों की जो अपनी मरज़ी से नहीं किए जाते।

बहुत ख़राब हो तुम।

ख़राब ही तो हूँ। ख़राब न होता तो तुमसे मिलने का अपराध कैसे करता।

अपराध तो मैंने किया है, सज़ा भी मुझे ही भुगतने दो।

कब तक झूठ बोलोगी तुम?

क्या करूं, और कोई चारा भी तो नहीं है। न इस पार आ पाई, न उस पार जा सकी। वो भी कहना चाहती थी पर कह न सकी।

उत्तर नहीं मिला तो वो उठा और फिर से नदी की ओर बढ़ गया।

वह उसे जाते हुए देखती रही। उसकी आँखों में लाचारी के आंसुओं के सिवा कुछ नहीं था।

उसके बुझे और थके हुए कदम उस बड़ी नदी की ओर बढे ही थे कि उसके रास्ते में उसकी तीव्र धारा से निकली एक छोटी नदी आ गयी। उसने पूछा, कहाँ जा रहे हो?

उस बड़ी नदी की तीव्र धारा का आलिंगन करने। अब यही मेरी नियति है। उसने कहा।

लगता है नियति से लड़ नहीं पाए! इसीलिए बहकी-बहकी बातें कर रहे हो। जानते हो मैं और मेरा जल उसी बड़ी नदी के साथ तीव्रता से बह रहे थे। हमारी नियति तय थी परन्तु तभी मार्ग में बड़े - बड़े पत्थरों के अवरोध आ गए। हमने समर्पण नहीं किया। मार्ग बदल लिया। मार्ग बदलते ही हमारी नियति भी बदल गयी। अब हम उस बड़ी नदी और उसके साथ किसी भी अवरोध से मुक्त हैं और देखो अपने नए रूप में धरती पर बिखरे छोटे-छोटे खेतों में खड़ी फसल की प्यास बुझाने जा रहे हैं। छोटी नदी ने गर्व से अपनी करनी का बखान किया।

वह सोचने की प्रश्नवाचक मुद्रा में खड़ा हो गया।

किस दुविधा में डूबे हो। जीवन में मार्ग कभी अवरुद्ध नहीं होते। जाओ अपनी ऊर्जा, जो छिटक गयी है, उसे फिर से संचित करो, कुछ समय बाद पाओगे कि नया मार्ग तुम्हारी प्रतीक्षा कर रहा है। छोटी नदी के जल से आवाज आयी।

उसने पाया कि उसकी सारी थकान मिट चुकी है और पाँव आगे बढ़ने को आतुर हैं।

# राष्ट्रमंडल खेल 2030 और बुलेट ट्रेन... यानि गुजरात में फिर से भाजपा जीतेगी



नीरज कुमार दुबे

लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

2030 में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों (कॉमनवेल्थ गेम्स) की मेजबानी अहमदाबाद को आधिकारिक रूप से सौंप दी गई है जिससे गुजरात की और तेज तरक्की का मार्ग प्रशस्त हो गया है। हम आपको बता दें कि अब अहमदाबाद-गांधीनगर क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास की रफ्तार तेज होगी। कॉमनवेल्थ स्पोर्ट जनरल असेंबली से मंजूरी के बाद गुजरात सरकार ने घोषणा की है कि सरदार वल्लभभाई पटेल स्पोर्ट्स एन्क्लेव और करई पुलिस अकादमी स्पोर्ट्स हब का निर्माण अप्रैल 2026 में शुरू होकर 2028-29 में पूरा होगा। हम आपको यह भी याद दिला दें कि हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सूरत में मुंबईङ्कअहमदाबाद बुलेट ट्रेन कॉरिडोर की प्रगति की समीक्षा करते हुए इसे देश के भविष्य का परिवर्तनकारी मॉडल बताया था। देखा जाये तो राष्ट्रमंडल खेल और बुलेट ट्रेन, दोनों बड़े प्रोजेक्ट मिलकर गुजरात को एक नई पहचान देने जा रहे हैं और साथ ही यह 2027 के विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत को भी लगभग सुनिश्चित करेंगे।

आज गुजरात एक बार फिर परिवर्तन के निर्णायक मोड़ पर खड़ा है और इस बार यह परिवर्तन न केवल आर्थिक या विकास का है, बल्कि राजनीतिक भविष्य का भी निर्धारक है। अहमदाबाद में 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी और मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन कॉरिडोर की तेज़ी से हो रही प्रगति ने गुजरात को वैश्विक मानचित्र पर नए अवतार में पेश करना शुरू कर दिया है। यह वही गुजरात है जिसने 2001-2014 के बीच विकास के जो बीज बोए थे, वे अब अंतरराष्ट्रीय रूप लेकर सामने आ रहे हैं।

कॉमनवेल्थ गेम्स के गुजरात में होने का मतलब है राज्य की खेल अधोसंरचना का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विकास होगा, युवा खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण मिलेगा, राज्य की वैश्विक ब्रांडिंग होगी और आने वाले दशक में गुजरात को भारत की खेल राजधानी बनाने की तैयारी भी साफ दिखाई दे रही है। सरदार वल्लभभाई पटेल स्पोर्ट्स



एन्क्लेव, करई पुलिस अकादमी स्पोर्ट्स हब, नए एथलीट विलेज, हाई-परफॉर्मेंस लैब, विश्वविद्यालय आधारित स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर, ये सब गुजरात को 2030 के बाद भी स्थायी लाभ देंगे। यह वही विरासत मॉडल है जिसने लंदन 2012 और बर्मिंघम 2022 को बदल दिया। अब यही मॉडल गुजरात में दिखेगा।

हम आपको बता दें कि राष्ट्रमंडल खेलों की वजह से गुजरात में 20,000 से ज्यादा होटल कमरों की मांग, नए स्टार्टअप, पर्यटन में उछाल और 30,000 से ज्यादा नौकरियाँ बनेंगी। यह सिर्फ खेल नहीं बल्कि पूरी अर्थव्यवस्था का पुनर्निर्माण है। कॉमनवेल्थ गेम्स में भाग लेने जब पूरी दुनिया के लोग अहमदाबाद आयेंगे तो वह बाजारों से खरीदारी भी करेंगे, घूमने के लिए राज्य के विभिन्न इलाकों में भी जाएंगे जिससे गुजरात के कारोबारियों को बड़ी कमाई होना तय है।

इसके साथ-साथ प्रधानमंत्री द्वारा सूरत में बुलेट ट्रेन स्टेशन का निरीक्षण गुजरात के तेज़ी से बदलते परिवहन ढांचे की झलक है। 508 किलोमीटर के इस कॉरिडोर ने गुजरात को देश का पहला हाई-स्पीड रेल राज्य बनाने की तैयारी पूरी कर दी है। हम आपको बता दें कि 85ल से अधिक मार्ग वायाडक्ट पर है, 17 नदी पुल तैयार हैं, सूरत-बिलिमोरा सेक्शन लगभग पूरा हो गया है और 2026 तक दो गुना क्षमता वाला एयरपोर्ट बन जायेगा। जब मुंबईङ्कअहमदाबाद का सफर 2 घंटे में तय होगा, तब गुजरात सिर्फ एक राज्य नहीं रहेगा बल्कि भारत का व्यापारिक हाई-स्पीड कॉरिडोर बन जाएगा। और यही वह बिंदु है जहाँ विकास राजनीति से मिलता है। 2027 में गुजरात विधानसभा चुनाव होंगे। जनता देखेगी कि किसके पास है एजेंडा? कौन दे सकता है भविष्य की तस्वीर? और कौन दिखा सकता है कि गुजरात सिर्फ विस्तार नहीं, बल्कि दुनिया के सामने एक 'मॉडल स्टेट' है? यहाँ भाजपा की स्थिति और मजबूत हो जाती है।

कॉमनवेल्थ गेम्स और बुलेट ट्रेन, ये दोनों प्रोजेक्ट सिर्फ विकास नहीं, भावना और आकांक्षा के भी प्रतीक हैं। गुजरात का युवा इससे अपने भविष्य को जोड़ चुका है। खेल में अवसर, नौकरी में वृद्धि और तकनीकी अधोसंरचना का नया युग आने वाले हैं। राजनीतिक दृष्टि से भाजपा ने 2027 की चुनावी पिच पर दो बड़े विकास-सिक्सर पहले ही जड़ दिए हैं। एक तरफ अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन की चमक, दूसरी तरफ बुलेट ट्रेन का आधुनिक भारत। यह पूरा नैरेटिव भाजपा के पक्ष में एकतरफा वातावरण बनाता है। विपक्ष भले ही अपने मुद्दे तलाश रहा हो, लेकिन उसके पास इस स्तर का कोई प्रतिविकल्पी विकास मॉडल नहीं है।

इसलिए निष्कर्ष अत्यंत स्पष्ट है। 2030 के कॉमनवेल्थ गेम्स और बुलेट ट्रेन, दोनों मिलकर गुजरात को अगले दशक के लिए पूरी तरह बदलने जा रहे हैं। यही परिवर्तन की राजनीति भाजपा को 2027 के चुनाव में एक बार फिर भारी जीत की ओर ले जाती दिखाई दे रही है। गुजरात को विकास की जो दूरदृष्टि चाहिए वह इन दो विशाल परियोजनाओं के रूप में, पहले ही भाजपा के पास है।

# विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 'बांझपन' पर पहला वैश्विक दिशानिर्देश जारी किया

जेनेवा (वार्ता)

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने बांझपन के निदान और उपचार के लिये अपने पहले वैश्विक दिशानिर्देशों में देशों से प्रजनन देखभाल को सभी के लिए सुरक्षित और अधिक किफायती बनाने का आह्वान किया है। अनुमान है कि औसतन 6 में से 1 व्यक्ति अपने जीवन में प्रजनन आयु के दौरान कभी न कभी बांझपन से प्रभावित होता है। इससे संबंधित सेवाओं की मांग दुनिया भर में बढ़ रही है लेकिन इसके उपचार तक फिलहाल बहुत ही कम लोगों की पहुंच है। बहुत से देशों में बांझपन की जांच और उपचार का खर्च लोगों को ज्यादातर अपनी जेब से वहन करने से प्रभावित व्यक्ति पर भारी वित्तीय बोझ पड़ता है। कुछ मामलों में तो इनविट्रो फर्टिलाइजेशन (आईवीएफ) की एक स्टेज पर ही औसत वार्षिक घरेलू आय से दोगुनी लागत आ सकती है। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस अधानोम घेब्रेयेसस ने कहा बांझपन हमारे समय की उन सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक है, जिसकी सबसे ज़्यादा अनदेखी की गयी है और वैश्विक स्तर पर यह एक बड़ा मुद्दा है। इसका निदान और उपचार आर्थिक रूप से लाखों लोगों की पहुंच से बाहर होता है जिस वजह से वे सस्ते लेकिन अप्रमाणित उपचारों को अपनाने पर मजबूर हो जाते हैं। हम और अधिक देशों को इन दिशानिर्देश को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं जिससे ज़्यादा लोगों को किफ़ायती, सम्मानजनक और विज्ञान-आधारित देखभाल तथा उपचार तक पहुंचने का अवसर मिल सके। इन दिशानिर्देशों में 40 सुझाव शामिल हैं जो बांझपन के निदान और उपचार को मज़बूत



बनाने का प्रयास करते हैं। यह हर स्तर पर लागत-प्रभावी विकल्पों को बढ़ावा देते हैं और राष्ट्रीय स्वास्थ्य रणनीतियों, सेवाओं तथा वित्तपोषण में प्रजनन देखभाल को एकीकृत करने के समर्थक हैं। 12 महीने या उससे अधिक समय तक नियमित यौन संबंध के बाद भी गर्भधारण न कर पाने की स्थिति को बांझपन के रूप में परिभाषित किया जाता है। यह एक बड़े तनाव, सामाजिक दर्द और वित्तीय कठिनाई का कारण बन सकता है तथा लोगों की मानसिक और मनोसामाजिक स्थिति को भी प्रभावित कर सकता है।

## जीवनशैली में बदलाव की सलाह

ये दिशानिर्देश बांझपन के प्रभावी नैदानिक प्रबंधन के लिए आवश्यक कदमों पर मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। इनमें स्कूलों, प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल और प्रजनन स्वास्थ्य सुविधाओं में प्रजनन क्षमता और बांझपन और उम्र जैसे कारकों पर जानकारी प्रदान करने और रोकथाम पर निवेश बढ़ाने का भी आह्वान किया गया है। ये बांझपन के प्रमुख जोखिम कारकों, जिनमें अनुपचारित यौन संचारित संक्रमण और तंबाकू का सेवन आदि से निपटने की आवश्यकता पर बल देतें हैं। स्वस्थ आहार, शारीरिक गतिविधि और तंबाकू सेवन से परहेज जैसी जीवनशैली में बदलाव की सलाह उन व्यक्तियों और जोड़ों को दी जाती है जो गर्भधारण की योजना बना रहे हैं या गर्भधारण का प्रयास कर रहे हैं। लोगों को प्रजनन क्षमता और बांझपन के बारे में पहले से जानकारी देने से उन्हें प्रजनन संबंधी योजनाएं बनाने में मदद मिल सकती है।

## उपचार विकल्पों का सरल प्रबंधन


ये दिशानिर्देश पुरुष और महिला बांझपन के सामान्य जैविक कारणों के निदान के लिए नैदानिक मार्गों की रूपरेखा पेश करते हैं। क्लीनिकल परीक्षणों के निष्कर्षों और रोगी की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए ये मार्गदर्शन प्रदान करते हैं कि कैसे उपचार विकल्पों को सरल प्रबंधन रणनीतियों से आगे बढ़ाया जाए । ये उन मामलों में लाभकारी साबित होंगे जहां चिकित्सक ज्यादा जटिल उपचार जैसे अंतर्गर्भाशयी गर्भाधान या आईवीएफ जैसे सक्रिय उपचार के बिना प्रजनन अवधि और प्रजनन क्षमता बढ़ाने पर सलाह देते हैं। अवसाद, चिंता और सामाजिक अलगाव की भावनाएं बांझपन जन्म दे सकती है। ये दिशानिर्देश सभी प्रभावित लोगों के लिए मनो सामाजिक सहायता उपलब्ध कराने की जरूरत पर बल देते हैं। डब्ल्यूएचओ देशों को इन सिफारिशों को अपने स्थानीय संदर्भों के अनुसार ढालने और प्रगति की निगरानी करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। इसके सफल कार्यान्वयन के लिए स्वास्थ्य मंत्रालयों, स्वास्थ्य पेशेवर समितियों, नागरिक समाज और रोगी समूहों के बीच सहयोग की आवश्यकता होगी।

## यह सामाजिक न्याय का भी विषय

इसमें कहा गया है कि इनके कार्यान्वयन को यौन और प्रजनन स्वास्थ्य के प्रति व्यापक, अधिकार-आधारित दृष्टिकोण के अनुरूप किया जाना चाहिए - जिसमें प्रजनन देखभाल भी शामिल है। इसे लोगों को इस बारे में व्यक्तिगत निर्णय लेने के लिए सशक्त बनाना चाहिए कि उन्हें कब बच्चे पैदा करने हैं और कब नहीं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के यौन, प्रजनन, मातृ, शिशु एवं किशोर स्वास्थ्य एवं वृद्धावस्था विभाग और संयुक्त राष्ट्र के मानव प्रजनन पर विशेष कार्यक्रम (एचआरपी) के निदेशक डॉ. पास्कल अलोटे ने कहा बांझपन की रोकथाम और उपचार लैंगिक समानता और प्रजनन अधिकारों पर आधारित होनी चाहिए। लोगों को अपने प्रजनन जीवन के बारे में जानकारी आधारित फैसले लेने के लिए सशक्त बनाना अच्छे स्वास्थ्य के लिए अनिवार्य है और सामाजिक न्याय का विषय भी है।

# यूएन ने पाकिस्तान को दिखाया रेड फ्लैग

नई दिल्ली



पाकिस्तान ने अपने नए 27वें संवैधानिक संशोधन पर संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार प्रमुख वोल्कर टुर्क की आलोचना को सख्त शब्दों में खारिज कर दिया है। सरकार का कहना है कि यह उनका सार्वभौमिक अधिकार है और ह अधिकारी को राजनीतिक पूर्वाग्रह वाली टिप्पणियों से बचना चाहिए। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने रविवार को कहा कि संविधान में किसी भी तरह का बदलाव केवल चुने हुए सांसदों का अधिकार है। मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान मानवाधिकारों और कानून के राज को पूरी तरह मानता है, लेकिन ह प्रमुख की टिप्पणी जमीनी हकीकत नहीं दिखाती। एफओ ने यह भी कहा कि वे मानवाधिकार प्रमुख के काम का सम्मान करते हैं, लेकिन उन्हें पाकिस्तान के संसद के फैसलों का सम्मान करना चाहिए और गलतफहमी या पक्षपात वाली बातें नहीं करनी चाहिए। शुक्रवार को वोल्कर टुर्क ने पाकिस्तान में इस संशोधन को जल्दबाजी में किया गया कदम बताया था। उन्होंने कहा कि यह बदलाव कानूनी विशेषज्ञों और सिविल सोसायटी से पर्याप्त चर्चा किए बिना किया गया, जिससे न्यायपालिका की स्वतंत्रता और सैन्य जवाबदेही पर सवाल उठ सकते हैं। पड़ोसी देश में यह संशोधन शुरू से ही बड़ी राजनीतिक बहस का विषय बना हुआ है। 12 नवंबर को संसद की संयुक्त समिति ने इस बिल को मंजूरी दी थी, जिसके बाद विपक्ष ने इसे सुप्रीम कोर्ट के लिए खतरा बताया। यह संशोधन संविधान के अनुच्छेद 243 में बड़ा बदलाव करता है। इसमें जॉइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ कमेटी का पद खत्म कर दिया गया है और उसकी जगह नया पदचीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज बनाया गया है। इसके साथ ही एक फेडरल कॉन्स्टिट्यूशनल कोर्ट बनाने और सुप्रीम कोर्ट की कुछ शक्तियां कम करने का प्रस्ताव भी शामिल है। पहले सीडीएफ होंगेपाकिस्तान सेना प्रमुख असीम मुनीर, जिन्हें भारत के साथ मई में हुए तनाव के बाद फाइव-स्टार फील्ड मार्शल रैंक दिया गया था।

## मेक्सिको में बार में गोलीबारी में 6 लोगों की मौत

मेक्सिको सिटी (वार्ता)

मेक्सिको के हिडाल्गो राज्य के तुला शहर में अज्ञात लोगों के एक बार पर किये गये हमले में छह लोगों की मौत हो गई और कम से कम दस घायल हो गये। सरकारी टेलीविजन प्रसारक फॉर्मूला ने यह जानकारी दी है। प्रसारक ने शनिवार देर रात बताया कि चार लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायलों को गंभीर हालत में तुला और पास के शहर टेपेजी के अस्पतालों में ले जाया गया जहां कुछ ही देर बाद उनकी भी मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार बंदूकधारियों का एक समूह दो पिकअप ट्रकों में ला रेसाका नाइट क्लब पहुँचा और बार में मौजूद लोगों पर गोलीबारी शुरू कर दी। अचानक हुए इस हमले में कई लोगों को छिपने का मौका नहीं मिला, जिसके परिणामस्वरूप कम से कम 10 लोग गोली लगने से घायल हो गए। हमलावर कथित तौर पर घटनास्थल से किसी अज्ञात दिशा में भाग गए। अधिकारियों ने आसपास के इलाकों में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। पुलिस और फोरेंसिक विशेषज्ञों ने घटनास्थल की घेराबंदी कर दी है।

## देश में सर्दियों के पर्यटन को बढाने की अपार संभावनाएं: मोदी



**नयी दिल्ली (वार्ता)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में पहाड़ों और संस्कृति के साथ-साथ रोमांचक खेलों के लिए अनुकूल परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए कहा है कि भारत में सर्दियों के पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं और इन्हें बढावा दिये जाने की जरूरत है। श्री मोदी ने रविवार को यहां अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में कहा कि दुनिया के कई देशों ने सर्दियों में होने वाले पर्यटन को अपनी अर्थव्यवस्था का बहुत बड़ा आधार बना दिया है। अनेक देशों में दुनिया के सबसे सफल शरद उत्सव और शरद खेल मॉडल हैं वैश्विक आकर्षण का केन्द्र हैं। देश में सर्दियों के पर्यटन की संभावनाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, हमारे देश में भी सर्दियों के पर्यटन की हर क्षमता मौजूद है। हमारे पास पहाड़ भी हैं, संस्कृति भी है और रोमांच की असीम संभावनाएं भी हैं। मुझे खुशी है। उन्होंने कहा कि इन दिनों उत्तराखंड का सर्दी पर्यटन लोगों को बहुत आकर्षित कर रहा है। सर्दियों के मौसम में औली, मुनस्यारी, चोपटा और डेयारा जैसी जगहें खूब लोकप्रिय हो रही हैं।

# दक्षिण-पूर्व एशिया में बाढ़ और भूस्खलन का कहर

नई दिल्ली

दक्षिण-पूर्व एशिया के तीन देशों में भारी बारिश की वजह से आई बाढ़ और भूस्खलन से मरने वालों की संख्या 500 से ज्यादा हो गई है, जबकि हजारों बेघर लोगों के लिए राहत का काम वीकेंड में भी जारी रहा। मलक्का स्ट्रेट में आए एक अनोखे ट्रॉपिकल तूफान की वजह से इंडोनेशिया, मलेशिया और थाईलैंड में बड़े पैमाने पर तबाही हुई, जिससे एक हफ्ते तक भारी बारिश और तेज हवाएं चलीं। इंडोनेशिया में 336, थाईलैंड में 170 और मलेशिया में दो लोगों की मौत की खबर है।

दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों में बचाव और राहत अधिकारी रविवार को भी बाढ़ प्रभावित कई इलाकों तक पहुंचने की कोशिश कर रहे थे, जबकि बाढ़ का पानी कम हो गया था और तीनों देशों में हजारों लोगों को निकाला गया था। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, 4 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं - दक्षिणी थाईलैंड में लगभग 3 लाख और पश्चिमी इंडोनेशिया में 1.1 लाख। इसके अलावा, बंगाल की खाड़ी के पार श्रीलंका के द्वीपीय देश में आए चक्रवात से 153 और लोगों की मौत हो यगई। अधिकारियों ने बताया, 191 लोग लापता हैं और देश भर में पांच लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं।

**इंडोनेशिया**- इंडोनेशिया में राहत और बचाव टीमों ने सुमात्रा के पश्चिमी द्वीप पर उन लोगों तक मदद पहुंचाने के लिए

### 500 से ज्यादा लोगों की मौत



हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल किया, जिन तक वे पहुंच नहीं पा रहे थे, क्योंकि सड़कें बंद थीं। बारिश के बाद भूस्खलन और बाढ़ से तीन प्रांत तबाह हो गए थे। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि ऐसी खबरें हैं कि दूसरे इलाकों में राहत के लिए बेताब लोग सप्लाई लाइन लूट रहे हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 289 लोग अभी भी लापता बताए गए हैं और 213,000 लोग बेघर हो गए हैं। थाईलैंड के स्वास्थ्य ने बताया कि दक्षिणी थाईलैंड में बाढ़ से मरने वालों की संख्या 170 हो गई है, जो शनिवार से आठ ज्यादा है और 102 लोग घायल हुए हैं। सोंगखला के सबसे बड़े शहर हाट याई में पिछले शुक्रवार को 335 एमएम (13 इंच) बारिश हुई, जो 300 सालों में एक दिन में हुई सबसे ज्यादा बारिश थी और कई दिनों तक भारी बारिश हुई। पड़ोसी देश मलेशिया की राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के मुताबिक, वहां अभी भी करीब 24,500 लोग निकासी केंद्रों में हैं। मौसम विभाग के अधिकारियों ने शनिवार को उष्णकटिबंधीय तूफान और लगातार बारिश की चेतावनी हटा दी और देश के ज्यादातर हिस्सों में आसमान साफ रहने का अनुमान लगाया।

# बीएचयू ट्रॉमा सेंटर देश का पहला लेवल-1 संस्थान बना

**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय के ट्रॉमा सेंटर ने ओपीडी में डॉक्टर-दर्ज डिजिटल रिकॉर्डिंग प्रणाली लागू कर देश का पहला लेवल-1 ट्रॉमा संस्थान बनने का गौरव हासिल किया है। अधिकारियों के अनुसार यह कदम क्षेत्र के सबसे व्यस्त चिकित्सा केंद्रों में रोगी-सेवा को आधुनिक बनाने की दिशा में बड़ा बदलाव है। नई व्यवस्था के तहत चिकित्सक अब मरीज का इतिहास, जांच विवरण और उपचार योजना सीधे इलेक्ट्रॉनिक मेडिकल रिकॉर्ड प्लेटफॉर्म पर दर्ज करते हैं। इससे इंतज़ार का समय घटता है, फाइलों के खोने या अपठनीय होने की समस्या समाप्त होती है और पिछले रिकॉर्ड तुरंत उपलब्ध हो जाते हैं। रियल-टाइम डेटा शेयरिंग से ट्रॉमा, ऑर्थोपेडिक्स, न्यूरोसर्जरी और पुनर्वास विभागों के बीच समन्वय भी तेज हुआ है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार डिजिटल प्रणाली से कागज़ी काम घटा है, डेटा सुरक्षा बढ़ी है और ऑडिट-रिपोर्टिंग की प्रक्रिया तेज हुई है। संगठित डिजिटल डेटा उच्च-




भार वाले ट्रॉमा मामलों में बेहतर योजना बनाने में मदद करेगा। ट्रॉमा सेंटर प्रभारी प्रो. सौरभ सिंह ने कहा कि यह डिजिटल बदलाव हमारे लिए महत्वपूर्ण क्षण है, नई इलेक्ट्रॉनिक मेडिकल रिकॉर्ड प्रणाली सटीकता और दक्षता दोनों बढ़ाती है और इससे हमें मरीजों को अधिक संगठित और तेज़ देखभाल देने में मदद मिलेगी। केंद्र की यह पूर्ण डिजिटल ओपीडी व्यवस्था देशभर के अन्य बड़े तृतीयक अस्पतालों के लिए मॉडल बन सकती है।

## कार्यकर्ताओं से पुलिस कर रही है मारपीट: उदित राज

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** दलित, ओबीसी, माइनॉरिटी और आदिवासी संगठनों के डोमा परिसंघ के अध्यक्ष डॉ उदित राज ने कहा है कि उनके संगठन की रविवार को यहां रामलीला मैदान में आयोजित रैली अनुमति नहीं मिलने के कारण रद्द की गई थी, इसके बावजूद संगठन के कार्यकर्ता रैली के लिए आ रहे हैं, जिनके साथ दिल्ली पुलिस मारपीट कर रही है। डॉ उदित राज ने कहा कि पहले इस रैली के आयोजन की अनुमति दी गई थी, लेकिन बाद में अनुमति को सरकार ने रद्द कर दिया था। रैली रद्द होने की सूचना संगठन के सभी पदाधिकारी तक पहुंचा दी गई थी, इसके बावजूद कार्यकर्ता रैली के लिए आ रहे हैं। इसमें सबसे दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि पुलिस उनके साथ मारपीट कर रही है। उन्होंने बताया रामलीला मैदान में रैली नहीं करने दी गयी, कोई बात नहीं है। कुछ लोग भूले भटके पहुँच गए तो उनके साथ मार-पीट करना कहाँ तक उचित है। अम्बेडकर भवन पर लोग पहुँच रहे हैं वहाँ भी उन्हें आने से रोका जा रहा है।

**फिल्म/टीवी मनोरंजन**

# यह हफ्ता होगा फुल-ऑन मनोरंजन!

एण्डटीवी के 'भाबीजी घर पर हैं' और 'हप्पू की उलटन-पलटन' में इस हफ्ते जलन, विरोध, भावनाओं के उतार-चढ़ाव और सर्दियों की मजेदार कॉमेडी का धमाका देखने को मिलेगा। 1 से 5 दिसंबर तक दर्शकों के लिए पाँच दिनों का नॉनस्टॉप मनोरंजन तय है! 'भाबीजी घर पर हैं' की कहानी के बारे में बताते हुए शुभांगी अत्रे ऊर्फ अंगूरी भाबी ने कहा, ''इस हफ्ते कई दिलचस्प मोड़ देखने को मिलेंगे। सक्सेना (सानंद वर्मा) एक अजीब-सा टॉक शो शुरू करता है, लेकिन मामला तब बिगड़ जाता है जब वह सबके सामने विभूति (आसिफ़ शेख) की बेइज्जती कर देता है। बेहद दुखी और गुस्साये विभूति की अनीता (विदिशा श्रीवास्तव) से बहस हो जाती है और वह लखनऊ जाने का फैसला कर लेता है। इधर, तिवारी (रोहिताश्व गौड़) अनजाने में अंगूरी को आलसी कह देता है, जिससे वह बेहद आहत होती है। अनीता के प्रोत्साहन पर अंगूरी अपने सम्मान के लिए 'गृहिणी सशक्तिकरण' का विरोध शुरू करती है। सक्सेना की



मीडिया इस आंदोलन को इतना बढ़ा देती है कि यह एक बड़ा सार्वजनिक अभियान बन जाता है। जैसे-जैसे मामला तूल पकड़ता है, राजनीतिक पार्टियाँ एमएपी और एसएपी अंगूरी को अपने पक्ष में करने की कोशिश करती हैं। हालात तब और बिगड़ जाते हैं, जब दबाव बनाने के लिए एक पार्टी तिवारी का अपहरण कर लेती है। निजी तकलीफ़, जनता की उम्मीदों और राजनीति की चालों के बीच फँसी अंगूरी एक कठिन स्थिति में पहुँच जाती है। अब सवाल यह है कि क्या अंगूरी अपने सिद्धांतों पर कायम रहेगी या राजनीतिक पार्टियाँ उसके आंदोलन को अपने फ़ायदे के लिए मोड़ देंगी?' 'हप्पू की उलटन पलटन' के बारे में बात करते हुए गीतांजलि मिश्रा ऊर्फ राजेश कहती हैं, ''इस हफ़्ते की कहानी सर्दियों की ठिठुरन के साथ शुरू होती है। जब अम्मा (हिमानी शिवपुरी) अपनी बेहद कीमती, यादों से भरी पुरानी रजाई निकालती हैं, तो वह पूरे घर का सबसे खास सामान बन जाती है। मैं (राजेश) जब अम्मा से उनके मोती वाले कान के झुमके मांगती हूँ और वे मना कर देती हैं, तो मैं गुस्से में रजाई को छिपा देती हूँ। लेकिन असली मुसीबत तब आती है जब रजाई सच में गायब हो जाती है। सदमे से अम्मा बेहोश हो जाती हैं, और पूरा परिवार अपराधबोध से भर जाता है। अम्मा की हालत देखकर सब यह संकल्प लेते हैं कि रजाई मिलने तक कोई गर्म कपड़े या हीटर इस्तेमाल नहीं करेगा, जिससे ठंड और भी मुश्किल हो जाती है। इस बीच बेनी (विश्वनाथ चटर्जी) को रजाई मिल जाती है और वह दबाव बनाने के लिए इसका इस्तेमाल करता है, वह विमलेश को वापस लाने की मांग करता है। बच्चे एक चालाक लेकिन जोखिमभरा प्लान बनाते हैं, जिसमें एक नकली विमलेश शामिल है, ताकि रजाई वापस मिल सके। सच, पारिवारिक निष्ठा और अम्मा की सेहत - इन तीनों के बीच सबकी भावनाएँ उफान पर हैं। लेकिन आखिर में रजाई कौन घर लेकर आएगा, और क्या अम्मा उसे माफ़ करेंगी जिसने इसे छिपाया था?

## रणवीर ने कांतारा चैप्टर 1 के दैव को बताया भूत, उतारी नकल; अब हुए बुरी तरह ट्रोल

**IFFI** 2025 का कल गोवा में समापन हो गया। इस दौरान कांतारा चैप्टर 1 एक्टर ऋषभ शेट्टी और रणवीर सिंह भी मौजूद रहे। रणवीर ने इस बीच ऋषभ के अभिनय की जमकर तारीफ की। हालांकि, इस मौके पर उनका एक वीडियो गलत कारणों से वायरल हो रहा है। रणवीर इस दौरान ऋषभ शेट्टी की फिल्म कांतारा के क्लाइमेक्स सीन भूत कोला की नकल उतारते नजर आए जोकि कई दर्शकों को अच्छा नहीं लगा। इंटरनेट यूजर्स इसके लिए रणवीर की आलोचना कर रहे हैं। इसके साथ ही रणवीर खुद को कांतारा चैप्टर 3 में कास्ट करने की भी सिफारिश करते हैं। वीडियो में रणवीर कहते सुनाई दे रहे हैं, मैंने सिनेमाघरों में कंतारा चैप्टर 1 देखी और ऋषभ ने क्या बेहतरीन परफॉर्मेंस दी है। खासकर जब फीमेल भूत (चामुंडी देव) आपके शरीर में प्रवेश करती है। वह शॉट कमाल का था। फिर उन्होंने उस सीन की नकल की, जिससे ऋषभ हंसते-हंसते लोटपोट हो गए। रणवीर ने दर्शकों से यह भी पूछा



कि क्या वे उन्हें कंतारा 3 में देखना चाहेंगे। उन्होंने फैंस से ऋषभ तक यह मैसेज पहुंचाने का आग्रह किया। हालांकि, उनका ये कमेंट कई लोगों को पसंद नहीं आया और उन्होंने इसे असंवेदनशील और अपमानजनक बताया। एक यूजर ने लिखा, अभिनेताओं को इस बात की बुनियादी समझ कैसे नहीं होती कि क्या कहना चाहिए और क्या नहीं? साउथ के लोगों के लिए यह बेहद अपमानजनक है कि उनकी देवी को एक महिला भूत कहा जा रहा है। एक अन्य ने लिखा, सच कहूं तो, मुझे यह काफी अपमानजनक लगा। रणवीर को बेहतर पता होना चाहिए। एक तीसरे यूज़र ने कमेंट किया, यह देवियों का घोर अनादर है। एक अन्य ने कहा, भूत? उन्हें अपने शब्दों का ज़्यादा ध्यान रखना चाहिए था-यह बेहद बेतुका है। ऋषभ शेट्टी द्वारा निर्देशित यह फिल्म 2022 की ब्लॉकबस्टर फिल्म %कंटारा% का प्रीक्वल है। इसे ऋषभ ने डायरेक्ट किया है और वो इसमें एक्टर भी हैं। कहानी पहली फिल्म में दिखाई गई परंपराओं और पैतृक संघर्ष की उत्पत्ति की गहराई में जाती है।

# सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में यूनिटी मार्च पैदल एकता यात्रा का आयोजन

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।



एक भारत आत्मनिर्भर भारत के संदेश के साथ सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में यूनिटी मार्च पैदल एकता यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा का नेतृत्व मध्य प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने किया। यात्रा के पूर्व ग्राम बम्होरी में आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों ने लोह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल के तेल चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनका स्मरण करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की मजबूती में सरदार पटेल के योगदान को भी अहम माना जाता है। सरदार पटेल का स्थान भारत की अखंडता और राष्ट्रीय एकता के निर्माण में सर्वोपरि है। बम्होरी से बेंड बाजो के साथ देश भक्ति के वातावरण में एकता पैदल यात्रा सोकलपुर तक निकाली गई। जिसमें क्षेत्रीय सांसद दर्शन सिंह चौधरी, पूर्व विधायक साधना स्थापक, नगर पालिका अध्यक्ष पंडित शिवाकांत मिश्रा व अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए।

पैदल एकता यात्रा का गर्म जोशी के साथ जगह जगह स्वागत किया गया। ग्राम भोरगढ़ में युवा नेता ठाकुर रणजीत सिंह राजपूत ने अपने साथियों के साथ यात्रा का स्वागत किया। कार्यक्रम में एक भारत आत्मनिर्भर भारत के संदेश को बढ़ावा देकर सरदार वल्लभ भाई पटेल की जन्म जयंती के उपलक्ष में एकता और अखंडता का संदेश दिया गया। एकता यात्रा में शामिल लोग देश भक्ति गीतों के साथ हाथों में तिरंगा लेकर उत्साह के साथ देश भक्ति के नारे लगाते हुए पैदल मार्च कर रहे थे। एकता यात्रा में भाजपा नेता अनूप जैन, ठाकुर भूपेंद्र सिंह, राजेश जैन,मुकेश मरैया, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रियांक जैन,किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष मोहरकांत पटेल, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष राव संदीप सिंह,भाजपा मंडल के अध्यक्ष राजेश पटेल, नगर मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत ,साईंखेड़ा मंडल अध्यक्ष दिग्विजय सिंह, चीचली मंडल अध्यक्ष नरेश कौरव, युवा मोर्चा अध्यक्ष आशीष राजपूत , जिला पंचायत सदस्य रिचा स्थापक,अंजू शुक्ला, पार्षद आनंद दुबे, रीतेश राय, शुभम राजपूत, मूरत पटेल, लल्ली पटेल, भाजपा नेत्री पूजा तिवारी, सुषमा साहू , राजेश मोहन शर्मा , राव शैलेश सिंह ,मनीष अग्रवाल, देवेंद्र पटेल, संदीप पैगवार, शैलेंद्र पटेल, प्रदीप श्रीवास्तव सहित भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल रहे। मां नर्मदा के तट ग्राम सोकलपुर में मां नर्मदा की पूजा अर्चना के साथ यात्रा का समापन किया गया।



# बगदरा ने सांगई को हराकर जीता क्रिकेट मैच

## विद्यार्थियों में खेल प्रतिभाओ को बढ़ावा देने हुआ आयोजन

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

बीते रविवार को ग्राम सांगई के समीपी ग्राम आमपुरा में शक्कर नदी के किनारे बने मैदान पर छात्रों में खेल प्रतिभाओ को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्राम सांगई एवं बगदरा के माध्यमिक शालाओं के छात्रों के बीच क्रिकेट मैच खेला गया। इस रोमांचक मैच की दूसरी पारी के अंतिम ओवर में बगदरा की टीम ने निर्धारित 46 रनो के लक्ष्य को हासिल करते हुए सांगई को हराया।

मैच के अंत में खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विजयी टीम को ट्राफी एवं बेस्ट बल्लेबाज, बेस्ट गेंदबाज, बेस्ट क्षेत्ररक्षक के पुरुस्कार सांगई टीम के कोच मधुसूदन पटैल एवं बगदरा टीम के कोच राजेंद्र गुप्ता द्वारा प्रदान किये गये।

विदित हो कि मैच में सभी खिलाडी कक्षा 6 से 8 वी तक के विद्यार्थी थे। मैच में स्कोरर की भूमिका पीहू पटैल ने निभाई।उल्लेखनीय है कि मैच के आयोजन से दोनों टीमों के खिलाड़ियों सहित युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखा गया।




# सत्य साई सेवा समिति द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

नगर की श्री सत्य साई सेवा समिति द्वारा राजनांदगांव में नक्सलियों की मुठभेड़ में शहीद हुए भारत माता के लाल अमर शहीद आशीष जी शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करने उनके ग्राम निवास बोहानी जाकर समिति के सदस्यो द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित किया एवं दो मिनट का मोन रखकर भगवान से प्रार्थना की अमर शहीद को प्रभु अपने श्री चरणों में स्थान दें एवं परिवार को इस असीम दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करे।

# जमीन को हथियार बनाकर लगाए थे आरोप इसकी हकीकत आई सामने

## पूर्व मंडी अध्यक्ष रवींद्र पटैल ने पत्र वार्ता में खुलासा किया

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)



महाकौशल शुगर मिल प्रबंधक नवाब रजा का झूठ परत दर परत सामने आता जा रहा है विवादों में घिरे रहने वाले महाकौशल शुगर मिल प्रबंधक नवाब रजा कभी किसानों के भुगतान को लेकर तो कभी सिमी के कार्यकर्ता की गिरफ्तारी को लेकर विवादित चर्चाओं में बने रहते हैं किसान व बजरंग दल के कार्यकर्ता के साथ मारपीट के वायरल वीडियो और दर्ज एफ आई आर से कुंठित नवाब रजा ने कैबिनेट मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल एवं पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल पर अनर्गल आरोप लगाकर शुगर मिल संचालन में व्यवधान उत्पन्न करने का आरोप लगाया एवं उमरिया स्थित केंद्र बंद कराने की बात कही हकीकत आई सामने मंडी अध्यक्ष रविन्द्र पटेल हुए मीडिया से रूबरू विवादित मामले में अपना नाम आने के बाद पूर्व मंडी अध्यक्ष रविन्द्र पटेल ने पत्रकार वार्ता कर महाकौशल शुगर मिल प्रबंधक नवाब रजा की झूठी कहानी से पर्दा उठाते हुए उन्हें सत्य की राह पर चलने की नसीहत दी उन्होंने बताया कि उमरिया स्थित जमीन जो कि उनकी बेटी के नाम है उक्त जमीन को अक्टूबर माह में करेली निवासी अजीत सिंह छावड़ा को विक्रय कर दी जिसका भुगतान उन्हें एडवांस स्वरूप 1 लाख रुपए नगद और 10 लाख रुपए बैंक खाते में प्राप्त हुए उन्होंने नवाब रजा से जमीन को लेकर कोई सौदा नहीं किया ओर ना ही फोन पर यह कहा कि कैबिनेट मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने कहा है कि उमरिया का काटा बंद कर दो नवाब रजा षडयंत्र की झूठी कहानी में मेरे नाम का दुरुपयोग कर रहे है कैबिनेट मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल एवं पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल कभी इस तरह के मामलों में नहीं पड़ते यह कोई बड़ा राजनीतिक षडयंत्र की बू आ रही है जिसकी में निष्पक्ष मांग करता हूँ और अगर नवाब रजा के पास कोई जानकारी ओर सबूत है तो वह पेश करे।

कानूनी कार्यवाही के लिए तैयार रहे उक्त वार्ता के अवसर पर रेडक्रास सोसायटी के अध्यक्ष डॉ अनंत दुबे,पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष महंत प्रीतमपुरी, समाजसेवी सुनील कोठारी, वनोपज संघ के अध्यक्ष देवी सिंह,गुडडू मालगुजार खान आदि मौजूद रहे।

# विश्व हिंदू परिषद के ज्ञापन के बाद लव जिहाद से परेशान महिला की एफआईआर दर्ज

## महिला थाने में पदस्थ आरक्षक समसुनिशा को राजीनामा का दवाव बनाने पर पुलिस अधीक्षक ने किया लाइन अटैच

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)



विगत दिवस विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल कार्यकर्ताओं के संज्ञान में आया कि चीचली निवासी एक महिला जो विगत एक साल से लव जिहाद के मामले में एफआईआर लिखवाने के लिए थाने के चक्कर लगा रही थी, उसकी कहीं पर सुनवाई नहीं हुई इसके बाद विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा महिला के सहयोग में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ ज्ञापन दिया गया। इसके बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया ने मामले को गंभीरता से लेते हुए महिला थाने में गढ़ा निवासी उसके पति गुलाम नबी शेख, शमीम बानो, मोहम्मद, फरीम नाज, शेख हबीव, फिरोज बानो के ऊपर मामला दर्ज किया गया। महिला के द्वारा विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को बताया गया कि उनके द्वारा गाडरवारा एसडीओपी को आवेदन दिया गया था कि मैं अंजना ताम्रकार उर्फ अनीश वानों अत्यंत पीड़ा और असुरक्षा की स्थिति में यह प्रार्थना पत्र लिख रही हूँ वर्तमान में पिछले लगभग 3 माह से अपने मामा के यहां चीचली में निवास कर रही हूँ क्योकि मुझे अपने पति व उनके परिजनों से लगातार जानमाल का खतरा बना हुआ है, लगभग 17 वर्ष पूर्व मेरा विवाह नवी खान से हुआ था उसने स्वयं को हिन्दू राजपूत बताकर हिन्दू रीति रिवाज से विवाह किया था बाद में मुझे ज्ञात हुआ कि वह मुस्लिम समुदाय से है। मैंनें सामाजिक मर्यादाओं और बच्चों की खातिर विवाह को निभाने का प्रयास किया इस दौरान मुझे दो बच्चे भी हो गये किन्तु विगत कुछ वर्षों से वह लगातार मेरा मानसिक, शारीरिक व धार्मिक उत्पीड़न कर रहा है, तथा अनावेदकगण मुझे जबरन धर्म परिवर्तन करने के लिए बाध्य करते है मेरी अनुमति के बिना मेरे नाम के सभी दस्तावेजों में बदल दिया गया इसके अतिरिक्त मेरे पति ने स्वीकार किया है कि अपनी भाभी के साथ अवैध संबंध है जब मैंने यह बात उनके परिवार वालों के सामने रखी तो मेरे पति ने मुझे 3 बार तलाक-तलाक बोलकर छोड़ दिया और कहा कि यदि मुझे फिर से अपना है तो पहले मेरे पिता या बड़े भाई से निकाह हलाला कराना होगा। इस प्रकार की अमानवीय बातों के कारण मैं मानसिक रूप से बहुत बुरी तरह टूट चुकी हूं, इसी मामले को लेकर महिला थाना में पदस्थ आरक्षक समसुनिशा द्वारा राजीनामा का दबाव बनाने पर पुलिस अधीक्षक द्वारा उन्हे लाइन अटैच किया गया है। इस सम्पूर्ण कार्यवाही के दौरान जिला उपाध्यक्ष महेंद्र चौहान, जिला मंत्री रामकुमार लोधी, संगठन मंत्री अनुभव प्रताप सिंह, जिला सहसंयोजक कार्तिक नेमा, प्रखंड उपाध्यक्ष करेली मनोज नामदेव इत्यादि की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही।

# अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती के अवसर पर एक दिसम्बर को जिले में गीता जयंती महोत्सव का आयोजन होगा

## जिला स्तर पर 1100 एवं विकासखंड स्तर पर 500 गीता पाठियों के द्वारा 15 वें अध्याय का कंठस्थ पाठ होगा

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत। अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती के अवसर पर एक दिसम्बर 2025 को जिले में गीता जयंती महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला स्तर पर 1100 और विकासखण्ड स्तर पर 500 गीता पाठियों के द्वारा 15 वें अध्याय का कंठस्थ पाठ किया जाएगा। जिला मुख्यालय के स्टेडियम ग्राउंड नरसिंहपुर में प्रात: 9.50 बजे से कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।जिले में कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश ने जिला स्तर पर मप्र जनअभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री जय नारायण शर्मा को नोडल एवं जिला शिक्षा अधिकारी नरसिंहपुर को सहायक नोडल और अनुभाग स्तर पर अनुविभागीय राजस्व अधिकारी को नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। इसके अलावा सफल आयोजन के लिए ग्रामीण के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत और नगरीय निकायों के लिए मुख्य नगर पालिका/ परिषद अधिकारी को दायित्व सौंपे गए हैं। साथ ही जारी आदेश में संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

## जिले में 96.18 प्रतिशत डिजिटाईजेशन का कार्य पूर्ण

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशन में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया जिले में सुचारू रूप से क्रियाशील है। अभियान के तहत जिले की सभी चारों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में बीएलओ एवं सहायक दल द्वारा ऑनलाइन डिजिटाईजेशन का कार्य लगातार किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रजनी सिंह ने बताया कि रविवार 30 नवंबर की शाम 6 बजे तक जिले में 96.18 प्रतिशत मतदाताओं के गणना पत्रकों का डिजिटाईजेशन का कार्य पूर्ण कर लिया गया। इसके लिए जिले में 977 बीएलओ नियुक्त किए गए हैं। साथ ही बीएलओ की सहायता के लिए नगरीय क्षेत्र में नगर पालिका कार्यालय का स्टाफ, वार्ड प्रभारी, पटवारी ग्रामीण क्षेत्र में पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, पटवारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका, शिक्षक, ग्राम कोटवार आदि नियुक्त किए गए हैं। एसआईआर के अंतर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 118 गोटेगांव के अंतर्गत 96.47 प्रतिशत, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 119 नरसिंहपुर के अंतर्गत 95.79 प्रतिशत, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 120 तेंदूखेड़ा के अंतर्गत 96.98 प्रतिशत और विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 121 गाडरवारा के अंतर्गत 95.62 प्रतिशत मतदाताओं के गणना पत्रकों का डिजिटाईजेशन का कार्य कर लिया गया है।

# फर्जी क्लोन के जरिये आधार सेंटर संचालित करने वाले मामले में तीसरा आरोपी भी हुआ गिरफ्तार

**बालाघाट।** भरवेली पुलिस ने आधार कार्ड अपडेशन में आईरिस और फिंगरप्रिंट के क्लोन का उपयोग करने वाले गिरोह के तीसरे आरोपी सोहेल खान को खैरलांजी से गिरफ्तार किया है। इस मामले में अब तक कुल तीन गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। पुलिस अब मुख्य आरोपी से जुड़े लोगों और जिले में आधार केंद्र का ठेका लेने वाले रीवा के ठेकेदार ब्रजकिशोर मिश्रा से भी पूछताछ करेगी। सीएसपी वैशालीसिंह कराहलिया ने बताया कि आरोपी सोहेल खान, मुख्य आरोपी मोहसीन खान के साथ मिलकर क्लोन के माध्यम से आधार अपडेशन का काम कर रहा था। पुलिस को जानकारी मिली है कि मोहसीन की पत्नी फरीना खान भी जबलपुर में आधार सेंटर चलाती है, जिसकी जानकारी जबलपुर के ई-गवर्नेंस विभाग से जुटाई जा रही है। बालाघाट में आधार कार्ड सेंटर का ठेका लेने वाले रीवा के ब्रजकिशोर मिश्रा की भूमिका की भी जांच की जाएगी। इससे पहले, भरवेली पुलिस ने 23 नवंबर को मुख्य आरोपी मोहसीन खान को भरवेली से गिरफ्तार किया था। मोहसीन ने पुलिस रिमांड के दौरान बताया था कि उसने चेतन मोहारे को आईरिस और फिंगरप्रिंट का क्लोन दिया था, जो इसी तरीके से आधार अपडेशन का काम कर रहा था। इस जानकारी के बाद पुलिस ने चेतन को लालबर्रा के सांदीपनी स्कूल के पास संचालित आधार सेंटर से गिरफ्तार किया था। बता दे कि आरोपी मोहसीन खान ने आईरिस और फिंगरप्रिंट का क्लोन तैयार कर जिले के अन्य क्षेत्रों में परिवार और परिचितों के नाम से आधार टेंडर लेकर एक ही जगह से सभी सेंटरों की आधार मशीनें अवैधानिक रूप से भरवेली स्थित अपने कियोस्क सेंटर से संचालित कर आधार अपडेशन का काम करता था। मशीनों का लोकेशन छिपाने के लिए वह वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (व्हीपीएन) का उपयोग करता था। जहां इस पूरे मामले का पर्दाफाश करके भरवेली पुलिस निरंतर कार्यवाही कर रही है।

# मोतियाबिंद के मरीजों के लिए 24 नेत्र शिविरों का होगा आयोजन

## देवजी नेत्रालय जबलपुर में कराये जायेंगे मोतियाबिंद के ऑपरेशन

बालाघाट (स्वतंत्र मत)

राष्ट्रीय अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत मोतियाबिंद के मरीजों की पहचान कर उनकी आंखों का आपरेशन कर उन्हें नई नेत्र ज्योति प्रदान करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा माह दिसंबर 2025 में जिले के विभिन्न स्थानों पर 24 नेत्र शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में चिन्हित मोतियाबिंद के मरीजों का देवजी नेत्रालय जबलपुर में निःशुल्क आपरेशन किया जायेगा।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ परेश उपलप ने बताया कि राष्ट्रीय अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत सिविल अस्पताल बैहर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिरसा में 01, 15 एवं 29 दिसंबर को नेत्र शिविर लगाया जायेगा। इसी प्रकार सामुदायिक स्वास्थ्य केर्न्द् परसवाड़ा एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लामता में 02, 16 एवं 30 दिसंबर को नेत्र शिविर का आयोजन किया जायेगा। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खैरलांजी में 03, 17 एवं 31 दिसंबर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटंगी में 04, 11, 18 एवं 24 दिसंबर, सिविल अस्पताल वारासिवनी में 05, 12, 19 एवं 26 दिसंबर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लालबर्रा में 05, 12, 19 एवं 26 दिसंबर तथा सिविल अस्पताल लांजी व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र किरनापुर में 08, 22 एवं 31 दिसंबर को नेत्र शिविर लगाया जायेगा। इसके अलावा कसतूरा युति भवन सुभाष चौक बालाघाट में प्रतिदिन नेत्र रोगियों की स्क्रीनिंग एवं पंजीयन किया जायेगा। प्रत्येंक शिविर में मोतियाबिंद के 100 मरीजों को चिन्हित करने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ उपलप ने बताया कि इन शिविरों में चिन्हित मोतियाबिंद के मरीजों की आंखों का आपरेशन स्वास्थ्य विभाग मध्यप्रदेश शासन से अनुबंधित संस्था दादा वीरेन्द्रपुरी जी (देवजी नेत्रालय) नेत्र संस्थान जोतपुर, तिलवाराघाट जबलपुर में निःशुल्क किया जायेगा। मोतियाबिंद के मरीजों को आपरेशन के लिए जबलपुर ले जाने एवं वापस लाने की सम्पूर्ण व्यवस्था देवजी नेत्रालय जबलपुर की रहेगी।डॉ उपलप ने नेत्र रोगियों से अपील की है कि वे अपने निकटवर्ती स्थान पर लगने वाले नेत्र शिविर में आकर अपनी आंखों की जांच अवश्य करायें। मोतियाबिंद का आपरेशन आधुनिक मशीनों से किया जाता है और बहुत कम समय में पूरा हो जाता है।

आंखों में मोतियाबिंद होने पर उसका एकमात्र ईलाज आपरेशन ही होता है। अधिक आयु एवं आंखों में कचरा जमा होने से आंखों के लेंस के ऊपर जाले की एक परत जम जाती है। जिसके कारण आंखों से बहुत कम या धुंधला दिखाई देता है। आपरेशन द्वारा आंखों के लेंस पर जमे जाले को साफ कर हटा दिया जाता है। जिससे मरीज की आंखों में नई नेत्र ज्योति आ जाती है।

# एक साल पूर्व क्षतिग्रस्त हुए गेट का नही हो पाया सुधार कार्य



बालाघाट (स्वतंत्र मत)

नक्सल प्रभावित ग्राम पंचायत कावेली द्वारा पंचायत परिसर में निर्मित किये गये प्रवेश गेट को लगभग एक साल पूर्व पीडीएस से भरे ट्रक ने तोड दिया था। जिसका आज तक सुधार कार्य नही हो पाया है। उस समय ट्रक चालक की लापरवाही मानी गई थी और सोसायटी के सेल्समेन ने सुधार कार्य ही जिम्मेंदारी लेकर गेट का निर्माण कार्य करवाने का आश्वासन दिया गया था। परंतु सेल्समेन द्वारा आज तक गेट का कार्य सुधारने की ओर गंभीरता नही दिखाई गई है। सरपंच रेखा टेकाम ने बताया कि सहकारी समिति की दुकान में अनाज से भरा ट्रक पहुंचा था, जिसकी टक्कर से गेट व बाउंड्रीवॉल क्षतिग्रस्त हो गया। सरपंच रेखा टेकाम ने बताया कि उनके द्वारा सेल्समेन से अनेकों बार गेट का निर्माण कार्य करने के लिए आग्रह किया गया है, किंतु सेल्समेन द्वारा अभी तक कार्य नही करवाया गया है।

# बड़वारा विकासखंड के गांवों में पहुंचे कलेक्टर

## करनपुरा-1 ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना बिजौरी का किया अवलोकन





कटनी (स्वतंत्रमत)

कलेक्टर आशीष तिवारी ने शनिवार को विकासखंड बड़वारा के ग्रामों का औचक भ्रमण कर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य, बिजौरी में जल प्रदाय योजना, आंगनवाड़ी केन्द्र, और निर्माणाधीन ग्राम पंचायत भवन निर्माण कार्य सहित विलायतकला उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण किया।

### नल-जल योजना का निरीक्षण

इसके बाद कलेक्टर ने करनपुरा-1 ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना बिजौरी में नल-जल योजना के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का भ्रमण कर निरीक्षण किया और आम का पौधा रोपा। योजना का संचालन म.प्र. जलनिगम परियोजना क्रियान्वयन ईकाई शहडोल द्वारा किया जा रहा है। योजना में कटनी एवं उमरिया जिले के कुल 107 ग्राम सम्मिलित है। जिसमें 47 ग्राम कटनी जिले के बडवारा विकासखंड के एवं शेष 60 ग्राम उमरिया जिले के हैं। इस नल-जल योजना से कटनी जिले के 47 ग्रामों की 48 हजार 410 लोगों को शुद्ध पेयजल प्रदाय किया जा रहा है। कलेक्टर ने बिजौरी में करीब 37 लाख रूपए की लागत से निर्माणाधीन ग्राम पंचायत भवन का कार्य देखा और इसे पूरी गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आंगनवाड़ी केन्द्र बिजौरी का भी अवलोकन किया और यहां मौजूद रही टीकाकरण टीम से चर्चा की।

### एसएआर कार्य का निरीक्षण

कलेक्टर तिवारी बडवारा विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र क्रमांक 46 पथवारी के स्कूल पहुँचे। जहाँ उन्होंने बीएलओ देववती सिंह से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की प्रगति की जानकारी ली। जिस पर बताया गया कि सौ-फीसदी डिजिटाइजेशन का कार्य पूरा हो गया है। इस पर कलेक्टर ने बीएलओ को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया और अन्य बीएलओ को इनके कार्यों का अनुकरण करने की बात कही। साथ ही समीप स्थित स्वास्थ्य केंद्र में पहुँकर एएनएम आरती श्रीवास्तव से अनमोल पोर्टल पर दर्ज जानकारियों प्रसूता कार्ड, महिलाओं को लगने वाले टीकाकरण तथा बच्चों के टीकाकरण के यूविन पोर्टल में एंट्री की स्थिति को भी स्वयं देखा।

### विलायतकला खरीदी केंद्र का निरीक्षण

कलेक्टर विलायतकला स्थित धान खरीदी केंद्र पहुँचे और खरीदी प्रभारी लखन पटेल को निर्देशित किया कि 1 दिसम्बर से शुरू होने वाली धान खरीदी को देखते हुए किसानों के लिए सभी जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित करें। इस दौरान तहसीलदार ऋषि गौतम, अनुराधा सिंह, मध्यप्रदेश जल निगम के सहायक यंत्री राहुल मिश्रा, जनपद पंचायत सीईओ बडवारा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन कटनी की बैठक

कटनी (स्वतंत्रमत)



अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन कटनी की महत्वपूर्ण बैठक राष्ट्रीय कार्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिशंकर शुक्ल की उपस्थित मे सम्पन्न हुई, बैठक मे कटनी जिले मे बाजार की खोज खबर लेने हेतु फार्म तैयार किया गया, वही नर्सिंग होम, बिउटी पार्लर, स्कूल, कालेज, निजी एवं शासकीय चिकित्सालय, पेट्रोल पंप, खरीदी केन्द्रो पर हो रही अनियमितता पर बिस्तार से चर्चा की जाकर सघन अभियान चलाकर कलेक्टर कटनी से चर्चा कर समुचित कार्रवाई कराने का निर्णय लिया गया, वही मिलावट, नकली सामग्री पर रोक लगाने पर जोर शोर से खाद्य विभाग से संपर्क कर कार्रवाई कराने पर बल दिया, बैठक मे ही दो उपभोक्ता अपनी सिकायत लेकर पहुचे, जिन पर सुजकी मोटर साइकिल वापिस करने तथा ओला टू व्हीकल इलेक्ट्रॉनिक वाहन वापिस करने हेतु नोटिस जारी कर उपभोक्ता आयोग मे प्रकरण दायर करने का निर्णय किया गया। कटनी कलेक्टर से मिलकर उपभोक्ता क्लब की बैठक आयोजित कराने का निर्णय किया गया इस हेतु उपभोक्ता क्लब मे 17 महिलाये तथा 33 पुरुष कुल 50 सदस्य होते है, जिनका पुनर्गठन शीघ्र किया जाकर कलेक्टर कटनी को सूची सौपी जायेगी, बैठक मे जिलाध्यक्ष के.एल. पांडेय, महिला जिलाध्यक्ष प्रीती सेन, स्वेता अग्रवाल, नीती वर्मा, आशा सुहाने, रंजना सिघानिया, विनोद गढोलिया, विमला चौधरी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# अब 14 फरवरी 2026 तक चलेगी एसआईआर प्रक्रिया

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर की भारत निर्वाचन आयोग ने समय सीमा बढ़ा दी है। इस संबंध में आयोग ने निर्देश भी जारी कर दिए हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा रविवार को संशोधित कार्यक्रम जारी कर दिया है। जारी कार्यक्रम के अनुसार मध्यप्रदेश में एसआईआर की प्रक्रिया अब 14 फरवरी तक चलेगी। इसके अनुसार अब 11 दिसम्बर तक एन्युमरेशन फार्म भरने का काम बीएलओ द्वारा किया जाएगा। 16 दिसंबर को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन होगा। 16 दिसंबर से 15 जनवरी तक दावा आपत्तियों के आवेदन लिए जाएंगे। 16 दिसंबर से 7 फरवरी तक दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद 14 फरवरी को फाइनल मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर के संबंध में दिए गए नवीन निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान बीएलओ तीन बार मतदाताओं के घर जाएंगे।

# अपराधी के मंसूबों पर फिरा पानी

## देशी कट्टा लेकर घूम रहे युवक को कोतवाली पुलिस ने रंगे हाथों पकड़ा

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा थाना क्षेत्र में घटित हो रहे अपराधों पर अंकुश लगाने व थाना क्षेत्र के आद्यतन अपराधियों को चिन्हित करते हुए उनकी गतिविधियों पर विशेष निगाह रखे जाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके पालन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक राखी पाण्डेय के द्वारा थाना क्षेत्र में लगातार अपने स्टाफ के साथ पैट्रोलिंग की जा रही है। इसी तारतम्य में 29 नवम्बर को आदि शिवधाम दुबे कालोनी के पास पैट्रोलिंग के दौरान एक व्यक्ति संदिग्ध हालत में खड़ा हुआ दिखा जो पुलिस के मोबाईल वाहन को देखते ही नदी की तरफ भागने का प्रयास करने लगाए जिसे स्टाफ के द्वारा घेराबंदी करके पकड़ा गया। पकड़े गए व्यक्ति से भागने का कारण और उसका नाम व पता पूछने पर अपना नाम अमित दाहिया पिता स्व. गणेश दाहिया उम्र 40 वर्ष नि. बैलट घाट कटनी का होना बताया। संदिग्ध व्यक्ति की जामा तलाशी लेने पर कमर में एक देशी कट्टा खोंसे हुए था जिसे जैकेट से छिपाया हुआ था और पेंट की जेब में जिंदा कारतूस रखे था। जिसके कागजात के बारे में पूछने पर कोई लायसेंस होना नही बताया। आरोपी का कृत्य धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट का घटित करना पाए जाने पर जप्तशुदा अवैध देशी कट्टा, जिंदा कारतूस को जप्त किया जाकर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर थाना लाया गया। आरोपी के विरूद्ध थाना कोतवाली कटनी में अप. क्र. 994/2025 धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट का पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया है। आरोपी अमित दाहिया के विरूद्ध पूर्व में भी अपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध होना पाए गए है। थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक राखी पाण्डेय के द्वारा बताया गया कि पुलिस की सक्रियता के चलते आरोपी कोई गंभीर घटना को अंजाम दे पाता उसके पूर्व ही उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। इसी प्रकार अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों के उपर सतत निगाह रखी जा रही है और उनके विरूद्ध लगातार प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियां भी अमल में लाई जा रही है। कोतवाली पुलिस का मुख्य उद्देश्य आमजन को सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण वातावरण उपलब्ध कराना है। अमित दाहिया पिता स्व. गणेश दाहिया उम्र 40 वर्ष नि. बैलट घाट थाना कोतवाली जिला कटनी आरोपी से जप्त अवैध हथियार- 01 देशी कट्टा एवं 01 जिंदा कारतूस।

# जेपीवीडीएवी विद्यालय में बहुविषयक की भव्य प्रदर्शनी

कटनी (स्वतंत्रमत)





जेपीवी डीएवी विद्यालय में 29 नवम्बर को विद्यार्थियों द्वारा विविध विषयों पर आधारित भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्यप्रदेश जोन के क्षेत्रीय निदेशक एवं विद्यालय प्राचार्य एस. के. सिन्हा ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जेपीवी डीएवी विद्यालय के मैनेजर एच. के सिंह द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि मीना देवी डॉक्टर शोभित चौदहा, केलड्रीज डीएवी विद्यालय की प्राचार्या संजना मधुकर, ज्ञानोदय विद्या मंदिर के प्राचार्य, राजेंद्र कुर्मवंशी, डीएवी विद्यालय बुढ़ार के प्रधानाचार्य विनय उर्मलिया, डीएवी विद्यालय उकवा के प्रधानाचार्य, मनीष सिंह अन्य विद्यालयों के प्राचार्य, शहर के विशिष्ट अतिथि गण एवं अभिभावक वर्ग की उपस्थिति रही। विद्यालय प्रांगण को आकर्षक रूप से सजाया गया था, जिससे पूरे वातावरण में उत्साह और रचनात्मकता की झलक नजर आई। विभिन्न विषयों की आकर्षक प्रस्तुति हिन्दी प्रदर्शनी हिन्दी भाषा के प्रख्यात कवियों, लेखकों एवं साहित्यकारों का सुंदर प्रस्तुतीकरण व्याकरण के विभिन्न विषयों पर विद्यार्थियों द्वारा प्रभावी मॉडलों की प्रस्तुति संस्कृत प्रदर्शनी प्राचीन भारतीय परंपरा और ऋषि-मुनियों-भारद्वाज, नागार्जुन, आर्यभट्ट आदि- की खोजों का दिग्दर्शन महेश्वर सूत्रों द्वारा वर्णमाला की उत्पत्ति का सजीव प्रदर्शन गुरुकुल एवं आधुनिक शिक्षा पद्धति का तुलनात्मक चित्रण विज्ञान प्रदर्शनी ऊर्जा संरक्षण पर आधारित अनूठे मॉडल भौतिक, रसायन एवं जीव विज्ञान से संबंधित अभिनव प्रोजेक्ट कला प्रदर्शनी भारत की विविध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाते हुए सुंदर कलात्मक मॉडल विद्यार्थियों की रचनात्मकता और कल्पनाशीलता की उत्कृष्ट झलक सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी ऐतिहासिक धरोहरों, पर्यावरण संरक्षण एवं प्राचीन सभ्यताओं- हड़प्पा, मोहनजोदड़ो- का प्रभावी दिग्दर्शन वेदों का ज्ञान, भूगोल की संरचना एवं सौरमंडल की आकर्षक प्रस्तुति फन जोन और मनोरंजन विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के लिए विभिन्न खेलों का आयोजन फन जोन में स्वादिष्ट व्यंजनों का रसास्वादन नन्हे.मुन्नों के लिए मिकी माउस थीम तथा अन्य आकर्षक खेलों की व्यवस्था, जिसने बच्चों का मन मोह लिया कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य एस.के. सिन्हा ने विद्यार्थियों की मेहनत, प्रतिभा एवं रचनात्मकता की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित किया। अभिभावकों एवं अतिथियों ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

# पीरबाबा बायपास के अतिक्रमण को हटाया

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर पीर बाबा बायपास में राष्ट्रीय राजमार्ग के बाधक अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की जा रही है। मौके पर पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी भी मौजूद। यातायात पुलिस निरीक्षक राहुल पांडेय सहित मौके पर पुलिस अमला उपस्थित। अतिक्रमणों को जेसीबी मशीन लगाकर जमींदोज किया जा रहा है। स्थल पर राजस्व पुलिस और राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों की मौजूद हैं।



# अस्मिता- एथलेटिक्स लीग 2025 का भव्य आयोजन

कटनी (स्वतंत्रमत)





ऑर्डनेंस फैक्ट्री स्टेडियम, कटनी में जिला स्तरीय अस्मिता गर्ल्स एथलेटिक्स लीग 2025 का भव्य आयोजन उत्साह और उमंग के साथ सम्पन्न हुआ। यह प्रतियोगिता विशेष रूप से बालिकाओं के लिए नदकमत-14 और नदकमत-16 आयु वर्ग में आयोजित की गई थी। इसका मुख्य उद्देश्य खेलों के माध्यम से बेटियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, साहस, शारीरिक फिटनेस और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को विकसित करना है, साथ ही युवा प्रतिभाओं की पहचान करना और उन्हें आगे प्रशिक्षण एवं खेल के अवसर प्रदान करना था। अस्मिता लीग, जिसे एथलेटिक फेडरेशन ऑफ इंडिया, खेल विकास प्राधिकरण के मार्गदर्शन में खेलो इंडिया के तहत भारत के 300 जिलों में आयोजित किया जा रहा है। प्रतियोगिता का आयोजन एफआई एसएआई एवं भारत सरकार के खेल मानकों के अनुरूप उत्कृष्ट तरीके से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में- एनेट एफ. बिस्वास- क्लस्टर सीएसआर हेड, अदाणी फाउंडेशन, कैमोर एवं अमेठा सीमेंट वर्क्स राजेश कुमार पांडे- स्पोर्ट्स ऑफिसर, ऑर्डनेंस फैक्ट्री कटनी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ खिलाड़ी फारूख अंसारी एवं मृणाल बैनर्जी उपस्थित रहे। सभी विजेता बालिकाओं को मुख्य अतिथि एनेट एफ. बिस्वास के करकमलों द्वारा मेडल और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। यह क्षण खिलाडियों, अभिभावकों और प्रशिक्षकों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहा। अपने प्रेरक संबोधन में एनेट विश्वास ने कहा- बेटियाँ खेल के हर मैदान में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें और सफलता की नई ऊँचाइयाँ हासिल करें। एफआई एसएआई भारत सरकार और कटनी जिला एथलेटिक्स संघ के संयुक्त प्रयासों से बेटियों को वह अवसर और मंच प्रदान हो रहा है, जिसके वे योग्य हैं। आज कटनी की बेटियाँ केवल खेल नहीं रही हैं- वे अपने सपनों को आकार रूप दे रही हैं, सीमाएँ तोड़ रही हैं तथा भविष्य में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का गौरव बढ़ाने की क्षमता रखती हैं। हम हर उस बेटी के साथ खड़े हैं जो आगे बढ़ना चाहती है, और अदाणी फाउंडेशन इसमें सदैव आपके साथ रहेगा।

# जिले के 84 खरीदी केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी आज से

## दलालों, व्यापारियों और बिचौलियों पर जिला प्रशासन की कड़ी नजर

कटनी (स्वतंत्रमत)



खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर पंजीकृत कृषकों से जिले में 1 दिसंबर से 20 जनवरी तक धान का उपार्जन किया जायेगा। कलेक्टर आशीष तिवारी ने धान उपार्जन हेतु वर्तमान में 84 उपार्जन केंद्र निर्धारित किये है और इनके पर्यवेक्षण एवं सुचारू संचालन हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त कर दिया है। जिला उपार्जन समिति की अनुशंसा पर 5 और खरीदी केंद्र बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है, जिनका संचालन स्व-सहायता समूहों द्वारा किया जाएगा। कलेक्टर ने सर्वेयरों, उपार्जन केन्द्र प्रभारियों, समिति प्रबंधकों और आपरेटर्स के प्रशिक्षण के दौरान ही खरीदी केन्द्रों में आपसी समन्वय से किसानों के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे। कलेक्टर ने समिति प्रबंधकों को दो टूक हिदायत दी है कि किसानों की मेहनत से उगाई गई, उनकी उपज का दाना-दाना ख़रीदा जायेगा। लेकिन बाहरी धान की आवक विशेष कर दलालों, व्यापारियों और बिचौलियों पर पैनी नजर रखी जाए। इनकी निगरानी के लिए राजस्व, खाद्य और कृषि उपज मंडी की संयुक्त टीम सक्रिय हैं। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान का समर्थन मूल्य 2369 रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। कृषकों से उपार्जन कार्य सप्ताह में सोमवार से शुक्रवार तक 5 दिवस प्रातः 8 बजे से सायं 8 बजे तक किया जायेगा एवं कृषक तौल पर्ची सायं 6 बजे तक जारी की जायेगी। जिन कृषकों की उपज की तौल अपरिहार्य कारणवश सोमवार से शुक्रवार के बीच निर्धारित दिवस को नहीं हो सकेंगी, उनकी तौल शनिवार को की जायेगी। उपार्जन केन्द्र पर फेयर एवरेज क्वालिटी उपज ही खरीदने संबंधी बैनर का प्रदर्शन अनिवार्यतः करने और गुणवत्ता सर्वेयर एप में सर्वेयर व प्रभारी का नाम, मोबाइल नंबर को पंजीकृत करना आवश्यक है। नान एफएक्यू धान को रिजेक्ट कर कृषक को अपग्रेड करने हेतु समझाइश दिया जाना तथा अमान्य उत्पाद का सेम्पल रखना अनिवार्य है। ई-उपार्जन पोर्टल पर कृषक द्वारा अपनी उपज विक्रय हेतु स्लॉट बुकिंग पर की जा सकेगी। कृषक के स्लॉट की वैधता अवधि 7 कार्य दिवस होगी। कृषक द्वारा उपज विक्रय हेतु स्लॉट बुकिंग उपार्जन के अंतिम 10 दिवस छोड़कर की जा सकेगी। धान की भरती 40 किलो बारदाना वजन के मानक में की जाएगी। इससे अधिक मात्रा की तौल बोरे में कदापि न की जाए। खाद्यान्न की भरती 580 ग्राम स्टेण्डर्ड वजन के नवीन जूट बोरों में एवं 500 ग्राम पुराने जूट बोरों में मानक भरती की जाएगी। उपार्जन केन्द्र द्वारा प्रत्येक बोरे पर नीले रंग से निर्धारित प्रारूप में 18-18 इंच की स्टेंसिल छापा लगाई जाएगी, यह छापा नवीन जूट के बारदाने, एक भरती जूट के बारदाने जो भी धान भरती के उपयोग में लाये जाने हेतु राज्य शासन द्वारा अनुमत्य किए जाएंगे, उन पर लगाना अनिवार्य होगा। बारदानों की प्राथमिकता के आधार पर विद्युत चलित मशीन से नीला रंग के धागे से डबल सिलाई की जाए। कृषक व नॉमिनी द्वारा समर्थन मूल्य पर विक्रय हेतु लाई गई उपज की केन्द्र पर सर्वप्रथम कृषक तौल पर्ची जारी की जायेगी। ई-उपार्जन पोर्टल पर उपार्जन केन्द्र के लॉगिन से खरीदी की प्रविष्टि के समय विक्रेता कृषक एनॉमिनी एवं उपार्जन केन्द्र के प्रभारी के आधार ई-केवाईसी सत्यापन के उपरांत ही स्कंध की खरीदी की मात्रा की प्रविष्टि एवं खरीदी देयक जारी होगा एवं इसके उपरांत ही कृषक से उपज की खरीदी मान्य होगी। उपार्जन केन्द्र प्रभारी द्वारा उपार्जन केन्द्रों पर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी एवं फोटोग्राफ्स भारत सरकार के पोर्टल पर अपलोड करना होगा। कलेक्टर ने नोडल अधिकारियों को उपार्जन केन्द्रों पर उपस्थित रहकर उपार्जन कार्य सुचारू रूप से सम्पादित कराने, धान विक्रय करने में कृषकों को होने वाली असुविधा का निराकरण कराने का दायित्व सौंपा है। नियोजित अधिकारी प्रतिदिन की प्रगति से खाद्य शाखा को अवगत करायेंगे।

# अधिवक्ताओं द्वारा विचार गोष्ठी का आयोजन

कटनी (स्वतंत्रमत)



विगत दिनों सम्पूर्ण भारत वर्ष में संविधान संशोधन लेकर संविधान दिवस आयोजित कार्यक्रम हुआ इसी संदर्भ में जिला सत्र न्यायालय परिसर स्थित जिला अधिवक्ता परिषद ईकाई कटनी के अध्यक्ष सीनियर अधिवक्ता बीएल यादव के कुशल मार्गदर्शन मे एवं समाजसेवी व अधिवक्ता रेखा अंजू तिवारी के नेतृत्व में हमारी पहचान, हमारा संविधान पर वरिष्ठ अधिवक्ताओ के साथ मिलकर विचार गोष्ठी का आयोजन कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथ्य वरिष्ठ सीनियर अधिवक्ता दादा ओपी निगम, दादा रामचंद्र तिवारी अधिवक्ता एंव कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिवक्ता सीनियर अधिवक्ता मातृशक्ति अंजूलता परौहा ने की विशिष्ट अतिथि जिला अधिवक्ता संघ उपाध्यक्ष अधिवक्ता संतु परौहा, कोषाध्यक्ष अधिवक्ता निर्मल दुबे कार्यकारिणी सदस्य अधिवक्ता मांडवी पांडेय, अधिवक्ता, सहित अन्य गणमान्य अधिवक्ताओ ने सर्वप्रथम मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम प्रारंभ हुआ कार्यक्रम में सभी सम्मानित सीनियर अधिवक्ताओ का स्वागत वंदन अभिनंदन जिला अधिवक्ता संघ के सक्रिय ऊर्जावान अधिवक्ता दुष्यंत गुप्ता एंव जूनियर अधिवक्ता नीलू खान द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दादा ओपी निगम ने अपने विचार व्यक्त किए कि हमारे संविधान को पूर्ण रूप से तैयार करने में 2 वर्ष, 11 माह, 18 दिन का समय लगा था क्योकि इसी दिन की याद में हम आप सब मिलकर हर वर्ष 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के रूप मे मनाते है उपाध्यक्ष संतु परौहा, कोषाध्यक्ष निर्मल दुबे ने कहा कि हमारे भारतीय संविधान लिखने वाली सभामें 299 सदस्य थे जिसके अध्यक्ष डॉ राजेन्द्र प्रसाद थे। इस अवसर पर कार्यक्रम की संयोजिका समाजसेवी व अधिवक्ता रेखा अंजू तिवारी ने अपने ओजस्वी विचारो से कहा कि हमारी पहचान ही हमारा संविधान है यह भारत का सर्वोच्च विधान है।

# भारत ने साउथ अफ्रीका को 17 रन से हराया

## पहले वनडे में कोहली का शतक; कुलदीप ने 4 हर्षित ने 3 विकेट लिए



**रांची।** भारत ने साउथ अफ्रीका को पहले वनडे में 17 रन से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। रांची स्टेडियम में रविवार को साउथ अफ्रीका ने बॉलिंग चुनी। भारत ने विराट कोहली के शतक के दम पर 349 रन बना दिए। जवाब में मेहमान टीम ने फाइट दिखाई, लेकिन टीम 332 रन ही बना सकी। भारत से कोहली के अलावा रोहित शर्मा ने 57 और कप्तान केएल राहुल ने 60 रन बनाए। गेंदबाजी में कुलदीप यादव ने 4 विकेट लिए। हर्षित राणा ने 3 और अर्शदीप सिंह ने 2 विकेट लिए। साउथ अफ्रीका से मार्को यानसन, नांद्रे बर्गर, कॉर्बिन बॉश और ओटनिल बार्टमैन ने 2-2 विकेट लिए। बड़े टारगेट के सामने साउथ अफ्रीका की शुरुआत खराब रही। टीम ने 11 रन पर ही 3 विकेट गंवा दिए। मैथ्यू ब्रीट्जकी ने फिर पारी संभाल ली। उन्हें मार्को यानसन का साथ मिला, लेकिन दोनों एक ही ओवर में आउट हो गए। आखिर में कॉर्बिन बॉश ने फिफ्टी लगाकर टीम को जीत के करीब पहुंचाया, लेकिन उनकी पारी काम न आई।

### विराट ने 135 रन की जबर्दस्त पारी खेली

विराट ने 120 गेंदों पर 11 चौके और सात छक्के उड़ाते हुए 135 रन की जबर्दस्त पारी खेली जो उनका 52वां एकदिवसीय शतक था। उन्होंने रोहित शर्मा के साथ दूसरे विकेट के लिए 136 रनों की साझेदारी की। रोहित ने 51 गेंदों पर 57 रन में पांच चौके और तीन छक्के उड़ाये। इन तीन छक्कों के साथ ही रोहित पाकिस्तान के शाहिद अफरीदी को पीछे छोड़कर वनडे में नये सिक्सर किंग बन गये। कार्यवाहक कप्तान राहुल ने 56 गेंदों में दो चौके और तीन छक्के लगाते हुए 60 रनों की पारी खेली।

**अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया**–आज यहां दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम को चौथे ओवर में यशस्वी जायसवाल (18) के रूप में पहला झटका लगा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये विराट कोहली ने दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजो के खिलाफ आक्रामक रूख अख्तियार किया। इस दौरान 18वें ओवर की दूसरी गेंद पर कोहली ने छक्का लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। कॉर्बिन बॉश की अगली गेंद पर उन्होंने एक और छक्का जड़ दिया। इसके बाद रोहित शर्मा ने 19वें ओवर की पांचवी गेंद पर एक रन लेकर अपना अर्धशतक पूरा किया। रोहित अर्द्धशतक पूरा करने के बाद 22वें ओवर में टीम के 161 के स्कोर पर आउट हुये।



# गायत्री-ट्रीसा ने युगल खिताब बरकरार रखा

## श्रीकांत को रजत से करना पड़ा संतोष

**लखनऊ (वार्ता)।** गायत्री गोपीचंद और ट्रीसा जॉली की महिला युगल जोड़ी ने जापान की काहो ओसावा और माई तानाबे पर कड़ी टक्कर वाली जीत के साथ अपना सैयद मोदी इंटरनेशनल टाइटल बरकरार रखा, जबकि किदांबी श्रीकांत मेंस सिंगल्स के फाइनल में हार गए। महिला फाइनल में, गायत्री और ट्रीसा ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए ओसावा और तानाबे को एक घंटे 16 मिनट में 17-21, 21-13, 21-15 से हराकर टाइटल जीता, जबकि श्रीकांत मेंस सिंगल्स फाइनल में 16-21, 21-8, 20-22 से हार गए।

गायत्री के चोटिल होने के कारण लंबे समय तक बाहर रहने के बाद अपना दूसरा टूर्नामेंट खेलते हुए, भारतीय जोड़ी बिना कोई गेम गंवाए फाइनल में पहुंची थी। लेकिन टॉप क्लैश में, उन्हें थोड़े मुश्किल एंड से अपनी रिदम में आने के लिए समय चाहिए था और इसी वजह से वे पहला गेम हार गए। बाद में मेन्स सिंगल्स फाइनल में, किदांबी श्रीकांत हांगकांग के जेसन गुनावान के खिलाफ बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर टाइटल के लिए अपने पांच साल से ज़्यादा के इंतज़ार को खत्म करने के करीब पहुंच गए।



# मुकेश नेलवल्ली ने सरबजोत को हराकर 10-मी पिस्टल में गोल्ड जीता

**जयपुर (वार्ता)।** मुकेश नेलवल्ली ने यहां खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 में बड़ा उलटफेर करते हुए पेरिस ओलंपिक्स के ब्रॉन्ज मेडलिस्ट सरबजोत सिंह को हराकर 10-मीटर पिस्टल इवेंट में गोल्ड मेडल जीता। इन गेम्स के शूटिंग इवेंट जयपुर के जगतपुरा शूटिंग रेंज में खेले जा रहे हैं। कोनेरू लक्ष्मैया एजुकेशनल फाउंडेशन को रिप्रेजेंट कर रहे मुकेश नेलवल्ली ने 243.3 पॉइंट्स के साथ इवेंट खत्म किया, जबकि आदित्य मालरा ने 240.2 पॉइंट्स के साथ सिल्वर मेडल जीता, और सरबजोत ने 220.8 का स्कोर किया। आदित्य मालरा और सरबजोत दोनों गेम्स में पंजाब यूनिवर्सिटी को रिप्रेजेंट कर रहे थे।

# इशान किशन का नाबाद शतक

## झारखंड ने त्रिपुरा को आठ विकेट से हराया



**अहमदाबाद (वार्ता)।** कप्तान इशान किशन (नाबाद 113) की शतकीय पारी के दम पर झारखंड ने रविवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के एलीट ग्रुप डी मुकाबले में त्रिपुरा को 15 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया। 183 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी झारखंड ने 17.3 ओवर मे दो विकेट खोकर 185 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से अपने नाम कर लिया। झारखंड की शुरुआत अच्छी रही और उसने अपना पहला विकेट छह रन के स्कोर पर और दूसरा विकेट 32 के स्कोर पर गंवा दिया था। उत्कर्ष सिंह (पांच) और कुमार कुशाग्र (छह) रन बनाकर आउट हुये। हालांकि इस दौरान इशान किशन एक छोर थामे तेजी के साथ रन बनाते रहे। इशान किशन ने 50 गेंदों में 10 चौके और आठ छक्कों की मदद से नाबाद 113 रनों की पारी खेली। विराट सिंह ने 40 गेंदों में चार चौके और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 53 रन बनाये। त्रिपुरा के लिए विकी साहा, सौरभ दास ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले झारखंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी त्रिपुरा ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 182 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। विजय शंकर ने 41 गेंदों में (59), बिक्रमकुमार दास 29 गेंदों में (42) और कप्तान मणिशंकर मूरासिंह 21 गेंदों में 42 रनों का योगदान दिया। त्रिपुरा के छह बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। झारखंड के लिए विकास सिंह और अनुकूल रॉय ने दो-दो विकेट लिये। सौरभ शेखर, उत्कर्ष सिंह और बाल कृष्ण ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। टूर्नामेंट के अन्य मैचों में गुजरात ने हरियाणा को चार विकेट से हराया। मैन ऑफ द मैच सौरव चौहान ने 52 गेंदों में नाबाद 81 रनों की पारी खेली। विशाल जायसवाल ने 19 गेंदों मे 23 रन बनाये। गुजरात ने छह विकेट पर 143 रन बना कर यह मुकाबला जीता।



# भौमिक ने जीता कांस्य, भारत का तीन पदकों के साथ अभियान समाप्त

**क्लुज नेपोका (रोमानिया) (वार्ता)।** भारत की दिव्यांशी भौमिक को रविवार को विश्व यूथ टेबल टेनिस चैंपियनशिप 2025 में अंडर-15 लड़कियों की एकल स्पर्धा में चीन की झू किहुई से हराने के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। इसी के साथ तीन पदकों के साथ भारत का टूर्नामेंट में अभियान समाप्त हो गया। आज यहां क्लुज नेपोका के बीटी एरिना में मुकाबला करते हुए, दिव्यांशी भौमिक ने शुरुआती गेम जीता लेकिन अंतत: सेमीफाइनल में चीन की झू किहुई से 4-1 (10-12, 12-10, 11-6, 11-4, 11-8) से हार गईं। भौमिक, जो इस साल की शुरुआत में एशियन यूथ टेबल टेनिस चैंपियनशिप अंडर-15 लड़कियों की एकल स्पर्धा का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनी थी।36 साल में यह पहली बार था जब किसी भारतीय खिलाड़ी ने यह खिताब जीता हो। भौमिक ने विश्व चैंपियनशिप में भी अपनी इसी लय को बनाए रखा। 15 साल की भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी ने रोमानिया में अपने अभियान की शुरुआत शुरुआती राउंड में अल्जीरिया की जेड मोरिस पर 4-0 (11-6, 13-11, 11-7, 11-5) से जीत के साथ की।

# चावल-चीनी मजबूत, गेहूं नरम, दाल-तेल में घट-बढ़



नयी दिल्ली (वार्ता)। घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव बढ़ गये। चीनी में भी तेजी रही जबकि गेहूं की कीमतों में गिरावट देखी गयी। खाद्य तेलों और दालों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। घरेलू थोक जिंस बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत दो रुपये बढ़ी और सप्ताहांत पर यह 3,822.15 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा। गेहूं 10 रुपये टूटकर 2,838.46 रुपये प्रति क्विंटल पर आ गया। आटे की कीमत 3,302.14 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही। बीते सप्ताह सरसों तेल 59 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। पाम ऑयल में 46 रुपये और सोया तेल में 36 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट देखी गयी। वनस्पति नौ रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। मूंगफली तेल की कीमत 22 रुपये और सूरजमुखी तेल की पांच रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। दाल-दलहनों में मूंग दाल की कीमत 16 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। चना दाल 27 रुपये और उड़द दाल 21 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। तुअर दाल और मसूर दाल की कीमतें पांच-पांच रुपये प्रति क्विंटल लुढ़क गयीं। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव 20 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गये।

चीनी भी छह रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। दाल चना 7831.94 रुपये, मसूर काली 8108.01 रुपये, मूंग दाल 10103.30 रुपये, उड़द दाल 10359.29 रुपये, तुअर दाल 10539.50 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2838.46 रुपये और चावल 3822.15 रुपये प्रति क्विंटल।

आटा (गेहूं) 3302.14 प्रति क्विंटल। चीनी एस 4325.87 रुपये और गुड़ 4996.60 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। सरसों तेल 17661.95 रुपये, मूंगफली तेल 17571.59 रुपये, सूरजमुखी तेल 15686.46 रुपये, सोया तेल 13772.87 रुपये, पाम ऑयल 12443.01 रुपये और वनस्पति 14465.02 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।




## एफपीआई ने नवंबर में 4,114 करोड़ रुपये का किया शुद्ध निवेश

**मुंबई (वार्ता)।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने भारतीय पूंजी बाजार में नवंबर में 4,114 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया। सीडीएसएल के आंकड़ों के अनुसार नवंबर में एफपीआई ने जितना पैसा निकाला उससे 4,114 करोड़ रुपये ज्यादा लगाये। यह लगातार दूसरा महीने है जब पूंजी बाजार में एफपीआई का निवेश सकारात्मक रहा है।एफपीआई ने नवंबर में डेट में 4,674 करोड़ रुपये और म्यूचुअल फंड में 3,098 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया। हाइब्रिड उपकरणों में भी उन्होंने 103.72 करोड़ रुपये का निवेश किया।

# नई पीढ़ी के युवाओं के लिए फैशन स्टेटमेंट बन गयी है खादी : मनोज कुमार

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) के अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि आज के युवा तेजी से खादी को अपना रहे हैं और नये युग की खादी उनके लिए फैशन स्टेटमेंट बन गयी है। श्री कुमार ने यहां प्रगति मैदान स्थित राष्ट्रीय शिल्प संग्रहालय एवं हस्तकला अकादमी में आयोजित नवयुग खादी फैशन शो के बाद संवाददाताओं से बात करते हुए यह बात कही। फैशन शो में मॉडलों ने खादी के सुंदर-सुंदर पारंपरिक और आधुनिक परिधानों में रैम्प वॉक किया।



मुख्य अतिथि श्री कुमार ने फैशन शो में प्रदर्शित परिधानों तथा कारीगरों की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खादी फॉर नेशन, खादी फॉर फैशन के नारे के बाद से इसकी लोकप्रियता काफी बढ़ी है। साल 2014 में खादी की बिक्री 30-35 हजार करोड़ रुपये थी जो 10 साल में बढ़कर 1.75 लाख करोड़ पर पहुंच गयी है। कार्यक्रम का आयोजन केवीआईसी, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर खादी, राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) और भारतीय फैशन डिजाइन परिषद (एफडीसीआई) ने मिलकर किया। राष्ट्रीय शिल्प संग्रहालय एवं हस्तकला अकादमी में 28 नवंबर से 03 दिसंबर तक डिजाइनर टीम के मार्गदर्शन में साड़ियां, परिधान, यार्डेज, एक्सेसरीज़ और गृह-सज्जा के उत्पाद देशभर के खादी संस्थानों के माध्यम से तैयार कर एक ही स्थान पर प्रदर्शित किये जा रहे हैं। प्रदर्शनी में ओडिशा की इकत, असम की एरी सिल्क, गुजरात की तंगालिया, कर्नाटक की सिल्क, बंगाल की कॉटन, तेलंगाना और बिहार की बुनाइयों जैसे विविध क्षेत्रीय शिल्पों का प्रदर्शन किया गया है।

# शीर्ष 10 की सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बढ़ा

मुंबई (वार्ता)।

शेयर बाजारों में रही रिकॉर्ड तोड़ तेजी के बीच पिछले सप्ताह बीएसई की शीर्ष 10 में से सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 96,201 करोड़ रुपये बढ़ गया जबकि अन्य तीन का 43,999 करोड़ रुपये घटा है। विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज के एमकैप में सबसे अधिक 28,283 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी बजाज फाइनेंस का एमकैप 20,348 करोड़ रुपये और एचडीएफसी बैंक का 13,611 करोड़ रुपये बढ़ा है। आईसीआईसीआई बैंक के बाजार पूंजीकरण में 13,600 करोड़ रुपये और एफएमसीजी कंपनी हिंदुस्तान यूनीलिवर में 7,671 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। भारतीय स्टेट बैंक का एमकैप 6,415 करोड़ रुपये और सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी इंफोसिस का 6,273 करोड़ रुपये बढ़ा। दूरसंचार सेवा प्रदाता भारती एयरटेल के बाजार पूंजीकरण में 35,239 करोड़ रुपये की गिरावट दर्ज की गयी। भारतीय जीवन बीमा निगम का एमकैप 4,997 करोड़ रुपये और आईटी कंपनी टीसीएस का एमकैप 3,763 करोड़ रुपये घटा। एमकैप के मामले में 21,20,335 करोड़ रुपये के साथ रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बनी हुई है। एचडीएफसी बैंक 15,48,744 करोड़ रुपये और भारती एयरटेल 11,98,041 करोड़ रुपये के साथ तीसरे स्थान पर रही।





# रेपो दर में कटौती कर सकता है रिजर्व बैंक

**मुंबई (वार्ता)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की अगले सप्ताह होने वाली बैठक में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद है। रेपो दर वह दर है जिस पर केंद्रीय बैंक वाणिज्यिक बैंकों को अल्पकालिक ऋण देता है। एमपीसी की बैठक 03 से 05 दिसंबर को होने वाली है। इससे पहले अक्टूबर को हुई बैठक में रेपो तथा अन्य नीतिगत दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। पिछली बार आरबीआई गर्वनर ने कहा था कि मुद्रास्फीति की कम दरों को देखते हुए रेपो दरों में कटौती की गुंजाइश है, लेकिन केंद्रीय बैंक और आंकड़ों का इंतजार करेगा। वह वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में की गयी कटौती तथा अमेरिका में भारतीय वस्तुओं पर उच्च आयात के प्रभाव को देखना चाहेगा। इन दोनों ही मोर्चों पर आंकड़े काफी अच्छे आये हैं। अमेरिकी प्रतिबंध के बावजूद दूसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की विकास दर 8.2 प्रतिशत रही है जिसने विशेषज्ञों को भी चौंका दिया है। साथ ही खुदरा मूल्य आधारित मुद्रास्फीति की दर अक्टूबर में 0.25 प्रतिशत पर रही जो 13 साल में सबसे कम है।

# शेयर बाजारों पर दिखेगा घरेलू कारकों का असर

**मुंबई (वार्ता)।** घरेलू शेयर बाजारों में लगातार तीसरी साप्ताहिक तेजी के बाद आने वाले सप्ताह में घरेलू कारकों का असर हावी रहेगा। सप्ताह की शुरुआत बढ़त के साथ हो सकती है और बीएसई का सेंसेक्स पहली बार 86 हजार अंक के पार बंद हो सकता है। पिछले सप्ताह बीच कारोबार में इसने 86 हजार अंक का आंकड़ा छुआ था, लेकिन वहां टिक नहीं सका था। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े शुक्रवार को जारी किये गये जिसमें वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत दर्ज की गयी। पहली तिमाही में जीडीपी 7.8 प्रतिशत बढ़ा था। इसका असर सोमवार को बाजार खुलने पर दिखेगा।

इसके अलावा अगले सप्ताह अक्टूबर के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक, विनिर्माण क्षेत्र के लिए नवंबर के पीएमआई और नवंबर के वाहनों की बिक्री के आंकड़े जारी होने वाले हैं। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की द्विमासिक समीक्षा बैठक भी 03-05 दिसंबर तक होने वाली है। इन सभी कारकों पर निवेशकों की नजर बनी हुई है। बीते सप्ताह 30 शेयरों वाला संवेदी सेंसेक्स 474.75 अंक (0.56 प्रतिशत) की साप्ताहिक बढ़त के साथ शुक्रवार को 85,706.67 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान पहली बार यह 86 हजार अंक के पार पहुंचने में कामयाब रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी बीच कारोबार में 26,300 अकं के पार गया था। शुक्रवार को यह 26,202.95 अंक पर बंद हुआ जो 134.80 अंक यानी 0.52 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त दिखाता है।



सप्ताह के दौरान मझौली कंपनियों में जहां लिवाली का जोर रहा, वहीं छोटी कंपनियों में बिकवाली हावी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.27 प्रतिशत चढ़ गया। निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 0.10 प्रतिशत की गिरावट रही। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 18 के शेयर हरे निशान में रहे जबकि अन्य 30 लाल निशान में बंद हुए। टेक महिंद्रा में सबसे अधिक 3.83 प्रतिशत की साप्ताहिक तेजी रही। बजाज फाइनेंस का शेयर 3.25 प्रतिशत, सनफार्मा का 2.89, अडानी पोर्ट्स का 2.51, बजाज फिनसर्व का 1.96 और कोटक महिंद्रा बैंक का 1.80 प्रतिशत की बढ़त में रहा। आईसीआईसीआई बैंक का शेयर सप्ताह के दौरान 1.38 प्रतिशत, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 1.35, हिंदुस्तान यूनीलिवर का 1.34, एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 1.21 और एलएंडटी का 1.12 प्रतिशत मजबूत हुआ। इंफोसिस, एचडीएफसी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाइटन के शेयरों में भी तेजी रही।

भारती एयरटेल में 2.86 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट रही। पावरग्रिड का शेयर 2.79 प्रतिशत, ट्रेंट का 2.51, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स का 1.49, बीईएल का 1.12 और अल्ट्राट्क सीमेंट का 1.10 प्रतिशत टूट गया। आईटीसी, इटरनल, मारुति सुजुकी, टीसीएस, एशियन पेंट्स और टाटा स्टील के शेयर भी लाल निशान में रहे।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सामाजिक समरसता का श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत किया : राज्यपाल

## मुख्यमंत्री के पुत्र डॉ. अभिमन्यु और डॉ. इशिता सामूहिक विवाह सम्मेलन में परिणय सूत्र में बंधे

भोपाल (स्वतंत्र मत)।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सामाजिक सरोकार, समरसता और सादगी की मिसाल प्रस्तुत करते हुए अपने छोटे पुत्र का पाणिग्रहण संस्कार उज्जैन में हुए सामूहिक विवाह समारोह में संपन्न कराया। योग गुरू स्वामी रामदेव ने 21 जोड़ों के सामूहिक विवाह संस्कार कार्यक्रम का संचालन किया। स्वामी रामदेव ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव पहले मुख्यमंत्री हैं जिन्होंने ऐसी मिसाल प्रस्तुत की है। देश के प्रभावशाली, राजनीतिक और धनी व्यक्तियों के लिए यह एक अनुकरणीय पहल है। विवाह की इस प्रक्रिया के अनुसरण से शादियों में होने वाले अपव्यय को रोका जा सकेगा और मध्यम तथा निम्न-मध्यम वर्गीय परिवारों को प्रेरणा मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का यह भाव सबका साथ-सबका विकास की भावना के अनुरूप है।

### डॉ. अभिमन्यु का डॉ. इशिता के साथ विवाह यादगार

उज्जैन में रविवार को सामूहिक विवाह समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के पुत्र चिरंजीव डॉ. अभिमन्यु का डॉ. इशिता के साथ विवाह यादगार बन गया। एक ही पंडाल में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के पुत्र के साथ जन-सामान्य के पुत्र-पुत्रियों के विवाह ने अद्भुत



आत्मीयता और समानता के भाव का संचार किया। इस अवसर पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने समस्त नव-दंपतियों को बधाई दी। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सामाजिक समरसता का श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन में सामूहिक विवाह स्थल पर पधारे अतिथियों का स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि प्रदेश में सनातन की परंपरा के अनुसार विवाह के कार्यक्रम हो रहे हैं। सामूहिक विवाह समारोह में समाज के सभी वर्गों के नव-दंपति सम्मिलित हैं। अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के वर-वधू भी शामिल हैं।

### देश को नवाचारी ढंग से सोचने की आवश्यकता

सामूहिक विवाह समारोह में पधारे पं. धीरेंद्र शास्त्री महाराज ने कहा कि ऐसे सामूहिक एवं कम खर्च वाले विवाह समारोहों को प्रोत्साहन मिलना चाहिए। समाज का हर वर्ग इस प्रकार की व्यवस्था को स्वीकार करते हुए आगे बढ़े। वर्तमान समय में देश को नवाचारी ढंग से सोचने की आवश्यकता है। पं. शास्त्री ने कहा कि इस विवाह समारोह के माध्यम से श्रीमद्भगवद्गीता का संदेश जीवंत हो रहा है। सामूहिक विवाह समारोह में भेदभाव से परे सामाजिक समरसता का दृश्य नजर आ रहा था।


### सभी नव दंपतियों ने संतों का आशीर्वाद प्राप्त किया

सामूहिक विवाह कार्यक्रम में अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद मनसा देवी ट्रस्ट हरिद्वार के अध्यक्ष एवं महंत रवींद्र पुरी महाराज और जूना अखाड़ा के मुख्य संरक्षक और अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री पूज्य स्वामी हरि गिरि महाराज की ओर से सभी नव दंपतियों को एक-एक लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के पुत्र डॉ. अभिमन्यु और पुत्रवधु डॉ. इशिता सहित सभी नव दंपतियों ने संतों का आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की भावना के अनुरूप भोजन व्यवस्था सामूहिक विवाह समारोह की भावना के अनुरूप रही। सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति के आयोजकों ने सभी अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। स्थानीय पुलिस, प्रशासन और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम को व्यवस्थित रूप से संचालित करने में सहयोग दिया। कार्यक्रम में कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत, केंद्रीय संचार और उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय राज्य मंत्री जनजातीय मामले दुर्गादास उईके, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, अन्य मंत्रीगण, विधायक और बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने वर-वधू को आशीर्वाद दिया और उनके मंगलमय वैवाहिक जीवन की कामना की।

# मुख्यमंत्री करेंगे अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का शुभारंभ

### हरियाणा के मुख्यमंत्री करेंगे इंदौर में मध्यप्रदेश के पहले गीता भवन का लोकार्पण

**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, 1 दिसंबर, सोमवार को गीता जयंती के अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के 313 विकासखंड, 55 जिला मुख्यालय और 10 संभागों में आचार्यों की सन्निधि में 3 लाख से अधिक गीताभक्तों द्वारा श्रीमद्भगवद्गीता के 15वें अध्याय का सामूहिक सस्वर पाठ किया जायेगा। गीता जयंती पर उज्जैन, भोपाल एवं इंदौर में विशेष आयोजन किये गये है। इंदौर के राजवाड़ा स्थित गोपाल मंदिर में मध्यप्रदेश के पहले गीता भवन का लोकार्पण हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में होगा। इस अवसर पर मध्यप्रदेश में 16 से 28 नवंबर 2025 तक आयोजित हुई श्रीमद्भगवद्गीता ज्ञान प्रतियोगिता के विजेताओं के नामों की घोषणा भी की जायेगी। वीर भारत न्यास के न्यासी सचिव श्रीराम तिवारी ने बताया कि गीता जयंती 1 दिसंबर 2025 को मध्यप्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय गीता




महोत्सव भव्य स्तर पर मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गीता केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं बल्कि जीवन जीने की कला सिखाती है। यह महोत्सव समाज में ज्ञान, कर्तव्य, अनुशासन और सकारात्मकता का वातावरण बनाने का माध्यम बनेगा।

### उज्जैन में तीन दिवसीय भव्य आयोजन

उज्जैन के दशहरा मैदान पर 1 से 3 दिसंबर तक विविध सांस्कृतिक आयोजन किये जा रहे है। इसमें पहले दिन अभिनेता पुनीत इस्सर द्वारा निर्देशित नृत्य नाटिका जय श्रीकृष्णा का मंचन होगा। दूसरे दिन नई दिल्ली की वैष्णवी शर्मा का काव्य पाठ विराटजयी तथा मुंबई के मोहित शेवानी एवं दल द्वारा कृष्णायन की सांगीतिक प्रस्तुति होगी। अंतिम दिन उमेश तरकसवार द्वारा निर्देशित विश्ववंदनीय एवं बैंगलोर के डॉ. सलाउद्दीन पाशा द्वारा निर्देशित गीता ऑन व्हील्स की प्रस्तुति होगी। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर लघु चित्र शैली में माधव दर्शनम् प्रदर्शनी को प्रदर्शित किया जा रहा है। मुख्यमंत्रीजी डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में दोपहर 1 बजे रविन्द्र भवन में श्रीमद्भगवद्गीता के 15वें अध्याय का सस्वर पाठ एवं प्रदर्शनी का लोकार्पण होगा। रवीन्द्र भवन के हंसध्वनि सभागार में मोहित शेवानी के निर्देशन में कृष्णायन की प्रस्तुति होगी। यह प्रस्तुति भगवान श्रीकृष्ण और मध्यप्रदेश की कहानी पर केंद्रित है। आधुनिक तकनीकों का उपयोग करते हुए इस प्रस्तुति को आकर्षक एवं रोचक बनाने का प्रयास किया गया है। इसके पूर्व बैंगलोर के डॉ. सलाउद्दीन पाशा के निर्देशन में गीता ऑन व्हील्स जिसमें दिव्यांग कलाकार गीता के प्रसंगों को मंचित करेंगे तथा विश्व गीता प्रतिष्ठानम् की ओर से श्रीमद्भगवद्गीता नृत्य नाटिका की प्रस्तुति होगी। प्रस्तुतियाँ शाम 6 बजे शुरू होंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री सैनी इंदौर के मुख्य आतिथ्य में मध्यप्रदेश के पहले गीता भवन-गोपाल मंदिर का लोकार्पण किया जायेगा।

# एसआईआर का संशोधित कार्यक्रम जारी

भोपाल (स्वतंत्र मत)।

प्रदेश में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर की भारत निर्वाचन आयोग ने समय सीमा बढ़ा दी है। इस संबंध में आयोग ने निर्देश भी जारी कर दिए हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र संजीव कुमार झा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 30 नवंबर को संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है। जारी कार्यक्रम अनुसार मध्यप्रदेश में एसआईआर की प्रक्रिया अब 14 फरवरी 2026 तक चलेगी। इसके अनुसार अब 11 दिसम्बर 2025 तक एन्युमरेशन फार्म भरने का काम बीएलओ द्वारा किया जाएगा। 16 दिसंबर को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन होगा। 16 दिसंबर से 15 जनवरी 2026 तक दावा आपत्तियों के आवेदन लिए जाएंगे। 16 दिसंबर से 7 फरवरी 2026 तक दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद 14 फरवरी 2026 को फाइनल मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा ने कहा कि सभी जिलों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए नवीन दिशा निर्देशों से अवगत कराया गया है। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के संबंध में दिए गए नवीन निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करें। उसे अच्छी तरह से अध्ययन कर लें। विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान बीएलओ तीन बार मतदाताओं के घर जाएंगे, यह सुनिश्चित करें। इसके साथ ही जो व्यक्ति 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहा है, वह भी मतदात सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकता है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म 6, हटवाने के लिए फॉर्म 7 और सुधार या संशोधन के लिए मतदाता को फॉर्म 8 भरना होगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झा ने बताया कि एन्यूमरेशन फार्म भरने में यदि कोई व्यक्ति मिथ्या घोषणा करता है तो जुर्माने या कारावास के लिए दंडनीय होगा।

**गणना पत्रक 11दिसम्बर तक भरे जाएंगे, 14 फरवरी 26 को होगा अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन**

### 1100 विद्यार्थियों द्वारा समवेत स्वर में गीत गायन

**दमोह।** विश्व गीता प्रतिष्ठानों जिला दमोह के अथक प्रयासों से गीता जयंती महोत्सव पर 1100 विद्यार्थियों द्वारा समवेत स्वर में गीत गायन शहर के मध्य स्थित शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय दमोह में 1 दिसंबर सोमवार को बुलाता है 10:30 बजे से आयोजित है जिसमें केंद्रीय कार्य समिति एवं महाकौशल प्रांतीय समिति से महेश प्रसाद पांडे, सरवन कुमार उपाध्याय राजेश सोनी, जागेश्वर तिवारी, योगेश शुक्ला सहित सभी सदस्यों के प्रयासों से गीता जयंती महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। विदेश के सभी संभागीय जिला तहसील मुख्यालय में जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित है सभी के द्वारा अधिक से अधिक संख्या में आधार कार्ड कार्यक्रम को सफल बनाएं।

### आज अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** अतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन आज 1 दिसंबर को 10:30 बजे से शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह, हटा, पटेरा, तेंदूखेड़ा, पथरिया, बटियागढ़ एवं जबेरा में किया जा रहाहै। कार्यक्रम में 15वें अध्याय का पाठ किया जाना है। कार्यक्रम में सभी से उपस्थिति का आग्रह किया गया है।

# श्रमदान सिर्फ काम नहीं, हमारी जिम्मेदारी: डॉ. मंजू

## बांसाकलां में श्रमदान कर 80 बोरी से बंधान



पथरिया (स्वतंत्र मत)।

मप्र जन अभियान परिषद के जल संचय अभियान जिला अंतर्गत जिला पंचायत दमोह के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था नेहरू युवा नव जागृति नव युवक मंडल समिति बांसा कलां और ग्राम पंचायत बांसाकलां के संयुक्त तत्वावधान में जल संचय अभियान के अंतर्गत ग्राम बांसा कलां के गुलाबवारी सेर रतुआ नाला में श्रमदान कर 80 बोरी का बंधान किया गया।

मुख्य अतिथि जिपं उपाध्यक्ष डॉ. मंजू धर्मेन्द्र कटारे ने कहा कि श्रमदान सिर्फ काम नहीं यह समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी का एक सुंदर संदेश है। बोरी बंधान के माध्यम से हम जल, जमीन और जीवन तीनों की रक्षा करते हैं। जब हम अपने हाथों से बोरी बंधान करते हैं तो प्रकृति को संजोने का संकल्प भी मजबूत करते हैं। यह छोटा प्रयास बड़े परिणाम देता है श्रमदान का एक-एक पल गांव के भविष्य को सुरक्षित बनाता है। बोरी बंधान जनभागीदारी का सबसे अच्छा उदाहरण है। संस्था अध्यक्ष घनश्याम पटेल ने कहा कि आज रतुआ नाला में सभी की उपस्थिति में श्रमदान कर लगभग 80 बोरी का बंधन किया गया। श्रमदान में लगा पसीना गांव की खुशहाली का बीज बनता है। बोरी बंधान उसी खुशहाल भविष्य का निर्माण है। प्रकृति बचाने का रास्ता किसी बड़ी तकनीक से नहीं बल्कि हमारे छोटे-छोटे श्रमदान से होकर जाता है।

इस दौरान ग्राम पंचायत बांसाकलां के सचिव असगर खान, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य प्रशांत जैन, संस्था के अध्यक्ष घनश्याम पटेल, सेवक प्रजापति, धरातल जनकल्याण विकास समिति पथरिया से बसंत पटेल, जन अभियान परिषद के परामर्शदाता दिलीप कुमार पटेल, जीवन यादव, पुष्पा दुबे, दर्शिका तिवारी, अमरदीप जन जागरण विकास समिति से विजय तिवारी, संस्था साईबाबा महिला मंडल पथरिया से दीपा पचौरी, मोहन पटेल, जीवल लाल पटेल, गोलू पटेल, मूरत सिंह ठाकुर, सहित सामाजिक कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों की उपस्थिति में श्रमदान कर इस बोरी बंधान को सफल बनाया गया।



# सभी बूथ केंद्रों पर सुनी गई मन की बात

दमोह (स्वतंत्र मत)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 128वें प्रसारण को लेकर भाजपा दीनदयाल मंडल द्वारा रविवार को सभी बूथ केंद्रों पर सुना गया। यह कार्यक्रम जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे के मार्गदर्शन एवं मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर प्रधानमंत्री के उद्बोधन को सुना। मन की बात के इस प्रसारण में प्रधानमंत्री ने देश की नई उपलब्धियों, युवाओं के नवाचारए स्वच्छता अभियान, वोकल फॉर लोकल, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण तथा आत्मनिर्भर भारत जैसे विषयों पर महत्वपूर्ण संदेश दिए। जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे मन की बात में बताए गए संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लें। मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया ने कहा कि श्मन की बात केवल कार्यक्रम नहीं बल्कि जनता से सीधा संवाद है जो हर नागरिक को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की प्रेरणा देता है। अंत में उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से भाजपा की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

# दमोह में सड़क सुरक्षा अभियान तेज

### जरूरतमंदों को मुफ्त बांटे हेलमेट

पथरिया (स्वतंत्र मत)।

जिले में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने और हादसों में जान-माल की हानि कम करने के उद्देश्य से दमोह पुलिस द्वारा संयुक्त चेकिंग अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में पथरिया में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत भदौरिया ने रविवार को विशेष अभियान चलाकर बिना हेलमेट बाइक



चलाने वालों पर कार्रवाई की और जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क हेलमेट वितरित किए।

पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के आह्वान पर पूरे जिले में लोगों को हेलमेट उपयोग के लिए प्रेरित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बाइक चलाने वाले तथा पीछे बैठे पिलियन राइडर दोनों हेलमेट का अनिवार्य रूप से उपयोग करेंए जिससे दुर्घटना के समय गंभीर चोटों से बचाव हो सके। पथरिया में एएसपी सुजीत भदौरिया, एसडीओपी प्रिया सिंधी और थाना प्रभारी अमित मिश्रा ने नगर में पैदल भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। ट्रैफिक नियमों का पालन करने की समझाइश दी तथा सड़क किनारे अतिक्रमण से बचने की अपील की। एएसपी भदौरिया ने कहा कि हेलमेट आपकी जान की ढाल है। सड़क पर उतरते ही उसका उपयोग करें। शहर हमारा है, इसे सुरक्षित और सुंदर रखना हम सबकी जिम्मेदारी है।

# निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा शिविर का आयोजन हुआ

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** बुंदेलखंड नवनिर्माण संगठन एवं युवा जनजागृति मंच के तत्वावधान में जिला मुख्यालय से 70 कि मी बनवार ग्राम मे नेत्र शिविर का दमोह के एनके नेत्र चिकित्सालय, दमोह के वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. मयंक प्यासी एवं डॉ. बहादुर सिंह ठाकुर द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में लगभग 75 मरीजों की निःशुल्क नेत्र जांच की गई जिनमें से 15 मरीजों का चयन मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु किया गया। साथ ही डॉ. बहादुर सिंह ठाकुर द्वारा लगभग 65 मरीजों को



विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं के संबंध में परामर्श एवं उपचार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में सजल श्रीपाल, जतिन शर्मा, डॉ. योगेश पटेल तथा कुलदीप पटेल का सहयोग रहा। ग्राम बनवार में आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर ने स्थानीय ग्रामीणों को महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई। संस्था का यह प्रयास ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने में अहम भूमिका निभाता है। एनके नेत्र चिकित्सालय भविष्य में भी इस प्रकार के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करता रहेगा।

**CHANGE OF NAME**

I Hereby Publicity Notify That Previously My Name was **Bhavesh kumar Jaisinghani.** That I Have Changed My Name As **Bhavesh Jaisinghani** In Future I May Be Known or Called by this Name and Mentioned in all Documents.

**Bhavesh Jaisinghani**
**Add. 1864 Asara Apartment Amber, Vihar Prem Nagar Jabalpur, Ward 15 Madan Mahal, Jabalpur, PO: Jabalpur, DIST: Jabalpur, Madhya Pradesh - 482001**

# सांदीपनि विद्यालय को मिल रही अंतर्राष्ट्रीय पहचान

### प्रदेश में उत्तम शिक्षा एवं कौशल विकास के केन्द्र बन रहे हैं : डॉ. यादव

भोपाल (स्वतंत्र मत)।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में नई शिक्षा नीति वर्ष 2020 के अनुरूप स्कूल शिक्षा में गुणवत्ता सुधार के लिये राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है। प्रदेश के सांदीपनि विद्यालयों ने अपनी उच्च गुणवत्ता के कारण अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। सांदीपनि विद्यालयों के माध्यम से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिये जाने के साथ ही उनके कौशल विकास और उन्हें रोजगार से जोड़ने पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। राज्य में सांदीपनि विद्यालय की शुरूआत वर्ष 2022-23 शैक्षणिक सत्र से प्रारंभ हुई। इस सत्र में प्रथम चरण में प्रदेश में 274 सांदीपनि विद्यालय शुरू किये गये। इन विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों की संख्या 3 लाख से ऊपर हो गयी है। विद्यालय में केजी-वन से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान की जा रही है। वर्ष 2024-25 में कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 88 प्रतिशत और कक्षा 12वीं का





परीक्षा परिणाम 84 प्रतिशत तक रहा है। स्कूल शिक्षा विभाग ने सांदीपनि विद्यालयों में अधोसंरचना के विस्तार को प्राथमिकता दी है। राज्य में 256 सांदीपनि विद्यालय भवनों के निर्माण का कार्य प्रारंभ किया गया। विद्यालयों के भवन निर्माण एवं संसाधनों की सुविधा के लिये स्कूल शिक्षा विभाग ने लगभग 10 हजार करोड़ रूपये की कार्ययोजना तैयार की है। अब तक 44 सांदीपनि विद्यालयों के नवीन भवन बनकर तैयार हो गये हैं। इन नवीन भवनों में सांदीपनि विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है। अगले शैक्षणिक सत्र वर्ष 2026-27 में 256 विद्यालयों का भवन निर्माण पूरा कर लिया जायेगा। सांदीपनि विद्यालयों में निकटस्थ 10 से 15 किलोमीटर दूरी के विद्यार्थियों को लाने के लिये निःशुल्क परिवहन सेवा भी प्रदान की जा रही है।

### पूर्णतः सुसज्जित प्रयोगशालाएं

प्रदेश में संचालित सभी सांदीपनि विद्यालयों में पूर्णतः सुसज्जित प्रयोगशालाएं, कम्प्यूटर लेब, आर्ट एण्ड क्राफ्ट रूम, म्यूजिक रूम, आधुनिक लाइब्रेरी और खेल मैदान के साथ ऑडिटोरियम की सुविधा भी दी गई है।

### अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार

सांदीपनि विद्यालयों ने अपने कुशल संचालन से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार प्राप्त किये हैं। वर्ष 2024 में सांदीपनि बिनोवा विद्यालय रतलाम ने नवाचार श्रेणी में अंतर्राष्ट्रीय संस्था टी-4 एजुकेशन का प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। विद्यालय को पुरस्कार स्वरूप 10 हजार डॉलर राशि प्रदान की गई। इसी तरह सांदीपनि विद्यालय झाबुआ को सर्पोटिंग हेल्थी लाइफ श्रेणी में विश्व के प्रथम 10 विद्यालयों में चयनित किया जा चुका है। वर्ष 2025 में सांदीपनि विद्यालय मालव कन्या को फिक्की द्वारा एक्सीलेंस अवार्ड प्रदान किया गया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत जेवनारा**
**जनपद पंचायत नैनपुर जिला-मंडला**

कमांक/ग्रा.पं./मेला/2025/04 | नैनपुर दिनांक 30.11.2025

सर्व साधारण एवं मेला ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि ग्रामपंचायत जेवनारा के अंतर्गत ग्राम-सालीवाडा में दलदली मेला का आयोजन दिनांक-04/12/2025 से 09/12/2025 तक आयोजित किया जाना है। जिसकी नीलामी 27.11.2025 को की जानी थी परन्तु भूमि स्वामीयों द्वारा नीलामी नहीं किये जाने हेतु लिखित आवेदन ग्राम पंचायत में दिया गया जिसके कारण 27.11.2025 को होने वाली मेला नीलामी निरस्त कर ग्राम पंचायत द्वारा निर्णय लिया गया कि मेला की सम्पूर्ण जवाबदारी ग्राम पंचायत की होगी। जनपद पंचायत नैनपुर के पत्र कमांक/दिनांक- 29.11.2025 को प्राप्त पत्र के अनुसार ग्राम पंचायत जेवनारा में दिनांक-02.12.2025 को मेला की नीलामी आयोजित की जानी है। पेशा अधिनियम 1996 के अनुसार ग्राम पंचायत क्षेत्र के ठेकेदार उपस्थित होकर नीलामी में भाग ले सकते है। ग्राम पंचायत क्षेत्र से ठेकेदार उपस्थित न होने की दशा में जनपद क्षेत्र के ठेकेदार समय पर उपस्थित होकर नीलामी में भाग ले सकते है। नीलामी की शर्ते एवं नियम कार्यालयीन समय पर ग्राम पंचायत में देखा जा सकता है। नीलामी दिनांक 02.12.2025 को ग्राम पंचायत भवन जेवनारा में 11.00 बजे से की जावेगी समयावधि के पश्चात् उपस्थित ठेकेदारों को नीलामी में शामिल नहीं किया जायेगा।

दिनांक 30.11.2025

**ब्रजमोहन उइके (सरपंच)**
**ग्राम पंचायत जेवनारा**
**जनपद पंचायत नैनपुर**

**शंकरलाल उइके (सचिव)**
**ग्राम पंचायत जेवनारा**
**जनपद पंचायत नैनपुर**

# अनियंत्रित होकर पलटी यात्री बस, मची चीख पुकार

## जबलपुर से यात्रियों को लेकर डिंडौरी जा रही थी बस, ओएफके अस्पताल के पास हुआ हादसा






**जबलपुर (स्वतंत्रमत)।** जबलपुर से यात्रियों को लेकर डिंडौरी जा रही बस रविवार को दुघर्टना का शिकार हो गई। बताया जा रहा है कि डिंडौरी जा रही बस जैसे ही ओएफके अस्पताल के पास पहुंची तो तेज रफ्तार होने के कारण चालक का नियंत्रण बस से छूट गया और अनियंत्रित होकर बस गई। हादसे के दौरान यात्रियों में चीख पुकार मच गई। घटना की जानकारी लगते ही रांझी और खमरिया थाना पुलिस के साथ सीएसपी मौके पर पहुंचे और घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया। दुर्घटना में दो घायलों की हालत गंभीर होने के कारण उनको प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। खमरिया थाना पुलिस ने बस चालक के खिलाफ मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है।

**तेज रफ्तार बनी हादसे का कारण** – पुलिस अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि एक निजी कंपनी की बस क्रमांक एमपी 20 पीए 0914 शाम करीब साढ़े तीन बजे जबलपुर से डिंडोरी जाने निकली थी। जब वह ओएफके अस्पताल के पास से गुजर रही थी इस दौरान तेज रफ्तार होने के कारण चालक अपना संतुलन खो बैठा और बस आगे जाकर पलट गई। बस के पलटते ही यात्रियों में चीख पुकार मच गई। शोर सुनकर राह चलते लोगों सहित आसपास के लोग पहुंच गए, जिनकी सूचना पर पुलिस पहुंच गई और घायलों को इलाज के लिए ओएफके अस्पताल पहुंचाया। गनीमत रही की हादसे में कोई जानहानी नहीं हुई। बताया जा रहा है कि बस में सवार अधिकतर घायल कुंडम, शहपुरा, डिंडौरी व बजाग के रहने वाले है।

### इन्होंने कहा

प्राइवेट कंपनी की हरी रंग की बस एमपी 20 पीए 0914 शाम को तेज रफ्तार होने के कारण ओएफके अस्पताल के पास पलट गई थी। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घायलों को उपचार के लिए भिजवाया है। मामले की जांच की जा रही है। **सतीश साहू, सीएसपी रांझी**

# झपट्टा मार छात्रा से मोबाइल लूट ले गए लुटेरे

*जबलपुर।*

*घमापुर थानाक्षेत्र में दिनदहाड़े दो बदमाश एक छात्रा का मोबाइल लूटकर फरार हो गए। बताया जा रहा है कि पीड़ित छात्रा कोचिंग से घर लौट रही थी। इस दौरान आरोपियों ने घटना को अंजाम दे दिया। जानकारी अनुसार खलासी लाइन ओमती निवासी 16 वर्षीय छात्रा ने शिकायत में बताया कि वह अपनी सहेलियों के साथ पैदल कांचघर कोचिंग जा रही थी। रास्ते में वह अपने मोबाइल पर बात कर रही थी। जैसे ही वह गणेश ज्वेलर्स दुकान के पास पहुंची, तभी घरमर चौक की ओर से एक मोटरसाइकिल पर दो युवक मुंह पर कपड़ा बांधे हुए आए। बदमाश चलते-चलते तेज गति से उसके हाथ से मोबाइल झपटकर शीतला माई की दिशा में भाग गए। छात्रा ने तुरंत थाने पहुंचकर घटना की शिकायत दर्ज कराई। घटना पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस आरोपियों का पता लगाने सीसीटीवी कैमरों की भी जांच कर रही है।*

# कॉम्बिंग गश्त में गुण्डे-बदमाशों की हुई धरपकड़

## 242 वारंट तामील, 32 अवैध शराब कारोबारी गिरफ्तार



**जबलपुर (स्वतंत्रमत)।** जिले में अपराधों की रोकथाम और कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर शहरी एवं देहात थानाक्षेत्रों में पुलिस द्वारा कांबिंग गश्त गई गई। कांबिंग गश त के दौरान शहर और देहात के सभी थाना प्रभारी, नगर पुलिस अधीक्षक, एएसपी स्तर के अधिकारी तथा क्राइम ब्रांच की टीमें शामिल रहीं। इस दौरान पुलिस टीमों द्वारा छापामारी कर 110 गैर म्यादी वारंट, 76 गिरफ्तारी वारंट और 56 जमानती वारंट तामील किए। इनमें कई आरोपी वर्षों से फरार थे। वहीं पुलिस द्वारा अवैध शराब कारोबार पर रोक लगाने के लिए भी पुलिस ने सख्ती दिखाई। छापेमार कार्रवाई में 32 अवैध शराब कारोबारियों को गिरफ्तार किया गया। टीमों ने उनके कब्जे से 173 लीटर कच्ची शराब और 336 पाव देशी/विदेशी शराब जब्त की है। कांबिंग गश्त के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग की गई। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और मुसाफिरखाना क्षेत्र में पुलिस ने पूछताछ की। आने-जाने वालों से अलग-अलग स्थानों पर रोक कर जांच की गई।

# बदमाश ने किया पिता-पुत्री पर चाकू से हमला

**जबलपुर (स्वतंत्रमत)।** कोतवाली थानाक्षेत्र अंतर्गत सरस्वती कॉलोनी में एक आरोपी द्वारा पिता और उनकी पुत्री पर चाकू से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घटना में घायल 65 वर्षीय खूबचंद पटेल की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी अनुसार खूबचंद पटेल के घर के सामने स्थित एक खाली प्लॉट पर उन्होंने अपनी चारपहिया वाहन पार्क करने के लिए टीन सेड लगाया हुआ था। इसी बात को लेकर कई दिनों से उनका पड़ोस में रहने वाले शुभांशु उर्फ मोहित पटेल पिता पंचम लाल पटेल के साथ विवाद चल रहा था। दोपहर करीब 3 बजे मोहित पटेल, खूबचंद पटेल के घर पहुंचा और टीन सेड को तत्काल हटाने की बात कहने लगा। खूबचंद पटेल द्वारा यह आश्वासन देने के बावजूद कि वे टीन सेड हटाने को तैयार हैं और इस प्लॉट से उनका कोई संबंध नहीं है। इस दौरान उनके बीच विवाद बढ़ने लगा तभी मोहित पटेल ने चाकू निकाल लिया और खूबचंद पटेल पर हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचीं उनकी दोनों बेटियों में से एक को भी आरोपी ने चाकू मारकर घायल कर दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया,जहां खूबचंद पटेल की स्थिति गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु कर दी है।




# निगमायुक्त की सतत् निगरानी

***जबलपुर।** निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने शहर में चल रहे महत्वपूर्ण एसआईआर कार्यों की प्रगति को लेकर अपनी सतत् निगरानी बनाए रखी है। इसी क्रम में उन्होंने आज भानतलैया स्थित कार्यालय का औचक निरीक्षण किया, जहां एसआईआर से संबंधित डाटा संग्रहण और पुनरीक्षण का कार्य प्रगति पर है।*










हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी। ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2023-25, **RNI No. 64561/96.**